आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.06
सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी 07:46 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 29 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 123, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम
- 12



बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय
- 12



इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला
- 13



चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे
- 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों उड़ी-उड़ी सी है नींद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## रेमंड ग्रुप के फाउंडर विजयपत सिंघानिया का 87 की उम्र में निधन



मुंबई। रेमंड समूह के पूर्व अध्यक्ष और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. विजयपत कैलाशपत सिंघानिया का शनिवार देर शाम मुंबई में निधन हो गया है। वह 87 वर्ष के थे। सिंघानिया के बेटे और रेमंड ग्रुप के वर्तमान चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने भी सोशल मीडिया पर यह खबर साझा की। विजयपत सिंघानिया ने साल 2000 तक लगभग दो दशकों तक रेमंड के चेयरमैन के तौर पर कंपनी का नेतृत्व किया। इसके बाद उन्होंने कंपनी की बागडोर गौतम सिंघानिया को सौंप दी। उन्होंने कंपनी में अपनी पूरी 37 फीसदी हिस्सेदारी भी अपने बेटे के नाम कर दी थी। बाद में विजयपत सिंघानिया और गौतम सिंघानिया के बीच कानूनी विवाद भी हुए, जो बाद में सुलझा लिए गए।

# विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक है नोएडा एयरपोर्ट

### जेवर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन अवसर पर बोले प्रधानमंत्री | कार्गो टर्मिनल का किया लोकार्पण, 40 एकड़ में बनने वाली एमआरओ सुविधा का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण व 40 एकड़ में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने इसे 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नई उड़ान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेवर स्थित यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिम यूपी के जिलों के विकास को नई गति देगा। इससे किसानों, लघु उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने किसानों के योगदान को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि उनकी जमीन के सहयोग से यह परियोजना साकार हो पाई है, जिससे कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कहा, उप्र देश का प्रमुख एविएशन हब बन रहा है। एयरपोर्ट नेटवर्क के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।



नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी।

### मोदी बोले- कार्गो हब और कनेक्टिविटी से बढ़ेगा निर्यात

पीएम मोदी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित किया गया है। जहां सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का बेहतर समन्वय होगा। एयरपोर्ट का कार्गो हब शुरुआती चरण में 2 .5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

### एमआरओ सुविधा से आत्मनिर्भर बनेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश के अधिकांश विमान मेंटेनेंस के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी खर्च होता है। जेवर में बनने वाली एमआरओ सुविधा इस स्थिति को बदलेगी और भारत को एविएशन सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### देशवासियों के भरोसे हम पश्चिम एशिया संकट का कर रहे मुकाबला : मोदी

पीएम मोदी ने कहा पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है, भारत इस संकट का पूरी शक्ति से सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कई देशों में खाने-पीने के सामान, डीजल और खाद का संकट उत्पन्न हुआ है। लेकिन भारत अपनी जनता की ताकत के भरोसे इसे पूरी शक्ति से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस प्रभावित देशों से मंगाता है। सरकार हर संभव कदम उठा रही है ताकि आम परिवारों और किसानों पर इसका बोझ न पड़े। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे धैर्य और एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करें।

### हवाई अड्डे का नया प्रतीक चिह्न बना 'सारस'

नोएडा। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अपनी ब्रांड पहचान के लिए सारस-प्रेरित नया प्रतीक चिह्न अपनाया है, जो उप्र की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक, सतत विकास की सोच को दर्शाता है। प्रदेश के राजकीय पक्षी 'सारस' को प्रतीक चिह्न में शामिल कर इसे विशिष्ट और वैश्विक स्तर पर प्रभावी पहचान देने का प्रयास किया है।

### हर दो मिनट में उड़ान की क्षमता

प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जहां भविष्य में हर दो मिनट में एक विमान के उड़ान भरने की क्षमता विकसित की जा रही है। यह पूरे उत्तर भारत को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

## यूपी के उज्ज्वल भविष्य का लांचपैड बनेगा हवाईअड्डा

- मुख्यमंत्री बोले-निवेश, रोजगार व कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का 'लांचपैड' बताया। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य की अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार को नई ऊंचाई देगा।

सीएम योगी ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन मानचित्र पर स्थापित करेगी। आगामी वर्षों में पांच रनवे के साथ यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बनाएगा।

यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और हाईस्पीड रेल जैसे नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान करेगा। इससे निवेश, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई केंद्रीय व राज्यमंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### एक्साइज ड्यूटी कटौती पर जताया आभार

मुख्यमंत्री योगी ने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अमेरिका जैसे विकसित देश में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे रहे हैं, लेकिन भारत में दाम नियंत्रित है। इनकी आपूर्ति सुगम बनाई गई है।

### किसानों के योगदान को सराहा

मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों का आभार जताया और कहा कि किसानों ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 13 हजार एकड़ जमीन दिया। किसानों ने पूरी प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान दिया, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास के कार्यक्रम को बढ़ाया। उन्हें समयबद्ध मुआवजा व पुनर्वास के साथ जोड़ा गया।

## नेपाल में पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

काठमांडू, एजेंसी



- जेन जेड के विरोध-प्रदर्शनों पर कार्रवाई के सिलसिले में की गई कार्रवाई

नेपाल में पिछले साल सितंबर में हुए 'जेन जेड' विरोध-प्रदर्शनों की जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने के नवगठित सरकार के फैसले के एक दिन बाद शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई नवगठित मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने का फैसला किया गया था।

पुलिस ने बताया कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को शनिवार तड़के काठमांडू से 12 किलोमीटर पूर्व भक्तपुर जिले के गुंडू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूर्व गृह मंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के नेता रमेश लेखक को भी भक्तपुर जिले की सूर्यविनायक नगरपालिका के कटुंजे स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया है। ओली और लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए 'जेन जेड' आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस आंदोलन में कई युवाओं सहित 76 लोग मारे गए थे।

### 10 साल तक की सजा की सिफारिश

गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने ओली की गिरफ्तारी के बाद एक पोस्ट में लिखा, कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अब देश को एक नई दिशा मिलेगी। ओली और लेखक को भद्रकाली स्थित काठमांडू जिला पुलिस सर्किल में हिरासत में रखा गया है। जांच आयोग ने इस अपराध के लिए तीन से 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश की है।

## हत्या के दोषी पिता और तीन बेटों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 13 दिसंबर 2015 में रात 10 बजे घर पर जाकर गाली-गलौज करके मारी थी गोली

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने के आरोपी पिता व तीन पुत्रों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने दोषी पाया है। चारों दोषियों को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा अलापुर निवासी राम चरन ने 13 दिसंबर 2015 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनका बेटा वीरपाल घर पर था। रात लगभग 10 बजे अलापुर क्षेत्र के गांव नवादा निवासी नेत्रपाल और उसके बेटे सुनील, संजीव और शेर सिंह बंदूक और तमंचा लेकर आ गए। पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। कहा कि तेरा शेर कहां है आज जान से मारना है। उनका एक बेटा वीरपाल तुरंत छत पर गया। राम चरन और उनका बेटा देव सिंह और ओमकार गेट पर पहुंचे। इसी दौरान सुनील ने असलहा से वीरपाल को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी फायर करके भाग निकले। गेट पर रोशनी की वजह से उन्हें अच्छी तरह से पहचान लिया था। तहरीर में बताया कि उस दौरान बेटे का शव घर पर पड़ा है। पुलिस ने मौका मुआयना किया। गवाहों के बयान दर्ज किए थे। आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट में नेत्रपाल पुत्र डल्लू और उसके तीन बेटे सुनील, संजीव, शेर सिंह पर घर में घुसकर वीरपाल की हत्या करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद चारों आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई है।






सुप्रीम आदेश | रेप पीड़िताओं के नाम उजागर करने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज, सभी हाईकोर्ट को निर्देश जारी

## आदेशों में दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान न हो उजागर

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोई भी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता



उच्चतम न्यायालय ने रेप मामले में एक लड़की की पहचान उजागर किए जाने की कड़ी भर्त्सना की है और सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि अदालत के आदेशों में पीड़िताओं और उनके परिवार के सदस्यों के नाम का उल्लेख न हो।

शीर्ष अदालत ने 2018 में 'निपुण सक्सेना' मामले में अपने फैसले में कहा था, कोई भी व्यक्ति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता और न ही किसी भी रूप में ऐसे तथ्य उजागर कर सकता है जिससे पीड़िता की पहचान सामने आए या आम जनता को उसकी पहचान पता चल सके। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस फैसले का पालन न होने के पीछे अदालतों की सामान्य उदासीनता और संभवता ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया। शीर्ष अदालत ने कहा कि विधायिका ने 1983 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एक प्रावधान जोड़ा था, जिसका उद्देश्य धारा 376 के तहत अपराध की पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखना था। इसने कहा कि यह संशोधन मुख्य रूप से उस गंभीर समस्या से निपटने के लिए किया गया था, जो यौन अपराध के मामलों के निपटारे के तरीके से स्पष्ट रूप से सामने आई थी, खासकर पीड़िता की पहचान का सार्वजनिक खुलासा करने जैसी समस्या। इसलिए पीठ ने निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजी जाए।

### पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया

शीर्ष अदालत ने कहा कि 1983 से पहले, महिला यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम या विवरण प्रकाशित करने पर कोई कानूनी रोक नहीं थी, और अदालत की रिपोर्टिंग एवं मीडिया कवरेज से पीड़िताओं को सामाजिक कलंक एवं बहिष्कार का दंश झेलने के साथ आजीवन प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता था। पीठ ने कहा, स्पष्ट रूप से, इन कार्यवाहियों में इस धारा के उद्देश्य को नजरअंदाज किया गया है। पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया है और पूरे रिकॉर्ड में स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग किया गया है। इसकी कड़ी भर्त्सना होनी चाहिए। वास्तव में, इस अदालत ने पहले भी देखा है कि इस प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी फीस को लेकर जताई नाराजगी

तिलहर, अमृत विचार : नगर के एलबीजेपी कॉलेज में एनसीसी छात्रों से प्रवेश पत्र देने के नाम पर पांच हजार रुपये लिए जाने की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक हर्षिल ठाकुर ने साथियों के साथ पहुंचकर प्रधानाचार्य से नाराजगी जताई। विभाग संयोजक ने प्रिंसिपल बृजपाल सिंह से वार्ता कर एनसीसी छात्रों को प्रवेश पत्र वितरण में आ रही दिक्कत के बारे में जानकारी मांगी। इस दौरान प्रिंसिपल ने बताया कि एनसीसी का कोर्स प्राइवेट सोर्स से संचालित है, जिसके चलते उसकी निर्धारित फीस का बकाया छात्रों से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों से कोई अवैध फीस नहीं ली जा रही है, केवल तय शुल्क ही जमा कराया जा रहा है। इस पर विभाग संयोजक हर्षिल ठाकुर ने कहा कि किसी भी हालत में छात्र-छात्राओं का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कूड़ा डालने से रोकने पर ग्रामीण को पीटा

तिलहर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंगरी पिंगरा में घर के सामने कूड़ा डालने से मना करने पर एक ग्रामीण को पीटकर घायल कर दिया गया। गांव निवासी राम लखन ने बताया कि शुक्रवार की शाम उसके घर के सामने अमरपाल की पत्नी सोनी कूड़ा डाल रही थी, जिस पर उसने विरोध किया। आरोप है कि इसी बात से गुस्साए अमरपाल और वंश पाल ने उसे लाठी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने राम लखन को डॉक्टरी के लिए भेज दिया है।

### नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : निर्वाण होम्योपैथिक क्लीनिक सुभाष नगर तिराहा, ईदगाह रोड पर रविवार, 29 मार्च को सुबह 9 बजे से 2 बजे तक निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा कैम्प लगाया जाएगा। जिसमें वरिष्ठ होम्योपैथ डा अमिता गौतम रोगियों का निशुल्क चेकअप कर परामर्श देंगी। यह जानकारी फैजान हुसैन इदरीसी ने दी है।

### झोपड़ी में लगी आग सामान जलकर राख

बंडा, अमृत विचार : उगनापुर गांव में रामवती ने बताया कि शनिवार दोपहर वह और परिवार के लोग घर के अंदर थे, तभी अचानक घर के बाहर पड़ी झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में रखा सामान जल गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# जांच हुई तो कई अफसरों की फंसेगी गर्दन

## शहीद प्रतिमाओं पर बुलडोजर चलाने का मामला, सपा सांसद के सदन में मुद्दा उठाने के बाद से हलचल तेज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- टेंडर से लेकर जेसीबी देने वाले तक आएंगे लपेटे में

अमृत विचार : शहीद प्रतिमाओं को बुलडोजर से गिराए जाने के मामले में अब जांच की आंच कई अधिकारियों तक पहुंचने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि अगर निष्पक्ष जांच हुई तो कई अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो सकती है। प्रकरण में टेंडर प्रक्रिया से लेकर जेसीबी उपलब्ध कराने तक जुड़े लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है।

चर्चा है कि अधिकारियों ने शहीद स्थल के सुंदरीकरण को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते शहीद प्रतिमाओं पर बुलडोजर चला दिया गया। अगर अधिकारियों ने टेंडर देते समय सही शर्तें लगाई होती तो देश को झकझोरने वाली शहीदों के अपमान की यह घटना नहीं होती। मामले को लेकर सपा सांसद की ओर से सदन में मुद्दा उठाए जाने के बाद से प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। अब माना जा रहा है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई गई तो इस प्रकरण में कई अधिकारियों की गर्दन फंस सकती है।

सपा सांसद आनंद भदौरिया ने सदन में प्रतिमाएं तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को ऐसी सजा दी जाए जिससे वे आजीवन जेल में रहें। उन्होंने कई जिलों में प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़े जाने का मुद्दा उठाते हुए सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। सदन में बोलते हुए सपा सांसद आनंद भदौरिया ने शहीदों से जुड़ी एक शायरी का जिक्र किया और



सदन में मामले को उठाते सपा सांसद आनंद भदौरिया।

आरोप लगाया कि पूरे उत्तर प्रदेश में शहीदों, महापुरुषों और संतों का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी मूर्तियों को खंडित किया जा रहा है या बुलडोजर से गिराया जा रहा है। सांसद ने शाहजहांपुर में शहीद अशफाक उल्ला खां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को रात के अंधेरे में बुलडोजर से गिराने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी कहा कि वाराणसी में कुछ समय पहले माता अहिल्याबाई की मूर्ति को भी बुलडोजर से गिराया गया था और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किया जाता है। सपा सांसद ने कहा कि सत्ता संरक्षित असामाजिक तत्व इस तरह की घटनाएं कर रहे हैं, जिन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि दोषियों को आजीवन कारावास दिया जाए।

### ये था पूरा मामला

दरअसल, यह घटना 22 मार्च की रात की है, जब फ्लाई इंफाटेक फर्म की ओर से गांधी भवन के सामने सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से गिरा दिया गया था। प्रतिमाएं तोड़ने के वीडियो और फोटो सामने आने के बाद मामला शासन तक पहुंच गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए और उसी स्थान पर प्रतिमाओं को दोबारा स्थापित करने के आदेश दिए थे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी इस मामले में सरकार पर टिप्पणी की थी। मुख्यमंत्री के संज्ञान लेने के बाद 24 घंटे के अंदर शहीदों की प्रतिमाओं को उसी स्थान पर फिर से स्थापित कर दिया गया। इस मामले में शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाएं तोड़ने वाली फर्म पर एफआईआर दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है। इसके अलावा संबंधित जेई और एई को निलंबित भी किया गया था। अब मामला संसद में उठने के बाद तमाम अधिकारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

# परचम कुशाई के साथ पांच रोजा उर्स-ए-कलीमी का आगाज

संवाददाता मीरानपुर कटरा / शाहजहांपुर

- देश के पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न प्रांतों से जायरीन का आगमन जारी

अमृत विचार : शनिवार को खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में पांच रोजा सालाना उर्स-ए-कलीमी का परचम कुशाई के साथ आगाज हो गया। देश के विभिन्न प्रांतों से जायरीन का मीरानपुर कटरा में आगमन जारी है।

सज्जादानशीन सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती में उर्स प्रभारी डा सैयद असद अहमद कलीमी की सदारत में सुबह कुरआन ख्वानी के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इस दौरान नात व मनकबत का नजराना पेश किया गया। परचम कुशाई के दौरान दुरूद व सलाम व फातेहा ख्वानी हुई। देश भर से आये जायरीन ने अकीदत व अदब व एहतराम के साथ रस्मे परचम कुशाई में हिस्सा लिया। सज्जादानशीन सैयद मसऊद अहमद कलीमी ने मुल्क की खुशहाली व तरक्की व अमन व अमान की दुआ की। ज़ायरीन के आने का लगातार सिलसिला जारी है। जायरीन के लिए दिन भर लंगर जारी रहा। ज़ायरीन ने हजरत ख्वाजा मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियां व मसरूरे मिल्लत ताजुल उरफा हजरत सैयद मसरूर अहमद कलीमी के मजारात पर अकीदत के साथ गुलपोशी व चादर पोशी कर फ़ातेहा ख्वानी की और दुआयें मांगी। देर शाम महफिले समा में मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किया। उर्स में सैयद मुजीब मियां, सैयद सुहेब अहमद, आरिश खां, याकूब अंसारी, मिर्जा तौहीद बेग, शरीफ़ अहमद अंसारी, एजाज बालिया, शालू कलीमी, रईस अहमद अंसारी, नाजिम खान, इम्तियाज, सुहेल खान, इकबाल खां, शकील मंसूरी, वली उल्ला, गुडडू मिस्त्री, शाहिद अली, असलम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# चांदपुर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ



चांदपुर में निकली गई कलश यात्रा। ● अमृत विचार

खुटार, अमृत विचार : ग्राम चांदपुर में श्री शिवा-महेश्वरनाथ धाम पर शनिवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा गोमती जी से पवित्र जल लेने के लिए सुनासीर नाथ धाम के लिए निकली। कलश यात्रा क्षेत्र में धार्मिक माहौल के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आयोजन को भक्तिमय बना दिया।

आयोजकों के अनुसार यह पावन कथा 29 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। 29 मार्च को वेदी पूजन तथा 30 मार्च को अग्नि प्रवेश कार्यक्रम संपन्न होगा। जबकि 07 अप्रैल को भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन हरदोई के पाली से प्रसिद्ध कथा व्यास अनिल दीक्षित दीवाना जी महाराज एवं राजकिशोर दीक्षित जी महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है। इस आयोजन का संचालन श्री रामचरितमानस पाठ समिति चांदपुर, खुटार द्वारा किया जा रहा है। कलश यात्रा में रामगोपाल शुक्ला मुख्य यज्ञमान, हरिप्रसाद दीक्षित, रामकिशोर अवस्थी, सुरेश त्रिवेदी, कन्हैया लाल, मुकेश शुक्ला, राम प्रकाश, राम हरीश, सुधीर त्रिवेदी, केशव त्रिवेदी, रोहित शुक्ला, गौरीशंकर दीक्षित, निखिल त्रिवेदी शिवांक, मालती त्रिवेदी, संध्या देवी, कल्पना एवं रीना देवी सहित तमाम भक्तगढ़ कलश यात्रा में मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

खुटार, अमृत विचार : कस्बे के गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण उत्सव के रूप में मनाया गया। इसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। परीक्षा फल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और स्कूल में खुशी का माहौल रहा।

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरदेव सिंह सिद्धू ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक नवदीप सिंह सिद्धू ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार साहू और उपप्रधानाचार्य ममता राजपूत ने छात्रों की प्रगति और उपलब्धियों पर विशेष ध्यान दिया। समारोह के समापन अवसर पर प्रबंधक हरदेव सिंह सिद्धू ने छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

# मऊ खालसा में हजरत सैयद दादा मियां के कुल में उमड़े जायरीन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : मऊ खालसा में शनिवार को हजरत सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय सालाना उर्स अकीदत व मोहब्बत से मनाया गया। इस दौरान अकीदतमंदों ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी की।

खादिम नसीर मियां की निगरानी में सुबह 10 बजे कुल शरीफ का आगाज हाफिज मोहम्मद अहसान रजा ने कुरआन की तिलावत से किया। जायरीन से खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद नेहाल रजा ने कहा कि औलिया की मजार पर अदब-ओ-एहतराम से हाजिरी देना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने घरों में दीनी माहौल बनाने और अपने बच्चों को इल्म-ए-दीन सिखाने पर ज़ोर दिया। इस दौरान इमरान बरकाती ने नातिया कलाम पेश किया। इसके बाद कुरआन की आयतें पढ़कर मौलाना मोहम्मद नेहाल रजा ने मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ की।



शनिवार को मऊ खालसा में हजरत सैयद दादा मियां के कुल शरीफ में मुल्क की सलामती की दुआ करते मौलाना नेहाल रजा। ● अमृत विचार

- परिमऊ खालसा में तीन दिवसीय सालाना उर्स का समापन
- उलेमा ने दिया बच्चों को इल्म ए दीन सिखाने पर जोर

जायरीन ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी कर मुरादें मांगी। लोगों में लंगर बांटा गया।

इस मौके पर मौलाना जीशान रजा, हाफिज मोहम्मद बिलाल, हाफिज अजहर खां, प्रधान मंगल, मुस्तकीम, मोहम्मद जुहैब, मोहम्मद सुल्तान, फैसल खां, रईस खां, अनस खां, मोहम्मद तकी खां, जुनैद खां, अजीम खां, हाशिम खां, अदनान, बबलू खां, सलमान खां, मुजम्मिल, आरिफ, चांद बाबू, मोईज, आमिर, साबिर, फुरकान खां आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे। उर्स के दौरान लगे मेले में महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने झूलों और हलवा पराठा, टिक्की, बताशे का आनंद लिया। वहीं, बीती रात महफिल-ए-समा में कव्वाल सहीम नियाज़ी व स्थानीय कव्वालों ने सूफियाना कलाम सुनाकर जायरीन को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# टीम ने की मकान-शोरूम की नाप जोख

संवाददाता मीरानपुर कटरा

अमृत विचार : स्मैक तस्कर रियाज अहमद उर्फ बाबू का एक दिन पहले फ्रीज किए गए मकान व शोरूम की राजस्व टीम ने नाप जोख की। मकान और कमर्शियल बिल्डिंग तालाब या सरकारी भूमि पर कब्जा करके तो नहीं बने हैं। इन बिंदुओं पर भी जांच की गई।

स्मैक तस्कर समेत उसके करीबियों की 80 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति एक दिन पूर्व मुजफ्फरनगर और शाहजहांपुर पुलिस ने फ्रीज की थी। भारी पुलिस बल के साथ शाहजहांपुर रोड स्थित मोटर पार्टस शोरूम, खुदागंज रोड स्थित बिल्डिंग मटेरियल शोरूम, मोहल्ला आतिशबाजान स्थित दो मकान और एक प्लाट समेत कृषि



स्मैक तस्कर रियाज अहमद के मकान और शोरूम की नाप जोख करती राजस्व टीम।

- स्मैक तस्कर समेत करीबियों की 80 करोड़ की प्रापर्टी की थी फ्रीज

भूमि और जैतीपुर क्षेत्र स्थित ईट भट्ठा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत फ्रीज किए गए थे।

शनिवार को सर्किल के थानों की पुलिस के साथ तहसीलदार दीपेन्द्र कुमार और राजस्व टीम पहुंची। मोहल्ला आतिशबाजान में दोनों मकान, खुदागंज रोड स्थित बिल्डिंग मटेरियल शोरूम और शाहजहांपुर रोड स्थित मोटर पार्ट्स शोरूम के आसपास सरकारी सड़क और सार्वजनिक तालाब की पैमाइश की। करीब दो घंटे तक राजस्व अभिलेखों की पड़ताल और भूमि की नाप जोख में लेखपालों और राजस्व निरीक्षक की टीम जुटी रही। नापजोख की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी। पैमाइश के दौरान तमाशबीनों की भीड़ लगी रही।

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए चौपाल आयोजित

संवाददाता, पुवायां

- जेवा में आयोजन, मेधावी छात्र और शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

अमृत विचार : न्याय पंचायत जेवा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवा में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ उपजिलाधिकारी पुवायां चित्रा निर्वाल ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया।

चौपाल में बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई की गुणवत्ता, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता और डिजिटल शिक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा चौपाल जैसे प्रयास शिक्षा को मजबूत करने में सहायक हैं। कार्यक्रम में विद्यालय का परीक्षाफल भी घोषित किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शंभू सिंह, प्रणवीर क्रांति, देवेंद्र यादव, अजीब, सतेंद्र, रजनी झा, शुभांगी, प्रीति, विपुल आदि मौजूद रहे।

# दहेज न मिलने पर विवाहिता को पीटा एफआईआर दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कांट थाना क्षेत्र के गांव मरैहया निवासी मुस्कान ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि दो साल पहले उसकी शादी मोहम्मद नईम निवासी फरुख पुर थाना फरीदपुर जिला बरेली के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था।

दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों कहा कि बुलेट मोटरसाइकिल मंगा कर दो। उसने ससुराल वालों को मना कर दिया कि मायके वाले कुछ नहीं दे पाएगे। इस बात से ससुराल वाले उसे मारने पीटने लगे। आरोप है कि पिछले साल ससुराल वालों ने मारा पीटा और वाहन से कांट अड्डे पर छोड़कर चले गए। वह मायके में रह रही है और पति विदा कराने के लिए नहीं आ रहे है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पति समेत एक दर्जन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# गन्ना शोध संस्थान का किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : विज्ञान लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के कक्षा-9 से 12 तक के 100 मेधावी विद्यार्थियों को शनिवार को उप्र गन्ना शोध संस्थान में भ्रमण कार्यक्रम एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम कराया गया। भ्रमण एवं व्याख्यान कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 100 मेधावी छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम में उप्र गन्ना शोध परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सुजीत प्रताप सिंह, एक्सटेंशन आफिसर डॉ संजीव कुमार पाठक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अर्चना ने छात्र/छात्राओं को व्याख्यान दिए। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन एवं भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दीं। व्याख्यान कार्यक्रम के उपरान्त गन्ना शोध संस्थान के वैज्ञानिकों ने छात्र/



शनिवार को गन्ना शोध संस्थान में भ्रमण के दौरान व्याख्यान में शामिल छात्राएं।

- वैज्ञानिकों ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रयोगशालाओं में होने वाले शोध से कराया अवगत

छात्राओं को विभिन्न प्रयोगशालाओं में भ्रमण एवं वहां होने वाले शोध से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान छात्र/छात्राओं ने डीएनए लैब, पादप रोग, प्रसार अनुभाग, पादप प्रजनन, ऊतक संवर्द्धन आदि लैबों को देखा। जिस पर छात्र/छात्राओं ने अपनी जिज्ञासों को वैज्ञानिकों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा वैज्ञानिकों ने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया।डीआईओएस ने बताया कि प्रदेश में दिन-प्रतिदिन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ते शोध एवं विकास, प्रोत्साहन और उपयोग आदि अनेक गतिविधियों के माध्यम से स्कूल विद्यार्थियों को जोड़ने एवं विद्यार्थियों के दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सोच, कार्य व्यवहार को बढावा देने, विद्यार्थियों के मस्तिष्क में उत्पन्न होने वाले कौतूहल प्रश्नों एवं प्रयोगों का समाधान करने के उद्देश्य से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देश पर भ्रमण एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा अभियान के समन्वयक राजन प्रजापति का सहयोग रहा।

# तमंचा तानकर दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खलीलगर्बी निवासी राजाराम ने थाना सदर बाजार पर दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की रात पौने 10 बजे वह अपने घर पर बैठा था। मोहल्ला आनंदपुरम कालोनी का एक युवक उसके दरवाजे पर आया और घर के अंदर घुस गया।

आरोप है कि उसने उसके ऊपर तमंचा तान दिया और पूछा कि तुम्हारा लड़का कहां है। उन्होंने आरोपी से पूछा कि क्या बात है। आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी नीलमणि को पकड़ लिया। पुलिस की डायल 112 को काल किया। पुलिस आरोपी को तमंचा समेत पकड़कर थाना पर ले गयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## न्यूज डायरी



### इंटर कॉलेज में हुई जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिला खेल कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता शनिवार को सेंट पॉल इंटर कॉलेज में हुई। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि सेंट पॉल स्कूल के प्रबंधक फादर विजय टेलिस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने प्रतिभाग किया। असमें बालक वर्ग में सेंट पॉल इंटर कालेज, तक्षशिला स्कूल, कर्नल एकेडमी और हथौड़ा क्लब ने जबकि बालिका वर्ग में संगम आर्यन पब्लिक शिक्षा निकेतन महाऊ दुर्ग और हथौड़ा क्लब की टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में कर्नल एकेडमी टीम विजेता तथा तक्षशिला पब्लिक स्कूल की टीम उप विजेता रही। वहीं, बालिका वर्ग में संगम आर्यन पब्लिक शिक्षा निकेतन महाऊ दुर्ग विजेता तथा हथौड़ा क्लब की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर बसंत दीक्षित, शरण श्रीवास्तव, राहुल यादव, रहमानी खान, पंकज सक्सेना, निशांत चौधरी, शकील अहमद, अजय पाल वर्मा, इरफान खान आदि मौजूद रहे।



### वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित मेधावी छात्रों का किया सम्मान

शाहजहांपुर, अमृत विचार : ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल अहमदपुर रेती में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्साह और गरिमा के साथ घोषित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह का मुख्य अतिथि कटरा विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। परीक्षा में आइजा फातिमा और कृष्णा, दानियाल हसन खां और अन्या, देवव्रत दीक्षित, माहिरा नूर, मो. अकदस खान, एकांश सिंह, अभय कुमार, जैनब मोहसिन, महद खान और हिबा इमान, मायरा आसिफ, अस्मारा और दिव्या शुक्ला, शुभ शुक्ला, अरमान आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आसिफ अली खां, डायरेक्टर तारिक कमाल खान, डायरेक्टर खावर खान, प्रधानाचार्या शशि गुप्ता सना सज्जाद, उपप्रधानाचार्य रंजीता शर्मा, शेफर कमाल खान सहित प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



### 51 कन्याओं का पूजन कर दिया नारी सम्मान का संदेश

शाहजहांपुर, अमृत विचार : संकल्प जन सेवा संस्था की ओर से जलालाबाद में 51 कन्याओं का पूजन एवं भव्य भोज कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी सम्मान और सेवा भाव को समाज में बढ़ावा देना रहा। इस दौरान कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें आदरपूर्वक भोजन कराया गया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक रमन गुप्ता, अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, जलालाबाद अध्यक्ष शिवानी गुप्ता, उपाध्यक्ष शिखा गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा गुप्ता और विशेष सलाहकार संगीता यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ाते हैं और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में संस्था ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और सेवा कार्य लगातार करने का संकल्प लिया।



### इंटर कॉलेज में ताइक्वांडो नि:शुल्क प्रशिक्षण शुरू

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में एबी रिच इंटर कॉलेज में शनिवार को ताइक्वांडो प्रशिक्षण कक्षाओं का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मिहिर फिलिप्स ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। ताइक्वांडो जैसी विधाएं न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाती हैं, बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाती हैं। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि वर्तमान समय में हर व्यक्ति के लिए आत्मरक्षा सीखना जरूरी हो गया है। उन्होंने बताया कि मिशन स्कूल में प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6 :30 बजे तक प्रशिक्षण कक्षाएं संचालित की जाएंगी। ताइक्वांडो कोच युवराज रस्तोगी के साथ-साथ निशा, अलकमा, खुशबू, किरन, अवंतिका, सैफ आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज खुलेगा एआरटीओ कार्यालय

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : उप्र परिवहन आयुक्त ने बरेली परिक्षेत्र बरेली ने आदेश दिए है कि 29 मार्च को रविवार को सार्वजनिक अवकाश पर बकाया वसूली एवं प्रवर्तन कार्यवाही के लिए एआरटीओ कार्यालय खुलेगा। कर्मचारी बैठकर कार्य सुनिश्चित करेंगे। एआरटीओ प्रवर्तन और कर अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि माह के शेष दिनों में राजस्व प्राप्ति के लिए बकाया कर वाहनों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्रवाई करें।

### सीड एंड पेस्टिसाइड एसो. की बैठक आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सीड एंड पेस्टिसाइड एसोसिएशन को पुन: प्रारंभ किए जाने के क्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को शाम 03 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित की जाएगी। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने बताया कि बैठक में एसोसिएशन के पुन: संचालन, नए पदाधिकारियों के चयन तथा अन्य आवश्यक और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन की ओर से सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की गई है।

### ग्रीन फील्ड ने दिखाए बरेली-दिल्ली उड़ान के सपने

**बरेली, अमृत विचार** : नोएडा के ग्रीनफील्ड जेवर एयरपोर्ट के संचालन से बरेली की भी उम्मीद जगी हैं। माना जा रहा है कि जेवर के ग्रीन फील्ड एयरफोर्ट का उद्घाटन होने के बाद दिल्ली पर दबाव कम होगा। इससे इंडिगो की बरेली-दिल्ली फ्लाइट को स्लॉट मिलने की उम्मीद जगी है। अफसरों के मुताबिक, करीब डेढ़ साल से नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का दबाव अधिक होने की वजह से बरेली को स्लॉट नहीं मिल रहा है। बरेली बरेली-दिल्ली फ्लाइट का संचालन शुरू कराने के लिए इंडिगो एयरलाइंस कई बार नई दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी से संपर्क कर चुकी है, लेकिन स्लॉट नहीं मिलने की वजह से निराशा मिली। जबकि बरेली से दिल्ली फ्लाइट के लिए एयर ट्रैफिक की कोई कमी नहीं है। 2024 में एलाइंस एयरलाइंस ने बरेली-दिल्ली उड़ान बंद कर दी थी। इससे प्रतिदिन बरेली-दिल्ली आने-जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को झटका लगा था। एलाइंस एयरलाइंस ने बरेली-दिल्ली-लखनऊ के लिए फ्लाइट संचालन का खाका तैयार किया।

# सरसों के खेत में मिला महिला का सिर

## सेहरामऊ दक्षिणी के बरेंग गांव में फोरेंसिक टीम ने एकत्र किए साक्ष्य

- जांच में पूर्व प्रधान की पत्नी का सिर होने की जताई गई आशंका

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

**अमृत विचार** : बरेंग गांव में सेवाराम के खेत में सरसों की फसल में मांस विहीन सिर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने सिर के साथ मिली अन्य हड्डियों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। कटे सिर का कंकाल मिलने से हत्या की आशंका जताई। पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि सिर पूर्व प्रधान की पत्नी का बताया गया है। प्रथम दृष्टया पुलिस हत्या का मामला मानकर गुत्थी सुलझाने में जुटी है।

गांव निवासी सेवाराम के बेटे वीरपाल अपने भाई श्रीपाल के साथ शनिवार सुबह खेत में सरसों की फसल काट रहे थे। आधी फसल कटने के बाद उन्हें मांस विहीन सिर, महिलाओं जैसे बाल, चूड़ी, ब्लाउज और क्लेचर पड़े मिले। इसके बाद दोनों ने गांव वालों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच शुरू कराई। पुलिस ने बताया कि मौके पर जांच की गई। पूछताछ में कपड़ों से जानकारी में आया कि कंकाल पूर्व प्रधान की पत्नी का है। जिसे कोई 31 जनवरी को बहला फुसलाकर ले गया था। इसकी रिपोर्ट दर्ज है। कंकाल के दांतों की बनावट और ब्लाउज से कंकाल पूर्व प्रधान की पत्नी का बताया गया। पुलिस ने संदिग्ध से पूछताछ भी की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने दलील दी कि वह दिल का मरीज है। हाल ही में उसके दिन में वाल्व डाले गए हैं। ज्यादा प्रेशर वह सहन नहीं कर पाएगा। हालांकि पूर्व प्रधान की पत्नी 31 जनवरी के बाद से लापता है। उसका कुछ पता नहीं चला है। ऐसे में यह सिर का कंकाल पूर्व प्रधान की पत्नी का होने की पूरी आशंका है। दूसरी ओर पुलिस ने मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है ताकि सच सामने आ सके।



सरसों के खेत में जांच करती पुलिस और जुटी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

> पुलिस मामले की जांच कर रही है। हड्डियों का पोस्टमार्टम कराने के साथ-साथ डीएनए जांच भी कराई जाएगी। पुलिस सच तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।
>
> – उमेश कुमार मिश्र, एसओ

### प्रथम दृष्ट्या हत्या मान रही पुलिस

मामले को पुलिस प्रथम दृष्ट्या हत्या मानकर जांच कर रही है। क्योंकि महिला का सिर्फ सिर खेत में फेंका गया। धड़ कहां है कुछ पता नहीं है। माना जा रहा है कि ऐसा सिर्फ पहचान छिपाने के लिए किया गया होगा। महिला का सिर कहीं और धड़ दूसरे स्थान पर फेंका गया होगा ताकि पहचान न हो सके और कातिल बचे रहें। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में ले लिया है। पहले शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद हड्डियों की डीएनए जांच कराई जाएगी ताकि यह पता चल सके कि यह शव पूर्व प्रधान की पत्नी का है या नहीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तो एक-दो दिन में आ जाएगी, लेकिन डीएनए रिपोर्ट आने में थोड़ा समय लग सकता है। संभव है कि दोनों रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस की जांच आगे बढ़े। संभावना यह भी जताई जा रही है कि पुलिस जांच में जल्द ही घटना का खुलासा हो जाए।

## घर में घुसकर युवक पर किया हमला फटा सिर

**जलालाबाद, अमृत विचार:** गुनारा गांव में दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीण मेहराज पुत्र रूप शेर ने बताया कि गांव के सरताज, जुबेर और खंडहर से आए अज्ञात साथियों ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौज की और प्राणघातक हमला कर दिया, जिसमें उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया।

पीड़ित के अनुसार दो दिन पहले भी इन्हीं लोगों ने मारपीट की थी, जिसकी तहरीर थाने में दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि इसी के बाद आरोपियों ने शनिवार सुबह दोबारा घर में घुसकर हमला किया।

इस संबंध में कोतवाल ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है।

ग्रामीणों में घटना को लेकर नाराजगी है और पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग की है। बताया कि आरोपी दबंग किस्म के है और अक्सर ऐसी घटनाएं करते हैं।

# दिल्ली पैसेंजर समेत चार ट्रेनों का नहीं हुआ संचालन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लॉकडाउन के समय से है बंद मंत्री-सांसद से संचालन की मांग

**अमृत विचार:** लॉकडाउन के समय पांच साल पूर्व दिल्ली पैसेंजर समेत चार ट्रेनों का संचालन बंद किया गया था। इन ट्रेनों का संचालन अभी तक शुरू नहीं किया गया है। दिल्ली पैसेंजर के संचालन से व्यापारियों को राहत और रेलवे की आय बढ़ेगी। कई बार मांग किए जाने के बाद इन ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं किया गया है। लोगों ने मंत्री और सांसद से मांग की है कि दिल्ली पैसेंजर का संचालन शुरू किया जाए।

बता दे कि लॉकडाउन से पहले डाउन लाइन ओर अप लाइन की शाहजहांपुर-दिल्ली पैसेंजर, अमृतसर-हावड़ा डुप्लीकेट एक्सप्रेस, बरेली- प्रयागराज पैसेंजर तथा लखनऊ-सहारनपुर पैसेंजर का संचालन होता था। मार्च 2020 में लॉकडाउन लगने पर ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। लॉकडाउन खत्म होने के बाद अन्य ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया था, लेकिन दिल्ली पैसेंजर समेत चार ट्रेनों का आज तक संचालन शुरू नहीं हुआ है।

दिल्ली-शाहजहांपुर पैसेंजर का संचालन गरीब यात्रियों के लिए शुरू किया गया था। इस ट्रेन के संचालन से यात्रियों को दिल्ली जाने में काफी राहत थी और रेल की अर्निंग भी अधिक थी।

इस ट्रेन से व्यापारी दिल्ली से अपना सामान आसानी से बुक कराकर ले आते थे। पार्सल की आय भी अच्छी खासी थी। अब दिल्ली पैसेंजर का संचालन बरेली तक हो रहा है। यहां पर यार्ड खाली पड़ा रहता है।

यदि दिल्ली पैसेंजर का संचालन यहां से शुरु कर दिया जाए तो रेलवे और पार्सल की अर्निंग बढ़ने के साथ यात्रियों व व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। जबकि जिला में कई मंत्री, सांसद, विधायक है, यदि प्रयास करे तो लॉकडाउन बंद हुई ट्रेनों का संचालन हो सकता है। राजनीति पार्टी के नेताओं ने जीएम और डीआरएम से कई बार मांग की हे कि दिल्ली पैसेंजर ओर बरेली-प्रयागराज पैसेंजर का संचालन शुरू किया जाए।

## ट्रक की टक्कर से महिला घायल

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार** : क्षेत्र के कलान निवासी गुलाब हसन ने बताया कि 24 मार्च को पत्नी हिना गांव के आमिर के साथ रिश्तेदारी से लौट रही थी। पाण्डेय मार्केट के पास दोनों बाइक खड़ी कर ठेली के पास खड़े थे, जबकि हिना मोटरसाइकिल के पास खड़ी थीं।

इसी दौरान जरियनपुर की ओर से आ रहे ट्रक के चालक बब्लू निवासी परसनी मोरा बादर व हमीरपुर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए हिना को टक्कर मार दी। हादसे में हिना गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उन्हें 108 एम्बुलेंस से सीएचसी जरियनपुर ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उपचार शुरू कराया।

बाद में परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित गुलाब हसन ने थाना मिर्जापुर में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार घायल

**तिलहर, अमृत विचार** : ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। राहगीरों ने उसे उठाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मदनापुर निवासी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि उनका छोटा भाई सत्येंद्र सिंह शनिवार दोपहर किसी काम से तिलहर आया था और बाइक से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में राजनपुर गांव के पास अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

## बाईपास चौराहे से दिनदहाड़े लोडर की बैटरी चोरी

**तिलहर, अमृत विचार** : बाईपास चौराहे पर चोरों ने शनिवार दोपहर लोडर से बैटरी चोरी कर ली। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है। शनिवार शाम को नगर के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी सुदेश कुमार गुप्ता ने कोतवाली पहुंचकर अपने लोडर से बैटरी चोरी होने की सूचना देते हुए कार्रवाई की मांग की है। सुदेश कुमार गुप्ता ने बताया कि नगर के बाईपास चौराहे स्थित होंडा एजेंसी के निकट उनका लोडर खड़ा था। इसमें से दोपहर 2:30 बजे अज्ञात चोर बैटरी चोरी कर ले गया। पीड़ित ने पुलिस से 24 घंटे के अंदर बैटरी बरामद कराने की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि नगर के बाईपास चौराहे पर सुबह से शाम तक पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है, साथ ही पुलिस की सेकंड मोबाइल गाड़ी भी वहीं खड़ी रहती है।

# नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत, युवक की मौत

संवाददाता, बंडा

- बंडा-पुवायां रोड पर हुआ हादसा चालक मौके से फरार

**अमृत विचार** : बंडा-पुवायां नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।



मृतक शहनवाज।

पीलीभीत के थाना पूरनपुर के मोहल्ला ढका निवासी जमील का 18 वर्षीय पुत्र शहनवाज शुक्रवार को थाना पुवायां के बड़ागांव स्थित ननिहाल में बरात में शामिल होने आया था। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे वह बंडा-पुवायां रोड पर एक क्लीनिक से दवा लेकर ननिहाल लौट रहा था। गांव दलेलपुर के पास सामने से आई एक अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे शहनवाज की मौके पर मौत हो गई। अज्ञात बाइक सवार अपनी बाइक सहित फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस शव को बंडा अस्पताल ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश तेज कर दी है। मौके पर पहुंचे मृतक के मामा सरफराज ने बताया कि शहनवाज घर का इकलौता चिराग था। उसकी मौत से रविवार को होने वाली शादी पर शोक छा गया है। मां नाजिश, बहन रुखसार व सबनाज का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। पंचनामा भरा जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

संवाददाता निगोही/शाहजहांपुर

- निगोही-पुवायां रोड पर हुआ सड़क हादसा, चालक फरार

**अमृत विचार** : पुवायां-निगोही रोड पर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव धनियूरा निवासी विनीत (33) शुक्रवार दोपहर बाद किसी काम से पुवायां गया था। वह रात 10 बजे पुवायां से निगोही बाइक से लौट रहे थे। पुवायां-निगोही रोड पर चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल से पूछताछ करने के बाद उसके परिवार वालों को सूचना दी। पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भेज दिया। इधर, उसके परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए। डॉक्टर ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। परिवार वाले घायल विनीत को लेकर मेडिकल कॉलेज लेकर आए। घायल की शनिवार की सुबह मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, कटरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर रामसनेही सत्संग भवन के सामने शुक्रवार की शाम भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्राली कटरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान कंटेनर ने ओवर ट्रेक करके पीछे से ट्राली को टक्कर मार दी, जिससे चालक शिवकुमार घायल हो गया।

## व्यापारी ने पिस्टल से गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस ने कब्जे में ली पिस्टल आत्महत्या का कारण पता नहीं

**अमृत विचार** : बंडा में व्यापारी ने अपनी ही लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने पिस्टल को कब्जे में ले लिया है। मृतक कई दिन से टेंशन में था।

बंडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुरु नानक कॉलोनी निवासी अवतार सिंह की कस्बा में स्पेयर पार्ट्स की दुकान संचालित करते थे। उनके पिता परमजीत सिंह भी दुकान पर बैठते थे। शुक्रवार की शाम अवतार सिंह दो मंजिल कमरे में अकेले बैठे हुए थे। परिवार के लोग पहली मंजिल पर कमरे में थे। इसी बीच दूसरी मंजिल से गोली की आवाज सुनाई दी। परमजीत सिंह दौड़कर गए तो देखा कि उनका बेटा खून से लथपथ पड़ा था और पड़ोस में उसकी लाइसेंसी पिस्टल पड़ी थी। वह बेटे अवतार सिंह को सीएचसी पर लेकर आए। डॉक्टर ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। परिवार वाले उसे लेकर आ रहे थे कि गोली से घायल अवतार सिंह की मौत हो गयी। उसने कनपटी में रखकर गोली मारी थी। शुक्रवार की सुबह उसकी पत्नी करमजीत सिंह मायके चली गयी थी।

बेटा और बेटी घर पर नही थे। परिजनों का कहना है कि वह कई दिन से टेंशन में थे, लेकिन कुछ बताते नहीं थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया में आत्महत्या प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मृतक का लाइसेंसी पिस्टल कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेप का आरोपी सौतेला पिता गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : रोजा थाना क्षेत्र के एक कालोनी की महिला ने अपने दूसरे पति पर 15 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

महिला ने बताया पहले पति की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। 2021 में कासगंज के मुकेश कुमार के साथ दूसरी शादी कर ली थी। पहले पति से 15 वर्षीय की बेटी है। दूसरे पति से ढाई साल की बेटी है। आरोप है कि दूसरा पति बेटी पर गलत नीयत रखता था। शराब का आदी भी था। 12 मार्च को महिला दवा लेने छोटी बेटी को लेकर मेडिकल कॉलेज गई थी। वापस आई तो बेटी गुमशुम थी और कुछ बता नहीं रही थी।



पुलिस हिरासत में आरोपी पिता।

24 मार्च को पति शराब पीकर आया और बड़ी बेटी को गाली देते हुए मारपीट करने लगा। बेटी ने बताया कि घर पर कोई नहीं था तो पापा ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। वह पहले भी कई बार दुष्कर्म कर चुके थे। महिला ने पति मुकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार, निरीक्षक अपराध गंगा सिंह आदि पुलिसकर्मी थे।

### नर्सिंग छात्रा से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह एक विश्वविद्यालय में जीएनएम की छात्रा है। आरोप है कि सुजान नाम का युवक तीन साल पहले उसके संपर्क में आया था। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसका योन शोषण किया। पीड़िता ने आरोपी से शादी के लिए कहा तो ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि परिवार वालों से पढ़ाई के लिए रुपये आरोपी सुजान ऐंठता रहा। आरोप है कि आरोपी ने बदनाम करने के लिए एक फोटो इंस्टाग्राम पर डाला और कहा कि रुपये नहीं दिए तो बदनाम करते रहेंगे। आरोप है कि आरोपी के भाई, बहनोई, उसकी मां और बहन उसे जान से मारने की धमकी देते है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपी सुजान को शुक्रवार की सुबह शहबाजनगर अंडर पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में संतोष कुमार, सिपाही आशीष कुमार थे।

## बाइक से गिराकर ग्रामीण से मारपीट

**तिलहर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र में ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट और नुकसान करने का मुकदमा दर्ज किया है। गांव पिथनापुर निवासी देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि वह गांव अलियापुर कृषि फार्म से वापस घर आ रहा था, तभी रास्ते में अखिलेश और रामदेव ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से उसकी मोटरसाइकिल पर वार कर उसे गिरा दिया। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह वह वहां से बचकर अपने घर पहुंचा। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उसके खेत में लगी झटका तार फेंसिंग और लोहे के खंभों को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रंजिश में पिता-पुत्री और पत्नी से मारपीट, रिपोर्ट

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव सिऊरा में एक ग्रामीण ने गांव के ही व्यक्ति, उसकी पत्नी और लड़की के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज कराया है।

गांव निवासी राज बहादुर ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार को उसकी पुत्री देवी कन्या खिलाने के लिए लड़कियों को बुलाने जा रही थी, तभी रास्ते में अमर सिंह, उसकी पत्नी और लड़की कुसदेवी ने उसे रोक लिया और पुराने मुकदमे की रंजिश को लेकर उसकी पुत्री, पत्नी और उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब पीने से रोका तो कर्मचारियों को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव कन्हऊ निवासी सुशील कुमार ने थाना सदर बाजार में दी गई तहरीर में बताया कि दुर्गा होटल के सामने पिज्जा स्टोर है। गुरुवार को दिन में ढाई बजे अनमोल चौधरी निवासी रामनगर कालोनी थाना सदर बाजार ने पिज्जा का आर्डर दिया, जो कि शराब के नशे में था। आरोपी अनमोल चौधरी ने स्टोर के अंदर शराब पीने के लिए कहा था। कर्मचारियों ने शराब पीने से मना कर दिया। आरोपी कर्मचारियों के साथ मारपीट करने लगे। उसके अन्य साथी भी आ गए, जो मारपीट करने लगे। कर्मचारी हर्षित, सुशील और अमन घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक ने आरोपी अनमोज चौधरी के खिलाफ खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# अल्हापुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन

- बीईओ बोले- अभिभावकों और जनसमुदाय से निरंतर संवाद बनाए रखना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति व समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड भावलखेड़ा की न्याय पंचायत रौरा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अल्हापुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रही वरिष्ठ शिक्षिका रीता दीक्षित को भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों को पीटीएम, गृह भ्रमण एवं शिक्षा चौपाल के माध्यम से अभिभावकों और जनसमुदाय से निरंतर संवाद बनाए रखना चाहिए, जिससे बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सके और उन्हें बुनियादी भाषाई एवं गणितीय दक्षताओं से पूर्ण रूप से सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में बच्चों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की गई। इस अवसर पर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहीं वरिष्ठ शिक्षिका रीता दीक्षित को खंड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षकों ने बीईओ विनय मिश्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेयी, जिला मीडिया प्रभारी एवं ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र, अजीत मिश्रा, अरविन्द त्रिपाठी, डॉ. निहारिका वर्मा, शिक्षक संकुल विनायक मिश्रा, हरिशरण तिवारी, गायत्री शुक्ला, रेखा रस्तोगी, प्रवेश सिंह, शक्तिकांत मिश्रा, राज बहादुर, मुकेश सिंह, पुनीत दीक्षित, नागेंद्र पाठक, मनदीप श्रीवास्तव, देशराज, सचिन तिवारी, नरमन सक्सेना, मनोज कुमार अस्थाना आदि उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय मिश्रा का स्वागत करते शिक्षक।

## थाना रामचन्द्र मिशन में सुनी समस्याएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना रामचन्द्र मिशन में जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के साथ विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं।

कार्यक्रम के दौरान शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए प्रत्येक प्रकरण का अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# प्रशिक्षण में अनुशासन से करें प्रतिभाग

- आर्य महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर शुरू
- छात्राओं को फ्लैग फॉरमेशन की जानकारी देकर प्रार्थना व झंडा गीत कराया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की हिंदी विभाग की प्रोफेसर दुर्गावती सिंह ने ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान रेंजर्स प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव ने शिविर में शामिल छात्राओं को फ्लैग फॉरमेशन की जानकारी दी व प्रार्थना तथा झंडा गीत कराया।

शिविर में प्रोफेसर दुर्गावती सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में पूरी निष्ठा व अनुशासन के साथ प्रतिभाग करें। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से आप सभी का नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास होगा जो आपके भावी जीवन में सहायक होगा।

शिविर के पहले दिन प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव ने छात्राओं को विशेष ताली का प्रशिक्षण दिया और अभ्यास कराया। इसके बाद बिड एंड पावर के व्यायाम छात्राओं को सिखाए और उनका अभ्यास कराया। प्रशिक्षण महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी अनुराधा व सहायक प्रभारी सीतू सक्सेना के निर्देशन में आरंभ हुआ।

जिसमें अनुराधा ने प्रशिक्षण में शामिल सभी छात्रों को रेंजर्स के महत्व के बारे में बताया। बताया कि जीवन में अनुशासन कितना जरूरी है। महाविद्यालय के शिक्षक व रेंजर्स की निपुण व प्रवेश की छात्राएं उपस्थित रही।



महाविद्यालय में रेंजर्स शिविर में छात्राओं को विशेष ताली का प्रशिक्षण देती प्रशिक्षक।

## विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : बिहारी लाल सरस्वती विद्या मंदिर, निकट रेलवे माल गोदाम में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य रेनू शर्मा ने परीक्षाफल सार प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष कुसुम शर्मा, प्रबंधक परमेश चंद्र सक्सेना, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बिष्ट और विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार तिवारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कक्षा छह की वैष्णवी एवं कक्षा अष्टम के आलोक सक्सेना को आदर्श छात्र और छात्रा का पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रबंधक परमेश चन्द्र सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। संचालन वरिष्ठ आचार्य चंद्र मोहन पाठक ने किया।

अमृत विचार
बरेली, रविवार,29 मार्च 2026



# खेल प्रतियोगिताओं में शाहजहांपुर पुलिस ने किया शानदार प्रदर्शन

## महिला हैंडबॉल टीम को पहला स्थान, बिजनौर-बदायूं में कई स्पर्धाओं में जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



खिलाड़ियों को सम्मानित करते एसपी राजेश द्विवेदी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर पुलिस ने बिजनौर और बदायूं में आयोजित पुलिस खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्पर्धाओं में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

बिजनौर में 25 से 28 फरवरी तक आयोजित बास्केटबॉल और हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में महिला हैंडबॉल टीम ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में असमा बेगम, ऊषा, नूतन, प्रतिज्ञा, आरक्षी सुधा, आरक्षी सोनम और सरिता शामिल रहीं। वहीं हैंडबॉल और बास्केटबॉल दोनों प्रतियोगिताओं के पुरुष वर्ग में शाहजहांपुर पुलिस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हैंडबॉल पुरुष वर्ग में मुख्य आरक्षी कपिल चौहान, मुख्य आरक्षी दिव्यप्रताप सिंह, मुख्य आरक्षी लाखन सिंह और आरक्षी पीटीआई दिनेश कुमार ने यह उपलब्धि हासिल की। बदायूं में 9 से 11 मार्च तक आयोजित पुलिस खेल प्रतियोगिताओं में भी शाहजहांपुर पुलिस ने दमदार प्रदर्शन किया। बॉडी बिल्डिंग पुरुष वर्ग में आरक्षी भारत और आरक्षी अवनीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्म रेसलिंग पुरुष वर्ग में आरक्षी सौरभ, आरक्षी अभिषेक, आरक्षी विशाल, आरक्षी अवनीश और आरक्षी निसार ने पहला स्थान हासिल किया।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महिला मुख्य आरक्षी रिजवाना ने प्रथम स्थान, जबकि महिला मुख्य आरक्षी नूतन और महिला आरक्षी सुमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती

- एसपी ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर बढ़ाया उत्सा

प्रतियोगिता में महिला आरक्षी सुधा ने प्रथम और महिला मुख्य आरक्षी रिजवाना ने द्वितीय स्थान हासिल किया। महिला आरक्षी सुधा ने कुश्ती और बॉक्सिंग दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त कर संयुक्त प्रदर्शन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी उपलब्धियों पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खिलाड़ियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, प्रतिसार निरीक्षक और टीम प्रशिक्षक भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का परिणाम है, जिससे जिला का गौरव बढ़ा है।

## झाड़ियों में पड़े नवजात को कुत्तों ने नोंच डाला

**बीसलपुर,अमृत विचार :** झाड़ियों में पड़े एक नवजात को कुत्तों के झुंड ने नोंच डाला। शव मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नवजात मृत हालत में फेंका गया था या फिर कुत्तों के हमले में उसकी जान गई। इसे लेकर पूरी तरह से तस्वीर स्पष्ट नहीं हो सकी। इसके लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार रही है। फिलहाल मामले की जांच कराई जा रही है।

घटना शनिवार सुबह की है। बीसलपुर बिलसंडा मार्ग पर शनिवार को झाड़ियों में एक नवजात कोई फेंक गया था। बताते हैं कि इस दौरान आवारा कुत्तों के झुंड ने नवजात शिशु को निवाला बना लिया। उसे झाड़ियों से खींचकर सड़क तक ले आए। यह देख मार्ग से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाकर कुत्तों को भगाया। हालांकि उस वक्त नवजात मृत हालत में था। ग्राम मानपुर में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करने वाले सचिन रस्तोगी ने बताया कि कुत्तों के हमले से नवजात शिशु की जान गई है। नवजात शिशु को सुबह के वक्त कोई झाड़ियों में फेंक गया होगा। पुलिस जांच कर रही है।

## समाधान दिवस में जहर लेकर पहुंची वृद्धा, लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर में थाना समाधान दिवस उस समय खलबली मच गई, जब एक बुजुर्ग महिला जहर की पुड़िया लेकर अधिकारियों के सामने पहुंच गई। कार्रवाई न होने से आहत महिला ने आत्महत्या की चेतावनी दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मची रही।

शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। जहां एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे समेत अन्य राजस्व विभाग से जुड़े अफसर फरियाद सुन रहे थे। तभी सुनवाई के दौरान थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव कढ़ेया कनपारा निवासी शांति देवी पत्नी रामपाल थाने पहुंची। पहले तो उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से एसडीएम को अपनी पीड़ा सुनाई। उनका आरोप है कि गांव के कुछ लोग उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं और गांव से भगाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को बकरियां चराने के दौरान गांव के ही चार लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन पीड़िता का कहना था कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद अचानक महिला ने जहर की पुड़िया दिखाते हुए समाधान न होने पर आत्महत्या करने की चेतावनी दे डाली।

महिला की बात सुनकर वहां मौजूद अधिकारियों और पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस तुरंत हरकत में आई और महिला को समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस ने उसके हाथ से जहर की पुड़िया छीन ली और उसे भरोसा दिलाया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल पवन कुमार पांडे ने बताया कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है और मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## डीजे पर डांस के दौरान विवाद छेड़छाड़ को लेकर दो गुट भिड़े

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** न्यूरिया थाना क्षेत्र के बनकटी गांव में झंडी यात्रा के बाद डीजे पर डांस के दौरान विवाद हो गया। युवतियों से छेड़छाड़ के आरोप को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें दो युवक घायल हो गए।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बनकटी में शुक्रवार को झंडी यात्रा के दौरान माहौल उस समय बिगड़ गया, जब डीजे पर डांस के दौरान दो गुटों में मारपीट हो गई। गांव से मां यशवंतरी देवी मंदिर तक झंडी यात्रा गई थी। वहां पूजा-अर्चना के बाद यात्रा वापस गांव लौटी। गांव पहुंचने पर प्रसाद वितरण के बाद डीजे पर डांस चल रहा था। इसी दौरान गांव में स्थित देवस्थान पर कुछ युवकों द्वारा लड़कियों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया। जिसको लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। मारपीट में एक पक्ष के 19 वर्षीय हरेंद्र सागर पुत्र पोथीराम और दूसरे पक्ष के साहिल सोनकर पुत्र सोहनलाल घायल हो गए। दोनों के सिर में चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# स्वास्थ्य मेले में 762 मरीजों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बादशाहनगर में मुफ्त स्वास्थ्य मेले का आरंभ करते विधायक अरविंद कुमार सिंह।

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की ओर से बादशाहनगर गांव में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला
- विधायक ने काटा फीता, मरीजों की शुगर और ब्लड प्रेशर की मुफ्त की गई जांच

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा और अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड रोजा की ओर से शनिवार को ददरौल क्षेत्र के ग्राम बादशाहनगर में मुफ्त स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले का आरंभ विधायक अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने क्षेत्र में अधिक शिविर लगाने का आग्रह किया।

शिविर में कुल 762 मरीजों का पंजीकरण हुआ। इसमें 157 मरीजों की ब्लड शुगर और लगभग 232 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच मुफ्त की गई। साथ ही 687 मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं और एमआरआई, सीटी स्कैन सहित अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी दिए गए। पीआरओ विपिन शर्मा ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर लगाए जाते रहेंगे, जिससे सभी वर्गों को लाभ मिल सके।

शिविर में लोगों को नियमित जांच कराने और परिवार स्वास्थ्य कार्ड के बारे में भी जानकारी दी गई, जो 200 रुपये में एक वर्ष के लिए मान्य है। इसके माध्यम से ओपीडी पर्चा मुफ्त, दवाइयों और जांचों पर 20 प्रतिशत तक छूट तथा भर्ती और ऑपरेशन में भी रियायत मिलती है। शिविर में सामान्य रोग, हड्डी रोग, बाल रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा नाक-कान-गला रोग विभाग के डॉ. अर्नव, डॉ. अभिषेक भाटला, डॉ. राघव, डॉ. सारांश शर्मा, डॉ. प्रज्ञा पांडेय, डॉ. योगेश पाठक और डॉ. कृतिका अग्रवाल सहित पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। आयोजन में पंकज गोयंका, अवधेश गुप्ता, प्रदीप तोमर, दिनेश प्रताप सिंह, सुरेंदरपाल सिंह, अजयपाल सिंह, अचल दीक्षित, नवीन कुमार सिंह, राहुल कुमार त्यागी, हितांशु दीक्षित, रोहित राणा और वबिता सक्सेना का सहयोग रहा।

## रुपये लेने के बाद भी जमा नहीं किया बिजली बिल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खपरैल गौटिया निवासी मोहित कुमार पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विद्युत विभाग में कार्यरत लाइनमैन ग्राम कैंच निवासी अतुल कुमार पुत्र प्रेम सिंह से उसकी जान पहचान थी। उसने अतुल कुमार को अपना बिजली का बिल जमा करने के लिए 19500 रुपये ऑनलाइन दिए। शाम को जब उसने रसीद मांगी तो आरोपी ने टालमटोल करनी शुरू कर दी। पिछले सात माह से आरोपी उसको रसीद नहीं दे रहा है। जब उसने बिजली विभाग में जाकर छानबीन की तो पता चला कि बिल जमा हीं नहीं किया गया। जब उसने आरोपी को फोन किया तो उसने गाली गलौज करते हुए रुपये वापस करने से साफ इंकार कर दिया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
डॉ. आदित्य त्यागी
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

## खेत से लौट रहे ग्रामीण को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचारः** खेत से गेहूं की फसल देखकर घर लौट रहे साले बहनोई को गांव के ही पांच लोगों ने रास्ते में घेरकर हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद घर पर भी हमला किया गया और परिवार के सदस्यों से मारपीट की गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम गोवल पतिपुरा के मुनेंद्र सिंह ने बताया कि 27 मार्च की शाम उसके पिता, मामा विवेक व अभिषेक खेत पर गेहूं की फसल देखने गए थे। वह खेत से वापस घर लौट रहे थे, इसी बीच अचानक कुत्ते ने हमला किया। ओम शंकर, लोकेश, धर्मेंद्र ने हमला कर दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में मनाई राम नवमी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बंथरा स्थित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल परिसर के मंदिर में राम नवमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन, शिक्षक, चिकित्सक और एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान श्रीराम के आदर्शों को स्मरण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल हवन और विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्ति का माहौल बना रहा। इस अवसर पर वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल और मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के डीन व प्राचार्य डॉ. आरएन शुक्ला मौजूद रहे। उन्होंने सभी को

- हवन-पूजन किया, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा
- फैंसी ड्रेस और भजन-कीर्तन ने भक्तिमय बनाया वातावरण

राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान राम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

सांध्यकालीन कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। छात्रों ने कविताओं, भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से भगवान राम के जीवन और उनके महत्व को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। अंत में भव्य आरती कर भगवान श्रीराम का पूजन किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन गरबा नृत्य के साथ हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के माध्यम से सभी को भारतीय संस्कृति, एकता और भगवान राम के आदर्शों से जुड़ने का संदेश दिया गया।

## खंभे से बांधकर युवक को पीटा, वीडियो वायरल

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** एक युवक को खंभे बांधकर पिटाई कर दी गई। इसके बाद बाइक से बैठाकर ले जाकर भी पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बरखेड़ा पुलिस ने मामले में तीन नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने दो आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

सोशल मीडिया पर शनिवार को एक वीडियो से तेजी से वायरल हुआ। जिसमें एक युवक को खंभे बांधकर भीड़ जमकर पिटाई करती दिख रही थी। काफी देर पीटने के बाद युवक को बाइक पर बैठाकर कहीं ले गए।

इस मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू की। वहीं, ग्राम पौटाकलां के निवासी शफीक शाह पुत्र रफीक शाह ने मामले की तहरीर दी। जिसमें बताया कि उनका पुत्र आरिफ 24 मार्च को सुबह करीब चार बजे खमरिया रेलवे स्टेशन की तरफ टहलने के लिए गया था।

- पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, दो आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में किया चालान

रास्ते में खमरिया गांव के तालिब, कैसर, पप्पू और अन्य लोगों ने उसे पकड़ लिया और खंभे से बांधकर पिटाई की। पुलिस ने मामलेकी जांच की। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद का निकलकर सामने आ रहा है। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दो आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है।

## सीसीटीवी में सोते मिले ओटी टेक्नीशियन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण करतीं प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने शनिवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण कर इमरजेंसी सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए जिम्मेदारों को फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए।

प्राचार्य ने स्पष्ट कहा कि इमरजेंसी से मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर करने या तोड़ने की प्रथा तत्काल बंद की जाए। अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार ही मरीजों का समुचित और समयबद्ध इलाज सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीज की फाइल पर उपचार लिखते समय मुहर के साथ हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से करें, वहीं स्टाफ नर्स दवा देने के बाद फाइल पर हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि सभी आने वाले मरीजों का मेडिकल परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि बीती रात सीसीटीवी निगरानी के दौरान इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात दो ओटी टेक्नीशियन सोते हुए पाए गए। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- इमरजेंसी में प्लास्टर सुविधा तत्काल शुरू कराने के दिए निर्देश

इस दौरान इमरजेंसी में प्लास्टर सुविधा उपलब्ध न होने का मामला भी सामने आया। इस पर प्राचार्या ने अस्पताल मैनेजर डॉ. पायस राज वर्मा को तत्काल प्लास्टर सुविधा शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं और प्लास्टर कार्य के लिए दो कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। साथ ही संबंधित सामग्री को इमरजेंसी में स्थानांतरित करने के आदेश भी दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### 31 को शांतिपूर्ण मनाई जाएगी महावीर जयंती

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि जैन समुदाय द्वारा जनपद में महावीर जयंती का पर्व 31 मार्च को मनाया जाना है। पर्व पर शांति, कानून-व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाए। पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं शोभायात्राओं की पूर्व जानकारी प्राप्त कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। धार्मिक स्थलों, प्रमुख संस्थानों, रेलवे एवं बस स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। जनपद में पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करेंगे।

### ग्राम चौपाल में शिकायतों का किया निस्तारण

**बदायूं, अमृत विचार :** सामुदायिक केन्द्र भवन गुलड़िया में चकबन्दी विभाग के प्राधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में उपस्थित कृषकों में धनपाल सिंह पुत्र हेतराम सिंह, राम सिंह राठौर पुत्र हरप्रसाद सिंह, पालन सिंह पुत्र रूम सिंह, पंकज सिंह, अखिलेश कुमार, भगवंत सिंह व सुरेश चन्द्र सिंह आदि द्वारा चकबन्दी से सम्बन्धित अपनी विभिन्न समस्याओं से अधिकारीगण को अवगत कराया गया। ग्राम चौपाल में आई अधिकांश शिकायतों का निस्तारण किया गया।

### दो छात्रों को मिला बेंगलुरु जाने का मौका

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बक्सर में कक्षा एक के विकेश कुमार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विद्यालय स्तर से जिला और मंडल स्तर तक सफर तय किया है। इसी के चलते छात्र विकेश कुमार और समरेर ब्लाक क्षेत्र की छात्रा रिंकी को मिला। एक्सपोजर विजिट के तहत बेंगलुरु जाने मौका मिला है। विजिट में जाने पर विद्यालय के शिक्षकों में विशेष रूप से नेहा सक्सेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजन यादव सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने विकेश कुमार की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# ग्राम पंचायतें बिना जीएसटी नंबर वाली फर्म को नहीं करेंगी भुगतान

## पंचायतों में वित्तीय पारदर्शिता लाने और फर्जी फर्मों के जरिए होने वाले भुगतान पर लगेगी रोक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



- ग्राम पंचायतों को जीएसटीएन बनवाना किया अनिवार्य, सचिव को दी जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायतें अब बिना जीएसटी नंबर वाली फर्म को भुगतान नहीं कर पाएंगी। फर्जी फर्म के माध्यम से भुगतान पर रोक लगाने के लिए जीएसटी को अनिवार्य कर दिया है। सचिवों को जीएसटीएन आवंटन करने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे न केवल भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी होगी, बल्कि फर्जी फर्मों पर भी प्रभावी रोक लगेगी।

ग्राम पंचायतों को जीएसटी विभाग में पंजीकरण के आदेश कई बार सरकार की ओर से दिए गए। लेकिन ग्राम प्रधानों के द्वारा जीएसटी विभाग में पंजीकरण कराने में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों में खर्च होने वाली धनराशि को हड़पने के चलते अपने संग संबंधियों के नाम से फर्म बनाकर भुगतान कर दिया जाता है। इस कार्य में ग्राम पंचायत अधिकारियों का पूर्ण सहयोग रहता है।

हालांकि ग्राम पंचायतों में वित्तीय पारदर्शिता लाने और फर्जी फर्मों के जरिए होने वाले भुगतान पर रोक लगाने के लिए सरकार की ओर से ई-स्वराज पोर्टल विकसित किया है। लेकिन इस पोर्टल का तोड़ निकालते हुए प्रधान और सचिव मनमाने बिल वाउचर फीड कर दिए जाते हैं।

प्रधानों और सचिवों के द्वारा किए जाने भुगतान में अनियमितताओं के सामने आने के बाद शासन की ओर से सख्त कदम उठाया गया है। अब ऐसी किसी फर्म को भुगतान नहीं किया जाएगा। जिसका पंजीकरण जीएसटी विभाग में न हो। ग्राम पंचायत निदेशक द्वारा दिए गए आदेशों में पंचायत सचिवों को जीएसटीएन आवंटन की जिम्मेदारी दी गई है। निर्देश दिए गए हैं कि बिना जीएसटी नंबर वाली किसी भी फर्म को भुगतान नहीं किया जाएगा।

### ग्राम पंचायतों को निर्धारित दर से करनी होगी कटौती

जिले में 1036 ग्राम पंचायतें हैं, इनमें राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त आयोग और अपनी आय से विकास कार्य कराए जाते हैं। विकास कार्य में खर्च होने वाली धनराशि का भुगतान पर सामग्री के अनुसार निर्धारित दर से जीएसटी की कटौती करनी होगी। कटौती होते ही संबंधित फर्म की जानकारी जीएसटी विभाग तक पहुंच जाएगी और बाद में कटौती की गई राशि को बैंक के माध्यम से चालान के जरिए जमा किया जाएगा। इससे न केवल भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी होगी, बल्कि फर्जी फर्मों पर भी प्रभावी रोक लगेगी।

> भुगतान के समय जीएसटी की कटौती अनिवार्य कर दी गई है। सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव को जीएसटी में पंजीकरण कराने के आदेश दिए गए हैं। स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि अगर किसी भी ऐसी फर्म को भुगतान किया नहीं जाएगा, जिसका पंजीकरण जीएसटी विभाग में न हो।
>
> **-यावर अब्बास**, जिला पंचायती राज अधिकारी।

# स्मार्ट सिटी बनाए जाने पर व्यापारियों में हर्ष

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सदर विधायक को राधा कृष्ण की मूर्ति भेंट करते व्यापारी। • अमृत विचार

- सदर विधायक का किया फूल मालाओं से स्वागत

**अमृत विचार :** शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें व्यापारिक समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सदर विधायक को संरक्षक के पद से सुशोभित किया गया। साथ ही नगर को स्मार्ट सिटी घोषित किए जाने पर पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत कर सदर विधायक को तलवार एवं राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट की।

सदर विधायक एवं व्यापार मंडल के संरक्षक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि बदायूं विधानसभा मेरी मां है, उसकी सेवा करना मेरा प्रथम कर्तव्य है, बदायूं विधानसभा को प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनाना मेरा एकमात्र लक्ष्य है। जिसके फलस्वरूप शासन से बदायूं नगर को स्मार्ट सिटी का दर्जा मंजूर करा लिया है। साथ ही करोड़ों की योजना लाकर बदायूं विधानसभा की उन्नति के लिए प्रयास किए जा रहे है।

सदर विधायक ने उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के व्यापारी हितों के कार्यों की सराहना करते हुए व्यापारी समाज का आभार व्यक्त किया। कहा आपका साथ मिलने से मेरा मनोबल बढ़ा है। व्यापारी हितों के लिए मेरे दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। जिला अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि सदर विधायक को संगठन के संरक्षक बनने से संगठन में ताकत और जोश का संचार हुआ है। अब व्यापारिक समस्याओं का समाधान विधिवत रूप से तत्काल होगा। साथ ही व्यापारिक समस्याओं को शासन स्तर से भी समाधान कराया जाएगा

जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने सदर विधायक का आभार जताते हुए कहा कि बदायूं नगर के लिए स्मार्ट सिटी का दर्जा मिलने से मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और व्यापार करने में सुगमता आएगी। जिलाध्यक्ष उद्योग मंच सर्वेश गुप्ता ने कहा कि सदर विधायक के अथक प्रयासों से स्मार्ट सिटी का दर्जा मिलने से बदायूं में उद्योग भी विकसित होंगे। नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि सदर विधायक के संरक्षक बनने के उपरांत व्यापारी की समस्याओं का समाधान तत्काल प्रभाव से होगा।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, प्रदेश मंत्री पवन जैन, प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश लड्डा, जिला युवा चेयरमैन सुजीत गुप्ता, संजीव आहूजा, जिला कोषाध्यक्ष अमित वैश्य, जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा, दीपक सक्सेना, दीपक वर्मा, सर्वत हमीद खान, विनय गुप्ता, नरेश शंखधर जिला संगठन मंत्री जावेद खान, क्षितिज वैश्य, सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा नया आसरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रेलवे के कर्मचारियों के लिए दो मंजिला छह आवास बनेंगे
- जीआरपी आवासों के पास निर्माण कार्य कराया गया है शुरू

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर जीआरपी आवासों के निकट अब रेलवे कर्मचारियों को आधा दर्जन आवासों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है। निर्माण करने वाली कंपनी ने काम भी शुरू कर दिया है। चार माह में आवासों को तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

रेलवे कर्मचारियों को रहने को आवास काफी पहले बनाए गए थे, जो काफी जर्जर हो चुके हैं। करीब दो दर्जन आवास बने हैं जिनमें रेलवे कर्मचारी रह रहे हैं जबकि कुछ रेलवे अधिकारियों के आवास भी बने हैं। रेलवे प्रशासन ने अब आधा दर्जन नए आवास दो मंजिल बनाने का निर्णय लिया है। यह आवास जीआरपी आवास के निकट खाली जमीन पर बनाए जाएंगे। रेलवे के जिम्मेदारों ने बताया कि चार दिन पूर्व जगह का सर्वे कर लिया गया।



रेलवे स्टेशन बदायूं। • अमृत विचार

आज से जगह को साफ सुथरा किया जा रहा है। आवास निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा करने को चार माह का समय दिया गया है। चार माह में काम पूरा करना है। रेलवे अधिकारियों के निर्देश हैं कि दो मंजिल बनने वाले आवासों का नक्शा इज्जत नगर बरेली से तैयार किया गया है। उसी नक्शे के आधार पर आवासों का निर्माण कराया जाएगा। आवासों में रेलवे कर्मचारियों को रहने के लिए नई सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। आवासों के आस पास उनके बच्चों को खेलने को पार्क बनाया जाएगा। रेलवे कर्मचारियों को अब जर्जर भवनों में नहीं रहने दिया जाएगा।

### जीआरपी के आवास हुए खंडहर

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की दिन रात सुरक्षा करने वाली जीआरपी पुलिस के आवास काफी जर्जर हैं। यह आवास खंडहर बन चुके हैं। कई पुलिस कर्मियों ने आवास खाली कर दिए हैं। जो किराए पर रहने को मजबूर हैं। जीआरपी थाना प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आवास निर्माण की मांग कई बार की जा चुकी है। फिर भी आवास नहीं बनाए जा रहे हैं। आवासों के आसपास घास झाड़ियां खड़ी है जिनमें से अक्सर जहरीले कीड़े निकलते रहते हैं। कई आवासों के गेट भी टूट चुके हैं। कुछ के जंगले निकल गए हैं। कई आवासों की छतें दरक गयी है जिससे बारिश में पानी टपकता है। आवासों की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार विभाग के जिम्मेदारों से बात की गयी मगर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### रेलवे स्टेशन पर फिर हुआ पानी संकट

रेलवे स्टेशन को पानी की सप्लाई देने वाले ओवरहेड टैंका का मोटर फुंक गया है जिससे रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर पानी का संकट पैदा हो गया है। रेलवे यात्रियों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले भी मोटर जल गयी थी जिससे एक सप्ताह तक पानी का संकट बना रहा। अब नई मोटर भी जल गयी है इसलिए दो दिन से पानी की किल्लत बनी हुयी है। रेलवे स्टेशन मास्टर अफसर हुसैन ने बताया कि मोटर को आज शाम तक ठीक करा लिया जाएगा उसके बाद पानी की किल्लत खत्म हो जाएगी।

# इस्लामिया कॉलेज में पहले समाप्त होगा मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अभी 70 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना रह गया है शेष
- शिक्षकों की कमी से प्रमुख विषयों की कॉपियों का नहीं हुआ मूल्यांकन

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का तेजी के साथ चल रहा है। अब 70 प्रतिशत से अधिक मूल्यांकन हो चुका है। चार केंद्रों पर चल रहा मूल्यांकन कार्य सबसे पहले इस्लामिया इंटर कॉलेज में पूरा होगा। यहां पर अब तक 90 प्रतिशत कॉपियां जांची जा चुकी हैं। शेष में 70 से 75 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा हो चुका है।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चार केंद्रों पर चल रहा है। इन केंद्रों पर सवा तीन लाख से कॉपियां जांची जा रही हैं। 79,349 उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए शेष बची हैं। 19 मार्च से शुरू हुआ मूल्यांकन कार्य से अब तक 245,651 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। शनिवार को चारो केंद्रों पर 30 हजार से अधिक कॉपियां जांची गईं। श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज में 11 हजार, राजकीय इंटर कॉलेज में 8991, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 7029 और इस्लामियां इंटर कॉलेज में 9336 कॉपियां जांची गईं। चारों केंद्रों में से इस्लामियां इंटर कॉलेज में तेजी से मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। यहां पर 90 प्रतिशत कॉपियां जांची जा चुकी है। इस केंद्र पर सबसे पहले मूल्यांकन कार्य समाप्त हो जाएगा। श्री कृष्णा इंटर कॉलेज में अब तक 75 प्रतिशत कॉपियां जांची जा चुकी हैं। 25 प्रतिशत कॉपियां तीन से चार दिन में जांच ली जाएगी। जिसके चलते इस केंद्र पर समय से पूर्व मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

> मूल्यांकन कार्य परिषद की गाइडलाइन के तहत चल रहा है। मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। समय पर सभी केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अब तक 75 प्रतिशत कॉपियां जांची जा चुकी हैं।
>
> **-लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

# एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक व उपनिरीक्षक को किया निलंबित

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली में एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ कथित रूप से अभद्रता करने और धक्का मारने का मामला सामने आया है। प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में व्यक्ति को धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया। वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ। एसएसपी अंकिता शर्मा ने प्रभारी निरीक्षक और एक उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव नौली हरनाथपुर निवासी मोरपाल दिव्यांग हैं। उनका भतीजा सड़क हादसे में घायल हो गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और लगातार टालमटोल कर रही थी। जिसके चलते वह फिर से बिसौली कोतवाली पहुंचे। आरोप है कि वहां प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह पुंडीर की मौजूदगी में उपनिरीक्षक भूपेंद्र यादव ने उनके साथ अभद्रता की और गाली-गलौज की। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। जो एसएसपी तक पहुंचा। एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक और उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मामले की जांच सीओ बिसौली संजीव कुमार को सौंपी है।

# डीएम और एसएसपी ने सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



थाना मूसाझाग में जन समस्याएं सुनते डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा।

- थाना समाधान दिवस में नौ में से एक शिकायत का किया निस्तारण

**अमृत विचार :** शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा ने थाना मूसाझाग, एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने सदर कोतवाली एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने कोतवाली बिल्सी में समस्याएं सुनकर निस्तारित कराईं। बाकी के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

डीएम और एसएसपी के समक्ष भूमि व राजस्व विवाद के 9 मामले आए। जिनमें से एक का मौके पर निस्तारण कराया गया। डीएम ने कहा कि पुलिस अधिकारी नियमित रूप से अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहें। आम जनता से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करें। प्रबुद्धजनों व गणमान्य लोगों के संपर्क में रहे। छोटी से छोटी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दें जिससे समय रहते उसका निदान कराया जा सके। अधिकारी फरियादियों की समस्याओं का गंभीरता से गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भूमि व राजस्व विवाद के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है। इस दौरान अधिकारियों ने समाधान दिवस रजिस्टर चेक किया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र तोमर मौजूद रहे।

# हत्यारोपी बाल अपचारी को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 19 जून को घर से बुलाकर गंगा की कटरी ले जाकर की थी हत्या

**अमृत विचार :** शादी के विवाद को लेकर युवक को ले जाकर हत्या करने वाले बाल अभिचारी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने 20 साल के कारावास और 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा वस्तु दशी ने 19 जून 2020 को उझानी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बाल अभिचारी उसके बेटे मलखान (18) को घर से बुलाकर बाइक से ले गया था। बेटा देर रात तक वापस नहीं लौटा। तो वह गांव के ही मदन पाल, मंत्री प्रसाद और अन्य लोगों के साथ अपने बेटे की तलाश में निकले। गंगा की कटरी पहुंचे तो देखा रात लगभग 9 बजे बाल अपचारी समेत दो लोग उनके बेटे के लाठी-डंडे से पीट रहे थे और चाकू से हमला कर रहे थे। बेटे की शादी 29 जून को होने वाली थी। शादी न करने के कारण उनके बेटे की हत्या कर दी गई। न्यायालय में बाल अभिचारी पर मलखान की हत्या करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। विशेष न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMC BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## खेतीबाड़ी

### मशीन से हो रही गेहूं की कटाई, दरांती लेकर खाली घूम रहे मजदूरों को नहीं मिल रहा काम

# खेती-किसानी में आ रहा बदलाव, मशीनों से हो रहा काम

- एक आदमी मशीन से काट रहा दिन भर में 10 बीघा गेहूं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



मशीन से गेहूं काटता किसान। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** चैत के अंतिम सप्ताह में गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी है, लेकिन खेतों में अब किसान दरांती नहीं चला रहे हैं बल्कि मशीन से कटाई कर रहे हैं। जिससे मजदूरों को रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। एक मशीन दिन में दस बीघा गेहूं काट देती है। इसलिए किसान मशीन से गेहूं काट रहे हैं।

खेती किसानी में नित नए प्रयोग किए जा रहे हैं। नई नई मशीने खेतों में देखने को मिल रहीं हैं। अब तक किसान गेहूं की फसल हंसिया और दराती से काटते थे। एक किसान एक दिन में आधा बीघा गेहूं काटता था। इसलिए कई कई दिन तक गेहूं की कटाई होती थी। लेकिन खेती किसानी के बदलते दौर में मशीनों ने मजदूरों के हाथों से काम छीन लिया। अब एक मशीन एक दिन में करीब दस बीघा गेहूं काटती है। जबकि दो लोग गेहूं को बांधते हैं। और फिर थ्रेसिंग कराते हैं। लेकिन अब मशीनों से गेहूं की कटाई हो रही है।

ब्लॉक जगत के ग्राम नैथू निवासी इंद्र सिंह ने ग्राम झंडपुर में एक किसान के गेहूं काटते हुए बताया कि उसने दस दिन पहले ऑन लाइन एक मशीन अहमदाबाद से मंगाई। मशीन की कीमत तीस हजार है। एक लीटर डीजल से दो बीघा गेहूं काटती है। एक आदमी मशीन लेकर चलता है, मशीन गेहूं काटकर गिरा देती है। उसके बाद गेहूं की पूली बांधी जाती है। एक आदमी मशीन से एक दिन में करीब दस बीघा गेहूं काटता है। इंद्र सिंह ने बताया कि उसके पास एडवांस बुकिंग रहती है। जो किसान शाम को उसकी मशीन बुक कर लेते हैं उसी खेत में सुबह को कटाई होती है। करीब 40 किलो की मशीन को संभालना होता है। लेकिन समतल खेत में कटाई बेहतर होती है जबकि ऊबड़ खाबड़ खेत में मशीन नहीं चलती है। इसलिए गेहूं की कटाई मशीन से ही कराई जा रही है। हर खेत में मशीनें चल रही हैं। दस दिन का काम एक दिन में पूरा कर रहा है। मशीनीकरण से मजदूरों की रोजी रोटी पर संकट पैदा हो गया है।

### 400 रुपये बीघा की दर से होती है कटाई

एक बीघा गेहूं काटने के चार सौ रुपये लिए जाते हैं। दस बीघा गेहूं काटता है तो चार हजार रुपए मिलते हैं। डीजल से चलने वाली मशीन किसानों को फायदेमंद साबित हो रही है। दो दो बीघा गेहूं उगाने वाले किसान भी अब मशीन से गेहूं की कटाई कर रहे हैं। मजदूरी पर कटाई करने पर पचास किलो गेहूं प्रति बीघा देने होते थे जो काफी महंगे थे लेकिन अब काफी सस्ते में कटाई हो रही है इसलिए किसानों को यह मशीन फायदेमंद साबित हो रही है।

### गेंदा की कटाई भी हो रही मशीन से

गेहूं काटने वाली मशीन से गेंदा की कटाई भी की जाती है। गेंदा काटने के बाद उसे ट्राली में भर लिया जाता है। मशीन से कटे हुए गेंदा में तेल अधिक निकलता है जबकि हाथ से कटे गेंदा में तेल कम निकलता है। इसलिए गेंदा की कटाई मशीन से की जा रही है। सूरजपुर निवासी सुभाष ने सात बीघा गेंदा मशीन से काटा जिसमें चार किलो बीघा के हिसाब से तेल निकला। किसानो का कहना है कि हाथ से गेंदा काटने में शरीर में खुजली होती है इसलिए किसान ऊंचा काटते हैं इसलिए तेल कम निकलता है। जबकि लकड़ी सहित काटने में तेल अधिक निकलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### किन्नरों में विवाद, मारपीट व लूट का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार** : थाना अलापुर क्षेत्र में दो किन्नरों के बीच विवाद हो गया। एक गुट की किन्नर चांदनी ने तहरीर देकर तीन किन्नरों पर अपहरण, मारपीट, तोड़फोड़ और 5800 रुपये व मोबाइल फोन लूटने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**उसहैत, अमृत विचार** : थाना उसहैत क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर निवासी अजीत कश्यप पुत्र कल्यान कश्यप का शव शनिवार को सड़क किनारे पड़ा मिला। अजीत के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। ईयर फोन टूटकर सड़क पर पड़ा हुआ था। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

### शॉर्ट सर्किट से कपड़े के कारखाने में लगी आग

**बदायूं, अमृत विचार** : सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव नरऊ बुजुर्ग में चल रहे गांव सूरजपुर निवासी शिवराज के कपड़े के कारखाने में आग लग गई। जिससे कारखाने की सिलाई मशीनें और कपड़े जलकर राख हो गए। शिवराज ने बताया कि वह रात को कारखाना बंद करके चले गए थे। सुबह आकर देखा तो सामान जल गया था। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### आज सुबह से 10 से 5 बजे तक बाधित रहेगी बिजली

**बदायूं, अमृत विचार** : शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर पर 33 केवी ए लाइन की मरम्मत 29 मार्च को की जाएगी। इसलिए इस बिजली घर से पोषित बिजली सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। बिजली गुल रहने से इस्लामगंज, उनौला, झंडपुर, रसूलपुर, सिमरिया, पडौआ, दौरी, हादीपुर, मुजाहिदपुर, घोंचा मझिया, आदि क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। मरम्मत कार्य गर्मी में शेडयूल के अनुसार निर्बाध बिजली देने को किया जा रहा है। उक्त जानकारी अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार ने दी है।

# बाजार में नहीं मिल रहीं एनसीईआरटी किताबें

## किताबें खरीदने को दुकानों पर चक्कर काट रहे हैं अभिभावक, एक अप्रैल से शुरू हो रहा है नया शैक्षिक सत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नया शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। जिसमें मात्र तीन दिन का ही समय शेष बचा है। लेकिन बाजार में एनसीईआरटी किताबों की कमी ने अभिभावकों के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। प्रमुख विषयों की किताबें बाजार में न मिलने की वजह से अभिभावक दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। एनसीईआरटी की किताबें नहीं मिलने की वजह से निजी स्कूल संचालक निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों की खरीद करा रहे हैं।

सीबीएसई, आईसीएसई के साथ बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में परिणाम घोषित किया जाने लगा है। जिन स्कूलों में वार्षिक परीक्षाफल घोषित हो चुका है। उनमें किताबों की खरीद कराई जा रही है।

शासन की ओर से सभी स्कूलों को निर्देश हैं कि वह एनसीईआरटी किताबों से स्कूलों में पढ़ाई कराएं।



फोटो 28 बीडीएन 201 दुकान पर बिक्री के रखीं किताबें और स्टेशनरी।

### 200 रुपये के स्थान पर खर्च हो रहे 3 से 4 हजार

कक्षा एक और दो की एनसीईआरटी की किताबें बाजार में 200 रुपये से लेकर साढ़े 300 रुपये मिल जाती हैं। कक्षा छह से आठ तक की किताबें कुल 450 लेकर 550 रुपये में मिल जाती हैं। वहीं निजी प्रकाशकों की किताबें स्टेशनरी के साथ तीन से चार हजार रुपये में अभिभावक खरीदने के लिए विवश हैं।

लेकिन बाजार में एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध न होने की वजह से अभिभावकों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। बाजार में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित कई प्रमुख विषयों की किताबें दुकानों पर उपलब्ध नहीं हैं।

दुकानदारों का कहना है कि मांग अधिक न होने की वजह से अभी एनसीईआरटी की किताबें नहीं मंगाई है। वहीं बाजार में एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध न होने पर निजी स्कूल संचालक लाभ उठा रहे हैं। उनके द्वारा अभिभावकों से निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों की खरीद करा रहे हैं। बाजार में जहां एनसीईआरटी की किताबों का सेट 200 सौ रुपये से लेकर 500 सौ रुपए तक में मिल जाता है, वहीं निजी प्रकाशकों की किताबें तीन से चार गुना अधिक कीमत पर मिल रही हैं। स्कूलों की मनमानी और दुकानदारों द्वारा एनसीईआरटी की किताबें मंगवाने की वजह से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

### निर्धारित दुकानों से कराई जा रही खरीद

नए शैक्षिक को लेकर निजी स्कूल संचालकों की मनमानी शुरू हो गई है। बाजार में एनसीईआरटी की किताबों का लाभ निजी स्कूल संचालक उठा रहे हैं। उनके द्वारा महंगी निजी प्रकाशकों की किताबों की खरीद कराई जा रही है। किताबों की खरीद भी निर्धारित दुकानों से कराई जा रही है। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन उन्हें बाजार से स्वतंत्र रूप से किताबें खरीदने की अनुमति नहीं देते हैं। निर्धारित दुकानों से ही किताबें लेने का दबाव बनाया जा रहा है। इसके अलावा कॉपियों पर स्कूल का लोगो लगाकर अधिक कीमत वसूली जा रही है।

### 10 से 15 प्रतिशत महंगी हुई किताबें और स्टेशनरी

बीते वर्ष के मुकाबले इस बार कॉपी-किताबें और स्टेशनरी की कीमतों में पांच से दस प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि कागज महंगा होने की वजह से किताबों और स्टेशनरी महंगी हुई है। किताबों की खरीद के वजह से आर्थिक बोझ तले दबे अभिभावक प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिससे उन्हें सस्ती किताबों की उपलब्धता हो सके।

> अभी शैक्षिक सत्र की शुरुआत नहीं होने की वजह से बाजार में एनसीईआरटी की किताबों की कमी हो सकती है। शैक्षिक सत्र शुरू होने तक बाजार में किताबें आ जाएगी। स्कूलों को एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराने के आदेश जारी कर दिए हैं।
>
> **-लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

# नव नियुक्त जिला महामंत्री का किया स्वागत



जोगेंद्र सिंह पटेल का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त जिला महामंत्री जोगेंद्र पटेल उर्फ टीटू भाई के सहसवान नगर मंडल आगमन पर बाजार बिल्सनगंज स्थित राय साहब की कोठी पर स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम नगर उपाध्यक्ष आदर्श सक्सैना के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी ने किया, जिसमें नगर की पूरी टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत कर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जोगेंद्र पटेल के नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी, कार्यकर्ता और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य अवढर शर्मा, जिला संयोजक सोशल मीडिया अनुराग दीक्षित, नगर महामंत्री दीपक माहेश्वरी, देवेंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष हिमांशु माहेश्वरी, मनीष माहेश्वरी, राहुल ठाकुर, अबीर सक्सैना, विजेंद्र शंखधार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने विधायक को किया सम्मानित

● गल्ला मंडी में एक आढ़त पर सम्मान समारोह आयोजित

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** गल्ला मंडी स्थित मनोज वार्ष्णेय की आढ़त पर शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के लिए बाईपास निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत होने और नगर में बढ़ती यातायात समस्या को देखते हुए रोडवेज बस स्टैंड निर्माण की पहल पर विधायक हरीश शाक्य का व्यापारियों ने सम्मानित किया।

व्यापारियों ने कहा कि बाईपास बनने से जहां नगर में जाम की समस्या से राहत मिलेगी, वहीं रोडवेज बस स्टैंड से यात्रियों को भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नगर के विकास के लिए इस प्रकार की योजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। व्यापारियों ने आशा जताई कि भविष्य में भी इसी तरह विकास कार्यों को गति मिलती रहेगी। समारोह में डा.राजाबाबू वार्ष्णेय, नरेंद्र गरल, सुधीर सोमानी, लोकेश बाबू वार्ष्णेय, दीपक चौहान अजीत सिंह गुर्जर, उमेश चंद, प्रखर माहेश्वरी आदि व्यापारी मौजूद रहे।




बिल्सी विधायक हरीश शाक्य को सम्मानित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# बेटे को परेशानी में बताकर लाखों रुपये की ठगी

**बदायूं, अमृत विचार** : एक महिला को उसके बेटे को परेशानी में बताकर लाखों की ठगी कर ली गई। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी रीनू गुप्ता पत्नी शिव कुमार गुप्ता ने बिसौली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार दोपहर लगभग चार बजे वह अपने मायके बिसौली आ रही थीं। दीपक टॉकीज के पास एक युवक ने उनसे पता पूछा। रीनू ने कहा कि वह नहीं जानतीं। युवक ने रीनू से कहा कि उनका रुदायन में मेडिकल स्टोर है क्या। महिला चकित रह गई कि उसे उनके बारे में कैसे पता। युवक ने कहा कि महिला के बेटे पर संकट है। उसने महिला के हाथ पर रुपयों की गड्डी रख दी और जाप करने को कहा। उसने जैसा बोला महिला वैसा करती रही। इसी बीच वह महिला की चेन, तीन अंगूठी, कुंडल, मोबाइल फोन लेकर भाग गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# रामनवमी मेले में रही तैनात पुलिस

● महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा को चलाया मिशन शक्ति अभियान

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार** : शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत शनिवार को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने न केवल थाने पर आईं महिलाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया, बल्कि रामनवमी मेले में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

फैजगंज बेहटा में आयोजित रामनवमी मेले और विशेष रूप से मीना बाजार में महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस टीम ने पैदल गश्त की। टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुशील कुमार विश्नोई के नेतृत्व में पुलिस बल ने मेले में बेवजह घूम रहे और संदिग्ध प्रतीत हो रहे युवकों को रोक कर उनकी चेकिंग की।

पुलिस ने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि महिलाओं की सुरक्षा में खलल डालने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना परिसर में मिशन शक्ति डेस्क पर पहुंची महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित किए टीम इस अभियान के दौरान मुख्य रूप से एसआई विजेंद्र सिंह, कांस्टेबल राहुल सिंह, महिला कांस्टेबल अंजली शर्मा और पीआरडी प्रवेश कुमारी मौजूद रहीं। पुलिस की इस सक्रियता से मेले में आईं महिलाओं ने सुरक्षित महसूस किया और प्रशासन की इस पहल की सराहना की।



मेले में महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार




# राम के आदर्श अपनाकर बनेगा संस्कारित समाज

**बिल्सी, अमृत विचार:** ग्राम गुधनी में प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में आर्य समाज के तत्वावधान में श्री रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। आचार्य संजीव रूप ने यज्ञ संपन्न कराते हुए श्रीराम कथा का वाचन किया। उन्होंने श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि लोग उनके जीवन की दो शिक्षाओं को अपना लें तो समाज में सुख-शांति स्थापित हो सकती है। बताया कि भगवान राम अभिवादनशील थे और वे प्रतिदिन माता-पिता, गुरु व बुजुर्गों का सम्मान करते थे, जिससे आयु, विद्या, यश और बल की वृद्धि होती है। वर्तमान में बुजुर्गों की उपेक्षा चिंता का विषय है। इस दौरान विश्वजीत पाल, बद्री प्रसाद आर्य आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने 22 मेधावियों को बांटी साइकिल



मेधावियों को साइकिल भेंट करते बिल्सी विधायक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** गांव दिधौनी नगर के मिथिलेश कुमारी मॉडर्न स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरीश शाक्य मौजूद रहे। उन्होंने 22 मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कीं।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अनुराय और अजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष 22 छात्रों को साइकिल दी गई हैं। साथ ही वर्षभर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ज्ञान देवी सागर एवं पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश सागर भी मौजूद रहे। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार** : रामनवमी के उपलक्ष में गांव भूरीपुर कुसैना में दो दिवसीय मेले में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में दूसरे जनपद से आए पहलवानों ने एक दूसरे को पटकनी देकर पुरस्कार प्राप्त किये।

बिनावर क्षेत्र के गांव भूरीपुर कुसैना में रामनवमी पर दो दिवसीय मेरा और दंगल कार्यक्रम आयोजन किया गया। दंगल में बीसलपुर, पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर मुरादाबाद, फर्रुखाबाद, खीरी आदि जनपदों से पहुंचे पहलवानों ने दमखम दिखाया। उत्तराखंड के काशीपुर से पहुंचे विक्रम पहलवान ने खीरी के श्याम सुंदर पहलवान को पराजित पराजित कर दिया।

शाहिद पहलवान उत्तराखंड ने हरियाणा के विनोद पहलवान को पटकनी देकर हरा दिया। मेले में करीब दो दर्जन से अधिक कुश्तियां हुईं। पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवान को पटखनी देकर पराजित किया।

मेला कमेटी प्रबंधक पूर्व प्रधान तोताराम सिंह ने बताया कि रामनवमी को लगने वाले इस मेले में गांव टिटौली, हरनाथपुर, उसैता, अर्सिस आदि गांवों के ग्रामीणों के लोग भारी संख्या में आ रहे हैं।

मेले में तरह तरह के खेल खिलौने आदि मनोरंजन कै साधन उपलब्ध हैं। इस मौके पर सतीश सागर, नत्थू लाल आदि लोग मौजूद रहे।



दंगल में जोर आजमाइश करते पहलवान। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### इंटर कॉलेज में बांटा परीक्षाफल, दी बधाई




**बिल्सी, अमृत विचार** : शनिवार को नगर के महेश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गृह परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया, जिसमें उपयुक्त सूची के अनुसार कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुबीन मालपानी एवं मुकुल मालपानी, प्रधानाचार्य डॉ. रोहिताश कुमार एवं उप-प्रधानाचार्य आलोक सक्सेना सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उपस्थित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई और 1 अप्रैल से नए सत्र में अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया।

### मिशन शक्ति टीम ने कराई पति-पत्नी में सुलह




**सहसवान, अमृत विचार** : नगर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी अमरीन पत्नी रिजवान ने शनिवार को मिशन शक्ति केंद्र पर आकर अपने पति के खिलाफ शिकायत की। पुलिस टीम ने अमरीन के पति रिजवान से संपर्क कर बुलाया। दोनों पक्षों की टीम द्वारा काउंसलिंग की गई। इसके बाद दोनों पक्ष एक साथ रहने को सहमत हुए। अमरीन पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट हुई, वह अपने पति के साथ सम्मान मिशन शक्ति केंद्र से घर चली गयी। दूसरी तरफ मिशन शक्ति टीम को भ्रमण के दौरान एक बच्चा मिला जिसकी उम्र करीब चार साल थी। उसने अपना नाम तैमूर बताया तथा अपने माता-पिता का नाम व अपने घर का पता नहीं बता पा रहा था। टीम द्वारा तैमूर के मां बाप का पता लगा लिया गया। बच्चा मोहल्ला बजरिया के मोहम्मद शफीक का बेटा है। इसके बाद उसकी मां को बुलाया गया। तैमूर की मां ने बताया कि यह मेरे साथ बाजार आया था तभी खो गया। तैमूर को मिशन शक्ति केंद्र से उसकी मां फईम अख्तर के सुपुर्द कर दिया।

### स्कूल में लगी विज्ञान और कला प्रदर्शनी




**वजीरगंज**, कस्बा सैदपुर स्थित नूरी रजा मेमोरियल कॉलेज में एक दिवसीय विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान माडलो का प्रदर्शन किया। छात्र एवं छात्रों ने हस्तकला के एक से बढ़कर मॉडल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि संविलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने कहा कि आज का समय विज्ञान व तकनीकी का युग है। विशिष्ट अतिथि संविलियन विद्यालय के सहायक अध्यापक मनीष कुमार ने विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी मेला के आयोजन होने से बच्चों की अन्तनिरहित प्रतिभाएं निकल कर बाहर आती है। प्रदर्शनी में गुलाम-मुस्तफा द्वितीय मोहम्मद फ़ैज़ कुरैशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हस्तकला में अफ़फ़ान खान प्रथम शनिब अली, द्वितीय व विलाल कुरैशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में के के कॉन्वेंट स्कूल के प्रधानाध्यापक जीशान सिद्दीकी व सन राइज पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक नाजिम खां रहे। इस अवसर पर इकरार हुसैन, अब्दुल वाहिद हुसैन रशिम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक को शराब की दुकान में पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मौर्या मार्केट निवासी दिलीप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि होली पर उसके दोस्त की उदित, गब्बर, शंकर और छोटू से कहासुनी के बाद विवाद हो गया था। इस विवाद से उसका कोई लेना देना नहीं था। आरोपी उससे रंजिश मानते थे। 27 मार्च की रात नौ बजे वह स्टेशन के निकट स्थित शराब भट्ठी पर अपने दोस्त रिंकू से मिलने गए थे। तभी चारों आरोपी वहां आए और गाली गलौज करते हुए पिटाई की। पुलिस को कॉल करने के लिए मोबाइल निकाला तो आरोपियों ने छीनकर फेंक दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह बचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दीहै।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव जसूपुर निवासी महिपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी गांव के राजाराम पुत्र इंदलप्रसाद से पुरानी रंजिश है। मीरपुर रतनपुर से घर लौटते समय राजाराम उसके बेटे बृजेश, मोहित ने अपने घर के सामने घेरकर लाठी डंडों से वार किए। चीख-पुकार सुनकर जमा हुए ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने राजाराम, बृजेश, मोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### शिकायत करने पर दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री को गांव का एक युवक बहला फुसलाकर ले गया था। शिकायत करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी रामनगर जगतपुर गांव निवासी सूरजपाल पुत्र सीताराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सड़क हादसे घायल ने दी तहरीर

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पैतभोजी निवासी नंदराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र राजकपूर 26 मार्च को रामनगर जगतपुर ईट भट्ठे से काम करके साइकिल से घर लौट रहा था। रामनगर बाजार के पास थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम बड़ी अझारी निवासी अमित कुमार पुत्र रामकुमार ने बाइक से टक्कर मार दी। जिसमें पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गश्या। उसे लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्यारोपी के पिता एवं ताऊ पर रंगदारी की रिपोर्ट

## प्लांट पर हत्याकांड : सरकारी जमीन पर कब्जा करके लगवाते थे बाजार, दुकानदारों से करते थे वसूली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर दो अधिकारी उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और उप मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की हत्या मामले में तहसील प्रशासन की कार्रवाई और तेज हो गई है। मुख्य हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह के पिता राजेश सिंह और ताऊ राकेश सिंह पर रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। वह लोग सरकारी जमीन पर बाजार लगवाकर तहबाजारी करते थे।

प्लांट पर 12 मार्च की दोपहर दोनों अधिकारियों की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद धीरे-धीरे मुख्य आरोपी, उसके ताऊ पूर्व प्रधान राकेश सिंह के अवैध रूप से बनाए गए साम्राज्य का खुलासा हो रहा है। पिछले दिनों प्रशासन की जांच में पता चला कि वह लोग गांव के पास सरकारी जमीन पर कब्जा करके बाजार लगाते थे। जहां दुकानदारों से 30, 50 से लेकर 100 रुपये हर बाजार से वसूले जाते थे। सप्ताह में दो दिन बुधवार और रविवार को बाजार लगती थी। उन्होंने दुकानदारों से रुपये लेने के लिए कुछ गुर्गों को लगा रखा था। एसडीएम दातागंज ने 18 मार्च को मौके पर जाकर जमीन की नाप कराई थी। दुकानदारों को निर्देशित किया था कि वह किसी को दुकान लगाने के लिए रुपये न दें। जिसके बाद शनिवार को एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार, तहसीलदार छविराम और हल्का लेखपाल हेम सिंह मौके पर पहुंचे। बाजार की नपत कराई गई। जिसके बाद हल्का लेखपाल की तहरीर पर थाना मूसाझाग में राजेश सिंह, पूर्व प्रधान राकेश सिंह और उनके परिजनों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।


मौके पर पहुंचकर बाजार की नपत कराते एसडीएम धर्मेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

### दो लोगों पर धारा 67 की कार्रवाई

मुख्य हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह के ताऊ ने अपनी जमीन दिखाकर कुछ लोगों को बेच दी थी। उन लोगों को सरकारी जमीन पर कब्जा कराया था। इस मामले में तहसील प्रशासन जांच कर रहा है। अब तहसील प्रशासन ने उन लोगों में से सुनील और सुबोध पर तहसीलदार कोर्ट में धारा 67 के अंतर्गत मामला दर्ज कराया

### कांग्रेसियों ने शोक सभा कर अधिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**बदायूं, अमृत विचार :** इस दोहरे हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कांग्रेसी 29 मार्च को न्याय यात्रा निकालेगी। शनिवार को कांग्रेसियों ने समरेर में शोक सभा करके अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि रविवार दोपहर 12 बजे बदायूं शहर में डॉ. आंबेडकर पार्क से शुरू होगी। जो समरेर, दातागंज, उसावां, म्याऊं, हजरतपुर, सैंजनी, उसहैत आदि में पहुंचेगी। यह न्याय यात्रा 5 अप्रैल तक चलेगी। उन्होंने कहा कि मृत अधिकारियों के परिजन एसआईटी जांच से संतुष्ट नहीं हैं। आरोपियों को संरक्षण देने वालों पर एसआईटी और मूसाझाग पुलिस हाथ नहीं डालेगी। सीबीआई जांच के बिना दोषियों पर कार्रवाई संभव नहीं है। राज्य सरकार को सीबीआई जांच स्वीकार कर लेनी चाहिए। अधिवक्ता वेद प्रकाश यादव, बिजनेश यादव, अभिषेक यादव, नवनीत यादव, सुरेंद्र सिंह, अभिषेक गुर्जर, लालाराम, होराम, धर्मेंद्र, मनोज शर्मा, रामलखन गुर्जर, सत्यकुमार गुर्जर आदि मौजूद रहे।


शोक सभा के दौरान मौजूद कांग्रेसी। ● अमृत विचार

# वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं को मिला सम्मान


छात्राओं को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

● महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मोनू और भावना बने चैंपियन

**अमृत विचार:** शनिवार को महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

समारोह में मुख्य अतिथि रही राजकीय कॉलेज की प्राचार्या डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने कहा जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो, तब तक निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. जे.पी. सिंह ने अपने जीवन अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. हुकुम सिंह, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा ने अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता का आधार बताया। प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए सही रणनीति और योजना बनाकर उस पर अमल करना जरूरी है। अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष महाविद्यालय का चैम्पियन छात्र वर्ग में मोनू यादव तथा छात्रा वर्ग में भावना ठाकुर रहीं। में शाहबुद्दीन अली खां, विशाल महर, अब्दुल रईस खां, सुभाष बाबू, सूरज पाल, प्रदीप कुमार, निर्देश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस पर जानलेवा हमला, जवाबी फायरिंग करके पकड़ा शातिर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पुलिस ने रुकने का किया इशारा तो आरोपी श्रीपाल ने पुलिस पर शुरू कर दी फायरिंग

● आरोपी पर विभिन्न अपराध के लगभग एक दर्जन से ज्यादा मुकदमा दर्ज हैं

**अमृत विचार :** गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर जानलेवा हमला किया। पुलिस को देखते ही फायरिंग करने लगा। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग करके उस शातिर बदमाश को पकड़ लिया। उसके पैर में गोली लगी। आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार रात उझानी कोतवाली पुलिस को छतुईया रेलवे क्रॉसिंग से बाईपास जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिली। मुखबिर ने बताया कि वह संदिग्ध व्यक्ति कोई घटना कर सकता है। उपनिरीक्षक जगमेंद्र सिंह व रविंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां एक युवक आता नजर आया। पुलिस ने उसे टोककर रुकने का इशारा किया तो उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग की और खेतों की ओर भागने लगा।

पुलिसकर्मी गोली से बच गए। फिर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। युवक के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर खेत में गिर गया। उसके पास से एक तमंचा, एक जिंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नझियाई निवासी श्रीपाल पुत्र छोटे बताया। सूचना मिलने पर सीओ उझानी राहुल पांडेय भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आरोपी श्रीपाल एनबीडब्ल्यू का आरोपी है। उस पर विभिन्न अपराध के लगभग एक दर्जन से ज्यादा मुकदमा दर्ज हैं। पुलिस की निगरानी में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

> वांछित अभियुक्तों के लिए अभियान चलाया जा रहा है। रात में पुलिस को युवक को पकड़ने गई थी। उसने पुलिस पर फायरिंग की। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी। उसके खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
> -राहुल पांडेय, सीओ उझानी।

# अकीदत के साथ शुरू हुआ सूफी संत का उर्स

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** ककराला स्थित दरगाह पर सूफी संत हजरत शाह शुजाअत अली मियां का 70वां सालाना उर्स पूरे अकीदत और एहतराम के साथ शुरू हुआ। उर्स के पहले दिन का आगाज पारंपरिक जुलूस एक परचम कुशाई से हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

सुबह से ही दूर-दराज से जायरीनों की आमद शुरू हो गई। जो दिन भर जारी रही। शनिवार सुबह कुरआन ख्वानी से हुई। जिसमें उलमा ए कराम व हाफिज-ए-कुरआन ने तिलावत कर खास दुआ की। दरगाह शरीफ पर हाजिरी देने और चादरपोशी के लिए अकीदतमंदों की भीड़ रही।दोपहर की नमाज के बाद जुलूस ए परचम कुशाई शान ओ शौकत से निकाला गया। जिसकी सरपरस्ती सज्जादानशीन हजरत शाह मोहम्मद गाजी मियां ने की जबकि कयादत हजरत सादकैन मियां व हाफिज गुलाम गौस सकलैनी ने की। जुलूस ज्यारत से शुरू होकर जामा मस्जिद, हुसैन गली, खिलाड़ी वाली चौपाल, पूरब पुल, मेन बाजार से होता हुआ दरगाह शरीफ पर संपन्न हुआ। रास्ते में सुमित अग्रवाल, नीरज गुप्ता, डॉ. मुन्नालाल, मुकेश राठौर, अमित अग्रवाल, राजेंद्र, अंकुर, हरपाल सागर, मनोज शर्मा, केशव शर्मा, अदनान खान ने पुष्प वर्षा की। जुलूस मे शामिल अकीदतमंदों ने उर्स शाह शुजाअत मिया, फैजाने पीरो मुर्शिद के नारे लगाए। अकीदतमंदों ने चादरपोशी की। पहले दिन के आयोजन में इंतिखाब सकलैनी, हमजा सकलैनी, मुरतुजा सकलैनी, मुन्तसिब सकलैनी, मुनीफ सकलैनी, गौसी सकलैनी, तौसीफ सकलैनी, हाफिज अयाज, हाफिज आमिल, हाफिज कैस आदि का सहयोग रहा।


दरगाह पर चादरपोशी करके मुल्क की सलामती की दुआ करते पूर्व मंत्री आबिद रजा।

**पूर्व मंत्री आबिद रजा ने दरगाह पर की चादरपोशी: बदायूं।** पूर्व मंत्री आबिद रजा ने दरगाह पर जाकर चादर और गुलपोशी की। ककराला के लोगों ने पूर्व मंत्री का माल्यार्पण करके स्वागत किया। देश व प्रदेश में आपस में भाईचारा व हिंदू-मुस्लिम एकता कायम रहने की दुआ की। जेगम खां, नवाजिश खान, सभासद आमिर व माजिद, अय्यूब खां, अरशद, अली फरशोरी, रिजवान खान, छोटू, लालू चौधरी, वसीम वारसी, फहीम, मोहम्मद रफी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री की मां के निधन पर दी श्रद्धांजलि


दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री हीरालाल कश्यप की मां के निधन सनातन समाज के प्रदेश अध्यक्ष राम नरेश गौतम ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

शनिवार को पूर्व मंत्री हीरालाल कश्यप की मां का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार लालपुल स्थित शमशान घाटपर किया गया। जहां पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।

भाजपा के नंगर मंत्री रामनरेश गौतम ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

इस अवसर पर पंडित अमन मंयक शर्मा, सुरेश सागर, शीलेंद्र सागर, शिवाजी सागर, महेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, जयपाल सागर, देवकुमार, सेवा राम, रिंकू, दया नन्द सागर, ज्ञानेंद्र कुमार आदि ने श्रृद्धांजलि दी।

# ककराला के युवक ने दिल्ली में फंदा लगाकर दी जान

**ककराला, अमृत विचार :** ककराला निवासी युवक ने दिल्ली में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर परिजनों में चीत्कार मच गया। डिप्रेशन और पारिवारिक तनाव में यह कदम उठाने की आशंका जताई जा रही है। थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला के वार्ड 15 निवासी फारिक खान (40) पुत्र मोहम्मद तारिक दिल्ली के शाहीन बाग में रहते थे। शनिवार को उनका शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची। फारिक खान के परिजनों को सूचना दी। परिजन दिल्ली गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि उनकी पत्नी दो साल से अपने मायके में रह रही थीं। जिसकी वजह से वह डिप्रेशन में चल रहे थे।


मृतक फारिक खान।

# पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर भागा आरोपी पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुलिस की गाड़ी में अपनी कार से टक्कर मारकर भागने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। आरोपी को जेल भेजा गया है।

मुजरिया पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। दिल्ली नंबर की एक कार सवार आता नजर आया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने कार की गति बढ़ाकर भागने का प्रयास किया। सिपाही ललित और मोनू बैंसला ने प्रभारी निरीक्षक विदेश कुमार शर्मा को फोन करके सूचना दी और कार का पीछा किया। वहीं प्रभारी निरीक्षक कोल्हाई के पास अपनी गाड़ी से पहुंचे। खुद को घिरा देखकर कार सवार ने पुलिस की गाड़ी को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने चालक को मय कार पकड़ लिया। उसके पास से एक तमंचा मिला। उसने अपना नाम मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव ढकपुरा मीरापुर निवासी बलराम शर्मा पुत्र महेंद्र शर्मा बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। उसके खिलाफ पहले से तीन और दिल्ली में एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।


मुजरिया पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

● मुजरिया थाने में तीन और दिल्ली में दर्ज हैं एक दर्जन से ज्यादा मामले

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत थाना क्षेत्र के गांव पदमपुर में जमीन के विवाद से परेशान युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक के बेटे सोनू ने बताया कि उनके पिता रामसरन पुत्र राजपाल का ताऊ से जमीन का विवाद चल रहा था। तीन चार दिन से उनके पिता के साथ मारपीट की जा रही थी। दो दिन पहले भी ताऊ और उनके दोनों बेटों ने अभद्रता की थी। छोटे भाई समन को जान से मारने की धमकी दी थी। शुक्रवार को पिता घर पर खाना खाकर लगभग सौ मीटर दूर झोपड़ी में सोने चले गए थे। उनका भाई दूध लेने गया तो पिता चारपाई पर नहीं मिले। पिता की तलाश की तो लगभग आधा किमी दूर नीम के पेड़ पर उनका शव लटका मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

संवाददाता बिल्सी

**अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में शनिवार को कक्षा पीजी से दूसरी तक के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर उत्साह और हर्षोल्लास से सराबोर रहा।

समारोह के दौरान शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पीजी से लेकर दूसरी तक के बच्चों के चेहरों पर अपनी पहली बड़ी जीत की खुशी साफ झलक रही थी। कक्षा-वार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अरविंद शाक्य, एडवोकेट प्रमोद सिंह और शिवोम सिंह ने शिरकत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।विद्यालय डायरेक्टर वी.पी. सिंहः ने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल साक्षर बनाना नहीं, बल्कि उन्हें एक सफल लीडर के रूप में तैयार करना है। एमडी राहुल कुमार सिंह ने कहा अभिभावकों और शिक्षकों का आपसी तालमेल ही बच्चों की सफलता की कुंजी है। प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना की और सभी को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
जे.पी. एकेडमी
सी.बी. गंज, बरेली
N.C. से कक्षा 8 तक
अध्यापिकाओं की
(बी.एड को प्राथमिकता)
साक्षात्कार 31.03.2026 मंगलवार
प्रातः 10 बजे से
जे.पी. गंगवार, प्रबंधक
9837634329

सूचना
मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम MOHAD ABUZAR अंकित हो गई है जबकि मेरी मेरे पुत्र का सही नाम (MD ABUZAR) है। जो कि सही है। उक्त सही नाम को मेरे सर्विस रिकॉर्ड में संशोधित किया जाये। मो. जकी पुत्र मो. शमीम अहमद निवासी ग्राम सुआगाडा पो. व तह. लखीमपुर जिला लखीमपुर-खीरी

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील गोला गोकर्णनाथ विकास खण्ड कुम्भी की न्याय पंचायत लन्दनपुर ग्रन्ट की ग्राम पंचायत सुहेला में प्रस्तावित बहु-उद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक 30.03.2026 को आयोजित की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। रभित कुमार पता-ग्राम सुहेला गोला गोकर्णनाथ जिला लखीमपुर (खीरी) 9161895627

सूचना
मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता जी का नाम KURESHA BEGAM तथा जन्मतिथि 25.05.1960 अंकित हो गई है जबकि मेरी माता जी का सही नाम KURESHA तथा जन्मतिथि 07.03.1970 है। जो कि मेरी माता जी के आधार कार्ड वोटर कार्ड पर अंकित है। जो कि सही है। उक्त सही नाम व जन्मतिथि को मेरे सर्विस रिकॉर्ड में संशोधित किया जाये। आतिफ अहमद पुत्र श्री शमीम अहमद निवासी ग्राम सुआगाडा पो. व तहसील लखीमपुर जिला लखीमपुर खीरी

सूचना
11 ½ बीघा जमीन बिकाऊ है।
सम्पर्क करें
ग्राम अमीर शाही के पास तहसील मीरगंज, बरेली
मो. 9634079263

NOTICE
I, Seva Singh is mentioned in the service record and Sewa Singh is correct. name is Sewa Singh.

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मनीष कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। रूपराम पुत्र स्व. श्री मिठ्ठन लाल निवासी ग्राम सैदपुर खजुरिया थाना कैन्ट तहसील व जिला बरेली।

RAM MURARI PUBLIC SCHOOL (SEN. SEC.)
Meeranpur Katra, Shahjahanpur
We are hiring
• PGT Physics
• PGT English
• Primary Teacher's
Interested candidates may send their resume on
rammuraripublicschool@gmail.com
or 6398020476

आवश्यकता है
प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाओं, चपरासी, गार्ड, माली, सफाई कर्मचारी की
B.K.S. मैमोरियल इंग्लिश स्कूल
रजपुरी ढकनी फरीदपुर (बरेली)
सम्पर्क करें : 9412196717

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी नहीं हुई, गरीबी में अब्बू-अम्मी ने दान कर दी थी बेटी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल से 21 दिन की नवजात चोरी होने का मामला झूठा निकला है। दुधमुंही गायब नहीं हुई थी, बल्कि अब्बू-अम्मी ने बहेड़ी के निसंतान दंपती को सौंप दिया था। समाज की नजरों में सच पर परदा डालने को परिवार ने बच्ची चोरी होने की फर्जी कहानी गढ़ दी थी, लेकिन पुलिस और स्वास्थ्य अफसरों के सवालों के आगे झूठ टिक नहीं सका। पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया है। बच्ची को दान देने के पीछे दंपती ने तीसरी बेटी पैदा होने और गरीबी में उसका पालन-पोषण नहीं की बात कही है, लेकिन पुलिस झूठी घटना बनाने के मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई करने वाली है।

### भागवत कथा के दौरान युवक से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव इब्राहीमपुर निवासी रामजीवन पासी ने बताया कि शुक्रवार को उसका भाई ओमकार पासी गांव में आयोजित भागवत कथा सुनने गया था। इसी दौरान गांव के ही रामकुमार चौहान, कमलेश चौहान और टून्नू चौहान से उसकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए ओमकार पासी पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में उसके हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी भी दे गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले की जांच सीओ धौरहरा को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खंभारखेड़ा मिल में हवन पूजन, कन्या भोज

**खंभारखेड़ा (खीरी), अमृत विचार :** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी मिल खंभारखेड़ा परिसर में मां दुर्गा की नवमी एवं रामनवमी पर पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। विधि-विधान से पूजा-अर्चना इकाई प्रमुख अवधेश गुप्ता ने किया। पश्चात हवन-यज्ञ हुआ और कन्या भोज कराया गया। साथ ही उन्हें दक्षिणा प्रदान की गई।

# सवारियों की जगह ई-रिक्शा में ढोई जा रही लकड़ी

## क्षमता से कई गुना अधिक लोड लेकर दौड़ रहे ई-रिक्शा नियमों की उड़ा रहे धज्जियां, प्रशासन बेखबर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


कस्बा सिंगाही में लकड़ी लादकर जा रहा ई-रिक्शा। ● अमृत विचार


खैरीगढ़ रोड पर लकड़ी भरकर जा रहा ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में सड़कों पर चलने वाले ई-रिक्शा अब खुलेआम माल ढुलाई का जरिया बनते जा रहे हैं। सवारियों के लिए निर्धारित इन वाहनों पर नियमों को दरकिनार कर लकड़ी और भारी भरकम सामान लादा जा रहा है। इससे हादसों का जोखिम बढ़ गया है। थानों और चौकियों के सामने से गुजरने वाले इन ई-रिक्शा पर कार्रवाई करने की बजाय जिम्मेदार मौन है।

सिंगाही, तिकुनिया और बेलरायां कस्बों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक सड़कों पर ऐसे ई-रिक्शा दौड़ते नजर आते हैं, जिनमें क्षमता से कई गुना अधिक भार भरा होता है। कई बार तो वाहन के अंदर पूरी तरह लकड़ियां ठूंस दी जाती हैं और ऊपर छत पर भी भारी बोझ लाद दिया जाता है। इससे वाहन का संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाता है और जरा सी लापरवाही भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है।

- **थानों व पुलिस चौकियों के सामने से गुजरते हैं वाहन**
- **कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा जिम्मेदार मौन**

स्थानीय लोगों के मुताबिक इन ई-रिक्शा चालकों में नियमों का कोई डर नहीं रह गया है।

बिना किसी रोक-टोक के ये वाहन भीड़भाड़ वाले बाजारों, स्कूलों और मुख्य मार्गों से गुजरते हैं। खासतौर पर स्कूली समय में बच्चों और अभिभावकों के बीच से गुजरते ओवरलोड वाहन बड़ी दुर्घटना का संकेत दे रहे हैं। कई बार चलते हुए वाहनों से लकड़ियां गिरने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिससे राहगीरों को चोटें आई हैं और अन्य वाहन चालक भी बाल-बाल बचे हैं। सबसे गंभीर पहलू यह है कि ये ओवरलोड ई-रिक्शा थानों और पुलिस चौकियों के सामने से बेखौफ गुजरते हैं, लेकिन कहीं कोई रोक-टोक नहीं होती।

जिम्मेदार अधिकारी न तो कोई नियमित चेकिंग अभियान चला रहे हैं और न ही नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई कर रहे हैं। इससे यह साफ संकेत मिलता है कि या तो लापरवाही चरम पर है या फिर इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। जानकारों के अनुसार ई-रिक्शा की बनावट और क्षमता सीमित होती है। इन पर अत्यधिक भार डालने से ब्रेक सिस्टम कमजोर हो जाता है, टायर फटने का खतरा बढ़ जाता है और वाहन का संतुलन बिगड़ने से पलटने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसके बावजूद इन वाहनों का उपयोग छोटे मालवाहक ट्रकों की तरह किया जा रहा है, जो सड़क सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन है। क्षेत्र में पूर्व में भी ओवरलोड ई-रिक्शा के कारण हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान तक जा चुकी है। क्षेत्रीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई की जाए। नियमित चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों को सीज किया जाए। चालकों पर भारी जुर्माना लगाया जाए और बार-बार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं। साथ ही, ई-रिक्शा संचालन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश लागू कर उनकी सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। इस मामले में एआरटीओ शांतिभूषण पांडेय ने बताया कि विभाग लगातार अभियान चलाकर ओवरलोड और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई कर उन्हें सीज भी कर रहा है। जल्द ही बेलरायां क्षेत्र में भी अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बैठक में गन्ना पर्ची न मिलने पर किसानों ने किया हंगामा

संवाददाता, भीरा

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति में शनिवार को आयोजित सामान्य निकाय की बैठक में गन्ना पर्ची न मिलने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा, जिससे माहौल गर्म हो गया। बाद में सचिव के जांच कर पर्चियां जारी कराने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

समिति प्रांगण में हुई बैठक में डायरेक्टर डॉ. बच्चू सिंह ने कहा कि गुलरिया चीनी मिल क्षेत्र के किसानों की गन्ना फसल खेतों में सूखने की कगार पर है, लेकिन दसवां पखवाड़ा समाप्त होने के बावजूद पर्चियां जारी नहीं हुई हैं, जिससे किसान बेहद परेशान हैं। ग्राम पड़रिया तुला के एक किसान ने बताया कि सर्वे के आधार पर उसकी 12 पर्चियां बनी हैं।

लेकिन अब तक केवल 5 ही मिली हैं। इसी तरह अभिषेक वाजपेयी ने भी पर्ची न मिलने की शिकायत की। इस पर सचिव जगपाल सिंह ने री-सर्वे कराकर पर्चियां दिलाने का आश्वासन दिया।

बैठक में पलिया चीनी मिल के 2 लाख क्विंटल से अधिक गन्ना खरीद के बावजूद भुगतान न करने पर भी संचालकों ने कड़ी नाराजगी जताई। अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह के माध्यम से गन्ना आयुक्त को प्रस्ताव भेजकर भुगतान कराने की मांग की गई। संचालक अनिल दीक्षित ने किसानों को खाद-बीज के साथ जबरन कीटनाशक व अन्य दवाएं देने की शिकायत उठाई, जिस पर वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया। अध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक को दो दिन समिति कार्यालय में रुकने के निर्देश दिए।

वहीं गुलरिया व पलिया चीनी मिल के महाप्रबंधकों के बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में समिति परिसर में इंटरलॉकिंग व 15 दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। साथ ही बेहतर उपज के लिए उच्च गुणवत्ता के गन्ना बीज उपलब्ध कराने की मांग को भी स्वीकृति दी गई। करीब तीन घंटे चली बैठक में गन्ना पर्ची और भुगतान का मुद्दा छाया रहा।

# तेंदुआ पकड़ने को वन विभाग का अभियान तेज

संवाददाता, सिंगाही


टीम के साथ वन क्षेत्राधिकारी बेलरायां भूपेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेलरायां वन रेंज के फुटहा फार्म इलाके में खतरनाक होते जा रहे तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। क्षेत्र में पांच पिंजरे लगाए गए हैं, जिनमें बकरी को चारे के रूप में बांधा गया है, ताकि तेंदुआ पिंजरे में फंस सके। हालांकि शनिवार तक तेंदुआ वन विभाग के जाल में नहीं आ सका।

वन विभाग की टीमें लगातार इलाके में डटी हुई हैं और आसपास के गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है। तेंदुए की दहशत के चलते ग्रामीण भय के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं। बीते बुधवार को इसी क्षेत्र में तेंदुए ने घर में घुसकर सात वर्षीय मासूम सिमरन को मार डाला था, जिसके बाद से लोगों में आक्रोश भी है। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि फुटहा फार्म के अलावा सिन्हौना, रमुआपुर और दलराजपुर गांवों में भी पिंजरे लगाए गए हैं। हर पिंजरे के पास दो-दो कैमरे लगाए गए हैं और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा।

शनिवार सुबह तेंदुए की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर गन्ने के खेतों की ओर पहुंच गए। सूचना मिलते ही सीडीओ मनोज तिवारी व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ घेराबंदी कर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फिर भी पकड़ से दूर रहा। फिलहाल वन विभाग की टीमें सतर्कता के साथ इलाके में लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

## काली मंदिर पर 101 कन्याओं का पूजन

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** सिंगाही खुर्द स्थित वार्ड नंबर 3 के काली माता मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह मंदिर की साफ-सफाई व सजावट के बाद विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

दोपहर बाद गांव की 101 कन्याओं को आमंत्रित कर उनके चरण धोकर सम्मानपूर्वक बैठाया गया। मंदिर कमेटी के रमेश मिस्त्री व शिबम ने स्टील की थालियों में भोजन परोसा और सभी कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। सामाजिक कार्यकर्ता आलोक प्रताप सिंह ने तिलक-वंदन किया। भोजन में पूड़ी, हलवा, चना व केले का प्रसाद वितरित किया गया।

# अमायरा, शिवी, अथर्व और प्रवीर बने टॉपर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के गोमती इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अंजनी मिश्रा रहे। उन्होंने नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए।

विभिन्न कक्षाओं के टॉपर्स में प्ले ग्रुप के प्रवीर श्रीवास्तव प्रथम, धृति सिंह द्वितीय और अविरल सिंह तृतीय स्थान पर रहे। नर्सरी वर्ग में अथर्व अवस्थी प्रथम, अयानाश कटियार द्वितीय और आकृति शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। यूकेजी में अमायरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सक्षम कुमार द्वितीय और अभिनंदन सिंह तृतीय रहे। एलकेजी में शिवी शुक्ला प्रथम रहीं, श्रेयांश मिश्रा द्वितीय और अनुभव शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक नीरज सिंह मौजूद रहे।



बच्चों को पुरस्कृत करते वरिष्ठ चिकित्सक।

# दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य व अन्य प्रवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का भव्य आरंभ किया गया। पहले दिन विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य प्रो. गीता शुक्ला ने सम्मानित किया।

समारोह का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. गीता शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथियों डॉ. ज्योति तिवारी, ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव एसएमआसिफ ने गुब्बारे उड़ाकर किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन क्रीड़ा प्रभारी अर्चना सिंह ने किया गया।

उद्घाटन सत्र में बैडमिंटन एवं कैरम बोर्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कैरम प्रतियोगिता प्रो. रेखा पांडे व सरिता के निर्देशन में और बैडमिंटन प्रतियोगिता डॉ. राखी चौहान व शुभ्रा मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

आयोजकों ने बताया कि आगामी सत्रों में खो-खो एवं रस्सीकूद जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। संचालन में कोच आबिदा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाएं प्रो. रेखा पांडे, डॉ. सुरचना त्रिवेदी, शिवांगी सक्सेना, डॉ. राखी चौहान, जसविंदर, शुभ्रा मिश्रा, सरिता आदि मौजूद रहीं।

# विभाग प्रचारक ने किया प्रधानाचार्य कक्ष आरंभ

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** शनिवार को आरएसएस के विभाग प्रचारक सुधांशु यहां के शिशु मंदिर पहुंचे। उन्होंने रेनोवेट हुए प्रधानाचार्य कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया और प्रबंधन पर चर्चा की। विभाग प्रचारक के सामने ही कुप्रबंधन के आरोप लगाए गए जिससे तीखी नोकझोंक भी हुई।

70 वर्ष पूर्व बना ये विद्यालय वर्तमान में जर्जर हो चुका है, हाल ही में प्रधानाचार्य के कार्यालय की छत भी काफी छतिग्रस्त हो गयी थी, जिसका रेनोवेशन विद्यालय के पूर्व छात्रों ने प्रशांत गर्ग की अगुआई में कराया है, शनिवार को इसी का उद्घाटन हुआ। तत्पश्चात पुरातन छात्र परिषद के पदाधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन के साथ सुधार हेतु विभाग प्रचारक सुधांशु ने वार्ता की। ये विद्यालय कभी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट छवि रखता था। लेकिन विद्यालय भवन के साथ शिक्षा व्यवस्था का रंग भी फीका होता गया, शुरुआत में इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी आज दुनिया के अनेक देशों में अच्छे मुकामों पर हैं। अब जर्जर भवन इस विद्यालय की छवि को धूमिल करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# आधुनिक उपकरणों से दी जा रही शिक्षा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला के स्कूल में नेत्र बाधित बच्चे को अंक ज्ञान कराते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत संचालित रिसोर्स सेंटर पर बच्चों को आधुनिक उपकरणों से शिक्षा दी जा रही है, जिसमें बच्चे खेल खेल में उत्साह से सीखते हैं।

नगर की पंजाबी कालोनी में खुले रिसोर्स सेंटर पर 27 बच्चे नामांकित हैं, जिन्हें विशेष शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षक ओम प्रकाश द्वारा दृष्टि बाधित बच्चों को ब्रेल लिपि में सभी विषयों को पढ़ने लिखने के साथ ही ट्रेलर फ्रेम व अबेकश के माध्यम से गणतीय ज्ञान कराया जा रहा है। श्रवण बाधित बच्चों को विशेष शिक्षक जगतपाल और प्रेमपाल गंगवार द्वारा सभी विषयों को सांकेतिक भाषा में समझकर पढ़ने लिखने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बौद्धिक अक्षम बच्चों को शिक्षिका सुमनलता द्वारा दैनिक क्रियाओं के साथ ही शैक्षिक प्रशिक्षण, शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जाती है। प्रधानाचार्य ने बताया कि शासन द्वारा बच्चों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें एस्कार्ट एलाउंस, स्टाइपेंड एलाउंस, दिव्यांग प्रमाण, उपकरण आदि शामिल हैं।

**रामनवमी** | श्रीराम चौराहा स्थित हनुमान मंदिर के सामने हुआ आयोजन, सदर विधायक रहे मुख्य अतिथि

# भजन संध्या में गूंजे भक्ति रस के स्वर, उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


भजन संध्या में मौजूद लोगों को संबोधित करतीं पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव।

**अमृत विचार :** श्री रामनवमी पर नगर पालिका परिषद द्वारा श्रीराम चौराहा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या ने पूरे शहर को भक्तिमय रंग में रंग दिया। शुक्रवार की देर रात तक चले इस समारोह में भक्ति, संगीत और श्रद्धा के अनूठे संगम के रूप में चलता रहा। मंदिर परिसर जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से लगातार गूंजता रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा।

कार्यक्रम का आयोजन पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सदर विधायक योगेश वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विधायक योगेश वर्मा ने भगवान श्रीराम के आदर्शों सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है और समाज को एकजुट रखने में उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं।

भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों एवं भजन मंडलियों ने श्रीराम और हनुमान जी की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। राम नाम की लूट है, मेरे राम आएंगे और जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई और भक्ति में डूबे नजर आए। मंदिर परिसर को विशेष रूप से रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया था।

प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य मंच तक भव्य सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए नगर पालिका की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन संध्या के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अंत में पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, कलाकारों, नगर पालिका कर्मियों और सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

**हनुमान जन्मोत्सवः कीर्तन पदयात्रा को लेकर निकली जागरण यात्रा, गूंजे जयकारे :** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाली 25वीं विराट कीर्तन पदयात्रा को लेकर शनिवार को नगर में भव्य जागरण यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर के सुभाष पार्क से प्रारंभ होकर बड़े चौराहे, अस्पताल रोड सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जय बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा में श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर शामिल हुए और भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम के संयोजक राजू अग्रवाल, विमल अग्रवाल और अजय अग्रवाल के नेतृत्व में यह आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, भाजपा महामंत्री आशू मिश्रा, जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा, आचार्य अनूप मिश्रा, समीर आदि यात्रा में शामिल रहे। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती इस यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोग पूरे भक्ति भाव से कार्यक्रम में शामिल हुए।

## पटेल संस्थान की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति की बैठक मिल बाईपास रोड स्थित पटेल संस्थान में संस्थान में हुई, जिसमें संगठन को गतिशील बनाने और होली मिलन समारोह करने पर चर्चा की गई।

पटेल संस्थान के अध्यक्ष पटेल राजीव वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में होली मिलन समारोह को सफल बनाने की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा मासिक बैठक हर माह के पहले रविवार को संस्थान में होना सुनिश्चित किया गया। बैठक में विभिन्न प्रकार के सामाजिक बिंदुओं पर विचार विमर्श कर संगठन को विस्तार देने एवं संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक में पटेल अशोक कनौजिया, अजय वर्मा, अमित कुमार वर्मा, महेश कुमार वर्मा एडवोकेट, डॉ. दीपू वर्मा, कपिल वर्मा, विशाल वर्मा, संजय वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# नवरात्रि महायज्ञ का समापन निकाली गई शोभायात्रा


गाजे बाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** ग्राम सिंगहा खुर्द में चल रहे चैत्र नवरात्रि महायज्ञ का समापन शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर मूर्ति विसर्जन किया गया।

शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई सरयू नदी मोतीपुर तट तक पहुंची, जहां आचार्यों द्वारा विधि-विधान से मूर्ति विसर्जन कराया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, राम मोहन दीक्षित, सुभाष वर्मा, सोनू चौधरी, रामप्रीत गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन के समापन पर ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिठौरा वि.खं. भदपुरा (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 29.03.2026

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिठौरा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत् है : ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। निविदा पंचायत कार्यालय पर दिनांक 29.03.2026 से 31.03.2026 तक किसी समय खोली जा सकती है। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति की सूचना किसी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | हजारी लाल के घर से त्रिलोकी नाथ के घर से सी सी रोड व नाली निर्माण कार्य | 70X3 मीटर | 1.90000.00 रूपये |

प्रधान-वीरमती सचिव-अभिषेक सिंह

## नदियों को भी मजहब के नाम पर बांटा जा रहा : अहसन मियां

**बरेली, अमृत विचार** : आला हजरत इमाम अहमद रजा खान का यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिवस) 30 मार्च को मनाया जाएगा। दरगाह पर इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने आला हजरत पर रोशनी डालते हुए कहा कि उनकी शख्सियत इल्म, इश्क-ए-रसूल और दीन की खिदमत के एक रोशन बाब की याद दिलाती है। उन्होंने कई भाषाओं में महारत हासिल की और सैकड़ों किताबें लिखीं।

सज्जादानशीन ने रमजान के दौरान वाराणसी में गंगा नदी में रोजा इफ्तार प्रकरण का भी जिक्र किया। आला हजरत का हवाला देते हुए कहा कि यमुना हो या गंगा हर दरिया पाक है। ऐसे ये आरोप लगाना कि मुसलमानों ने उसे गंदा किया-सरासर गलत है। कहा कि अगर इफ्तार के वक्त किसी शख्स के पास खाने को कोई और चीज मौजूद न हो, तो वह किसी भी बहते हुए पानी चाहे वह किसी भी दरिया का हो उससे इफ्तार कर सकता है, क्योंकि वह पानी हमारे लिए पाक है और शरीअत में इसकी इजाजत है। दरगाह से जुड़े परवेज नूरी ने बताया कि सज्जादानशीन ने वाराणसी घटना पर अफसोस जताते हुए कहा कि आज हालात इस हद तक पहुंच गए हैं कि नदियों को भी मजहब के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है।

## 21 साल से धर्म व पहचान बदलकर संभल में रह रहा लापता हिस्ट्रीशीटर पकड़ा गया

- नरेश से सुल्तान बन संभल में राष्ट्रीय महाशक्ति संघ के जिला सचिव के रूप में सक्रिय
- लूट, छिनैती, डकैती व चोरी के 9 मामले दर्ज, यक्ष एप से सत्यापन के दौरान मिली सूचना

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचारः** 21 साल से धर्म बदलकर रह रहे लापता हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुंडली खंगालने पर पता चला कि वह संभल जिले में एक संगठन के जिला सचिव के रूप में सक्रिय है। पुलिस ने छानबीन करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के गांव हाशमपुर गोपाल का निवासी नरेश पुत्र शंकर करीब 21 साल पहले परिवार को छोड़कर चला गया था। उसके ऊपर लूट, छिनैती, डकैती व चोरी जैसे 9 मामले दर्ज हैं। थाने में उसकी हिस्ट्रीशीट खुली हुई है। पुलिस उसकी छानबीन तभी से कर रही थी। पुलिस यक्ष एप के माध्यम से अभियुक्तों दुराचारियों का सत्यापन कर रही थी तभी हाशमपुर चौराहे पर सूचना मिली कि नरेश पुत्र शंकर वाल्मीकि जिसकी हिस्ट्रीशीट संख्या 75 ए है। करीब वह 21 साल से लापता चल रहा है। नाम व पहचान बदलकर संभल में रह रहा है। पाकबड़ा में किसी से मिलने आया है। इस पर पुलिस ने डींगरपुर रोड से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसका नाम सुल्तान पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम नाहरठेर थाना रायसत्ती जनपद संभल है। आरोपी के पास से एक छोटी हैंडबुक उर्दू में लिखी हुई, दो कूटरचित आधार कार्ड, तीन वोटर आईडी, एक पैन कार्ड, एक ई-श्रम कार्ड, एक प्रथमा बैंक का स्मार्ट कार्ड, एक लेटर हेड राष्ट्रीय महाशक्ति संघ भाजपा सपोर्टर जिला सचिव संभल मिला है। सही नाम नरेश पुत्र शंकर वाल्मीकि है। वह ग्राम हाशमपुर गोपाल थाना पाकबड़ा मुरादाबाद का रहने वाला है।

### पुलिस निगरानी के लिए घर आती थी इसलिए छिप गया

बताया कि उस पर लूट डकैती के कई मुकदमें दर्ज हैं जिसमें वह 8 से 9 साल तक जेल में भी रहा। हिस्ट्रीशीट खुलने के कारण पुलिस निगरानी के लिए घर पर आती थी, जिससे परेशान होकर वह 20-21 साल पहले गांव हाशमपुर गोपाल से चला गया और नाम व पहचान बदलकर छिपकर संभल में रह रहा था। उसने अपना नाम बदलकर सुल्तान पुत्र जमालुद्दीन रख लिया था।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ-खीरी

पत्रांक: 820/न.पा.परि.गोला/2025-26 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक: 28.03.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत / विक्रय पत्र / वरासत / अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहती है। अतः नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा और तद्नुसार परिवर्तन की कार्यवही कर दी जायेगी। विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | मोहल्ला | वार्ड सं. | भूमि भवन का विवरण | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति के स्वामी / विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुन्नूगंज | 12 | मकान | श्रीमती राजरानी सहगल पत्नी स्व. जगदीश लाल सहगल | श्री राजकुमार कक्कड़ पुत्र स्व. मनोहर लाल | विक्रय पत्र |
| 2. | मुन्नूगंज | 12 | मकान पक्का | श्री मदन मनोहरलाल पुत्र छेदालाल | श्री अशोक कुमार मिश्र संजीव कुमार मिश्र पुत्रगण स्व. मदन मनोहर लाल | वरासत |
| 3. | मुन्नूगंज | 5 | भू भाग | श्री रामचन्द्र मिश्र पुत्र जगमोहन लाल | श्रीमती रोली मिश्रा पत्नी प्रकाश मिश्रा | विक्रय पत्र |
| 4. | गोकर्णवार्ड | 3 | आवासीय प्लाट | श्री शम्भूशरण पाण्डेय पुत्र श्यामबिहारी पाण्डेय | श्री विजय कुमार पुत्र जगमोहन लाल | विक्रय पत्र |
| 5. | गोकर्णवार्ड | 3 | आवासीय प्लाट | श्री विजय कुमार पुत्र जगमोहन लाल | श्रीमती मंशा पत्नी गीताराम | विक्रय पत्र |
| 6. | पश्चिमी दीक्षिताना | 2 | मकान पक्का | श्रीमती अनीशा बानो पत्नी स्व. इसहाक अली | श्री इजहार अली पुत्र स्व. इसहाक अली | वरासत |
| 7. | मुन्नूगंज | 12 | भू-भाग | श्रीमती सुमन पत्नी अशोक तोमर स्वयं व वहैसियत मुख्तारेआम श्रीमती प्रवीन पत्नी मनमोहन व मुकेश कुमार साहनी पुत्र श्री अमरनाथ साहनी वहैसियत मुख्तारेआम श्रीमती विनोद पत्नी अमरनाथ व प्रीति पत्नी मुकेश कुमार साहनी व श्याम कुमार पुत्र अशरज लाल आनन्द वहैसियत मुख्तारेआम श्रीमती दीपाली पत्नी वासुदेव आनन्द | श्रीमती नीलम पुरवार पत्नी योगेन्द्र कुमार | विक्रय पत्र |
| 8. | गोकर्णवार्ड | 19 | भू-भाग | श्रीमती रामदुलारी पत्नी सूरज प्रसाद | श्रीमती रेखा देवी ओम श्री माया पुत्रीगण स्व. सूरज प्रसाद | वरासत |
| 9. | मुन्नूगंज | 23 | मकान पक्का | श्रीमती शान्ती देवी पत्नी गोवर्धन लाल | श्री राकेश कुमार मौर्य, रामशंकर मौर्य पुत्रगण गोर्वधन लाल | वरासत |
| 10. | गोकर्णवार्ड | 19 | मकान पक्का व दुकान | श्री श्यामजी पुत्र जगन्नाथ प्रसाद | श्री आदर्श बाजपेयी पुत्र वीरेन्द्र बाजपेई व नीलम बाजपेई पत्नी आदर्श बाजपेई | विक्रय पत्र |
| 11. | कुम्हार टोला | 20 | मकान पक्का | श्रीमती चन्दावती पुत्र रामऔतार | नीतू व रेखा पुत्रीगण रामऔतार | वसीयत |
| 12. | मुन्नूगंज | 5 | भू-भाग | श्रीमती राजरानी पत्नी रामसरन वर्मा | श्री रामसरन वर्मा पुत्र मथुरा प्रसाद वर्मा, कमलेश कुमार, मनू कुमार पुत्रगण रामसरन वर्मा | वरासत |
| 13. | कुम्हार टोला | 1 | मकान पक्का | श्री प्रज्ञा प्रकाश सिंह पुत्र जयराम | श्रीमती बेलेश्वरी देवी पत्नी स्व. प्रज्ञा प्रकाश सिंह | वरासत |
| 14. | मुन्नूगंज | 5 | मकान पक्का दो मंजिल | श्रीमती सुरजा देवी पत्नी स्व. राजाराम सक्सेना | श्रीमती पुष्पलता सक्सेना पत्नी अखिलेश | दान पत्र |
| 15. | पूर्वी दीक्षिताना | 24 | मकान पक्का दो मंजिल | श्री वीरपाल सिंह पुत्र बचान सिंह | श्री सुनील सिंह पुत्र शिवरतन सिंह | विक्रय पत्र |
| 16. | पूर्वी दीक्षिताना | 24 | मकान पक्का दो मंजिल | श्री रामकुमार सैनी पुत्र रामचरन सैनी | श्री अनूप सैनी (सावन सैनी) पुत्र स्व. रामकुमार सैनी | वसीयत |
| 17. | मुन्नूगंज | 12 | भू-भाग | श्रीमती शकुन्तला वर्मा पत्नी विनोद कुमार | श्रीमती सुनीता देवी पत्नी संतोष कुमार | विक्रय पत्र |
| 18. | गोकर्णवार्ड | 10 | मकान पक्का | श्रीमती जमुना देवी पत्नी रमेश चन्द्र मिश्रा | श्रीमती रामकली पत्नी श्री पिंकू | दान पत्र |
| 19. | गोकर्णवार्ड | 10 | मकान व प्लाट | श्रीमती जमुना देवी पत्नी रमेश चन्द्र मिश्रा | श्रीमती रीना मिश्रा पत्नी दिनेश चन्द्र मिश्रा | दान पत्र |
| 20 | मुन्नूगंज | 5 | मकान पक्का दो मंजिल | श्री भोलानाथ पुत्र छोटेलाल शाह | श्री सन्दीप गुप्ता पुत्र स्व. छोटेलाल गुप्ता | वरासत |
| 21. | कुम्हार टोला | 1 | आवासीय भवन व भूखण्ड | श्री मनोज कुमार पुत्र रामप्रसाद | श्री सर्वेश पुत्र जै जै राम | विक्रय पत्र |
| 22. | मिलवार्ड | 15 | भू-भाग | श्री फूलचन्द्र पुत्र शिवचरन | श्री हरी शंकर पुत्र स्व. फूलचन्द | वरासत |
| 23. | मुन्नूगंज | 21 | मकान पक्का व दुकान | श्री रमेश चन्द्र पुत्र मुरलीधर | श्रीमती रामवती पत्नी स्व. रमेश चन्द्र गुप्ता, सतीश कुमार गुप्ता, अंकित कुमार गुप्ता, विमल कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व. रमेश चन्द्र गुप्ता | वरासत |
| 24. | मुन्नूगंज | 21 | मकान पक्का व दुकान | श्रीमती रामवती पत्नी स्व. रमेश चन्द्र गुंप्ता, अंकित कुमार गुप्ता, विमल कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व. रमेश चन्द्र गुप्ता | श्री सतीश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. रमेश चन्द्र गुप्ता | दान-पत्र |
| 25. | मुन्नूगंज | 12 | भू-भाग | श्रीमती पुष्पा वर्मा पत्नी सुरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्री विशेश्वर सिंह वर्मा | श्रीमती नीना राजपूत पुत्री मुरारी लाल | विक्रय पत्र |
| 26. | मुन्नूगंज | 9 | भू-भाग | श्री जगदीश प्रसाद वर्मा पुत्र स्व. राजाराम | श्रीमती पूनम देवी पत्नी उपेश कुमार | विक्रय पत्र |
| 27. | भूडवार्ड | 17 | दुकान व प्लाट | श्रीमती विभा देवी पत्नी स्व. रजनेश कुमार | श्री मो. गुलफाम पुत्र मो. सफी | विक्रय पत्र |
| 28. | कुम्हार टोला | 20 | भू-भाग | श्री राजकुमार गुप्ता पुत्र स्व. विश्वनाथ गुप्ता | श्री अरूण कुमार गुप्ता पुत्र सुरेन्द्रनाथ गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 29. | कुम्हार टोला | 1 | मकान पक्का | श्री छोटेलाल पुत्र अर्जुन लाल | वन्दना, अर्चना, प्रियंका पाण्डेय, कु. कल्पना पुत्रीगण स्व. विजय कुमार शर्मा | वरासत |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ खीरी**

## कार्यालय नगर पंचायत उसावां (बदायूं)

संख्याः- 225/न.प.उसां./2025-26 दिनांक: 28.03.2026

**ई-नीलामी सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उसावां की वार्षिक ठेका सब्जी मण्डी की फीस वसूली हेतु उच्चतम बोली आमंत्रित कराने हेतु E-Tender Technical and Financial bid के माध्यम से दिनांक 30.03.2026 को समय 11 बजे से दिनांक 18.04.2026 तक सायं 5 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। E-Tender से प्राप्त निविदायें E-Tender Technical and Financial bid दिनांक 19.04.2026 से खोली जायेगी। E-Tender Technical and Financial bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की देखी जा सकती है।

**देवेन्द्र प्रताप गौतम**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसावां, बदायूं**

**प्रियंका सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसावां, बदायूं**

## कार्यालय नगर पंचायत उसावां (बदायूं)

संख्याः- 223/न.प.उसां./2025-26 दिनांक: 28.03.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु E-Tender Technical and Financial bid के माध्यम से दिनांक 30.03.2026 को समय 11 बजे से दिनांक 18.04.2026 तक सायं 5 बजे तक आमंत्रित की जाती है। E-Tender से प्राप्त निविदायें E-Tender Technical and Financial bid दिनांक 20.04.2026 से खोली जायेगी। E-Tender Technical and Financial bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की देखी जा सकती है।

**देवेन्द्र प्रताप गौतम**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसावां, बदायूं**

**प्रियंका सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसावां, बदायूं**

## कार्यालय नगर पंचायत उसावां (बदायूं)

संख्याः- 224/न.प.उसां./2025-26 दिनांक: 28.03.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 राज्य सेक्टर सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत कुल-08 नाला निर्माण/विकास कार्यो हेतु प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु E-Tender Technical and Financial bid के माध्यम से दिनांक 30.03.2026 को समय 11 बजे से दिनांक 18.04.2026 तक सायं 5 बजे तक आमंत्रित की जाती है। E-Tender से प्राप्त निविदायें E-Tender Technical and Financial bid दिनांक 19.04.2026 से खोली जायेगी। E-Tender Technical and Financial bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की देखी जा सकती है।

**देवेन्द्र प्रताप गौतम**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसावां, बदायूं**

**प्रियंका सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसावां, बदायूं**

## डीआईजी पर जानलेवा हमला करने वाले 16 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : मुरादाबाद के मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र में छह जुलाई 2011 को बलवा, लूटपाट, आगजनी और डीआइजी पर जानलेवा हमले में शनिवार को अदालत ने 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर 55 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। मामले में 25 अपराधियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल गई थी। जबकि 33 लोग नामजद थे। 25 आरोपियों के खिलाफ अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट में में छह बाल अपचारी भी शामिल थे, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है।

चार जुलाई 2011 को मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ और अश्लील की गई थी। युवती ने पांच जुलाई को असालतनगर बघा के मुस्लिम के विरुद्ध मैनाठेर कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर छह जुलाई को सुबह सात बजे आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंची थी। इस दौरान पुलिस की गिरफ्त से मुस्लिम को छुड़ाने के लिए महिलाओं और ग्रामीणों ने पुलिस के साथ हाथापाई की थी। लेकिन, पुलिस टीम उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई थी। इस दौरान घर की महिलाओं और कुछ असामाजिक तत्वों ने धार्मिक ग्रंथ फेंकने की झूठी अफवाह उड़ाकर फैला दी। अफवाह फैलाने और धार्मिक उन्माद फैलाने में तत्कालीन ग्राम प्रधान कामिल का अहम रोल था।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।

पताः- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांकः-3529 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा-पत्रा0 / बाण्ड क्लर्क / 2025-26 दिनांकः-20.03.2026

-:: अल्पकालीन निविदा सूचना ::-

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः-

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | जनपद बरेली के जोन 01 थाना बारादरी में साइनेज बोर्ड का कार्य। | 3.079 | 6200.00 | 677.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | जनपद बरेली के जोन 02 थाना क्षेत्र कोतवाली कैण्ट सुभाषनगर में साइनेज बोर्ड का कार्य। | 9.073 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | जनपद बरेली के जोन 03 थाना क्षेत्र किला सी0बी0गंज में साइनेज बोर्ड का कार्य। | 1.904 | 3900.00 | 677.00 | 03 माह |
| 4 | बरेली | जनपद बरेली के जोन 04 इज्जतनगर थाना प्रेमनगर में साइनेज बोर्ड का कार्य। | 1.944 | 3900.00 | 677.00 | 03 माह |
| 5 | बरेली | विकास भवन परिसर में गौवंश संरक्षण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना कार्य। | 6.660 | 13400.00 | 766.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि रू दिनांकः- 13.04.2026 से 15.04.2026 तक पूर्वान्ह 11.00 वजे से अपरान्ह 4.00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय रू दिनांक 16.04.2026 को मध्याहन 1200 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद-बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः दिनांक 16.04.2026 अपरान्ह 12:30 बजे

अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

UP - 249017 **दिनांक**: 27/03/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।

पताः- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांकः-3498 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा-पत्रा0 / बाण्ड क्लर्क / 2025-26 दिनांकः-18.03.2026

-:: निविदा सूचना द्वितीय आमंत्रण ::-

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः-

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | विकास खण्ड बिथरीचैनपुर जनपद बरेली के सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय आदर्श नगर नकटिया में कक्ष निर्माण कार्य। | 7.350 | 14700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | जोगी नवादा में शिव मंदिर के पास सी0सी0 व नाली निर्माण। (सां0नि0-बरेली) | 3.650 | 7300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | गोसाई गौंटिया में बालाजी धर्म कांटे के सामने आश्रय स्थल के पास में कम्युनिटी सेंटर का निर्माण। (सां0नि0-बरेली) | 9.997 | 20000.00 | 766.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि रू दिनांकः- 07.04.2026 से 09.04.2026 तक पूर्वान्ह 11.00 वजे से अपरान्ह 4.00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय रू दिनांक 10.04.2026 को मध्याहन 1200 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद-बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः दिनांक 10.04.2026 अपरान्ह 12:30 बजे

अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

UP - 249018 **दिनांक**: 27/03/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

## पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आई.सी.आई.सी.आई.एच.एफ. एल. शाखा बरेली से मिराज खान पुत्र यूनुस खान मकान नं. 33 निकट नूरी मस्जिद डेलापीर बरेली एक किता मकान रकबई 106.18 वर्गमी जो खसरा नं. 491/2, 492/2, 493 में से वाकै नवादा जोगियान बरेली को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे हैं उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दि. 19.04.1994 को फो.प्र.पु. सं. 1 खण्ड 699 के पृष्ठ 311 से 334 पर नं. 1907 पर हुई है जो जियाउल नबी खां मुख्त्यारेआम सगीर अहमद द्वारा श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी श्री घनश्याम शर्मा के हक में है जिसके खोने की सूचना दिनांक 17.09.2022 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है।

यदि उक्त बैनामे के निष्पादन के सम्बन्ध में या किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 15 दिन के अन्दर मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है। उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज**
**एडवोकेट**
**चैम्बर नं. 11 बड़ा वकालतखाना**
**सिविल कोर्ट, बरेली**

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्रं०सं०:- 1, ई-प्रापण निविदा संख्या:-** उप मु०इं०-नि०-पुल-जीकेपी-05-2026 दिनांकः 29.04.2026, **कार्य का नामः-** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के सहजनवा-दोहरीघाट नई लाइन परियोजना के तहत, सहजनवा-मगहर- जगतबेला-बांसगांव नई लाइन पर, ब्रॉड गेज 60 केजी/52 केजी के लिए जी-3/एल टाइप के ग्लूड इंसुलेटेड जॉइंट्स का इन-सीटू में फैब्रिकेशन और असेंबली का काम इसमें ठेकेदार का सारा सामान, सामान की ढुलाई (आने-जाने का खर्च), ऑक्ट्रॉय वगैरह सब शामिल है। यह काम ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स के मैनुअल में दिए गए निर्देशों के अनुसार पूरी तरह से किया जाएगा।, **अनुमानित निविदा मुल्यः**-1,72,54,762.10, **बयाना राशि (रु०)**:- 2,36,300.00, **निविदा प्रपत्र का मुल्य (रु०)**:- -, **कार्य पुर्ण करने की अवधिः**- 24 (चौबीस) माह, • बिड प्रारम्भ करने की तिथि - दिनांक 15.04.2026, • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 29.04.2026 15.00 बजे तक, • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 29.04.2026 15.00 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेवसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इन्जी०/निर्माण/पुल**
**मुजाधि/डब्लू-528** **गोरखपुर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**



ख़ुसरो रैन सुहाग की,
जागी पी के संग
तन मेरो मन पीउ को,
दोउ भए एक रंग

अमीर ख़ुसरो कहते हैं, सौभाग्य की रात बहुत अच्छी रही। वह आनंद की अद्वैतमयी स्थिति ऐसी थी कि तन तो जीवात्मा का था और मन प्रियतम का था। इस सौभाग्यशाली रात में दोनों मिलकर एक हो गए।

# भारत की श्रुति में, बोली में और हर मंगलमुहूर्त में हैं राम

> हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'

'इतिहास' पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है, लेकिन 'श्रद्धा' असंभव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसती है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिंदू-श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4)। डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे।

महाभारत के संबंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, 'महाभारत इतिहास है, आख्यान है... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।' फिर आगे कहा, 'ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।' (भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश) यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है।

भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चंद्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे।

वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। 'रामायण' अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं, ईश्वर भी हैं, लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में राम कथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कंबन ने 11वीं सदी में ही रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरे लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद। लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चैपाई आनंद का सागर है।

'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, 'बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।' (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, 'अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुंदर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।' (वही) सबसे दिलचस्प बात यह है, 'बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज- 'चन्द्रमा' धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है।' फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, 'मांगे वारिधि देहि जल, रामचंद्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल मांगते ही बरस पड़ते हैं।'

रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परंपरा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकांड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परंपरा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, 'एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।' प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चैपाई ठेठ अवधी भाषा में है, 'व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।' (बालकांड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, 'निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार'- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, 'कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।' यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। 'राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं।'

मार्क्सवादी विद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिंदी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रंथ की भूमिका में लिखते हैं, 'सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।' (हिंदी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखंड रामायण है। अविभक्त है।

हिंदू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं 'पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन युगः रैपर से पीएम तक का सफर

नेपाल की राजनीति में हाल के समय में उभरी एक दिलचस्प और असामान्य कहानी है बालेन शाह का उदय। पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। काठमांडू के गौरीगाऊं में जन्मे बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं। नेपाल में प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता हासिल की। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में काम किया, खासकर भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।



निजाम जीलानी
लेखक

राजनीति में आने से पहले बालेन एक कवि, रैपर और स्ट्रक्चरल इंजीनियर थे। उनकी रचनाएं केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक असमानता, अन्याय और विकृतियों के खिलाफ एक सशक्त आवाज थे। उनके रैप गीतों में आक्रोश भी था, बदलाव की मांग भी और देश के प्रति गहरी चिंता भी। यही वजह रही कि उन्होंने बहुत कम समय में एक मजबूत जन समर्थन तैयार कर लिया। युवाओं के बीच लोकप्रिय होते हुए उन्होंने संगीत को सामाजिक चेतना जगाने का माध्यम बनाया।

बालेन शाह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 2022 के काठमांडू महानगरपालिका चुनाव में उतरने का निर्णय लिया। यह कदम अपने आप में जोखिम भरा था, क्योंकि नेपाल की राजनीति में बड़े दलों का प्रभाव अधिक था, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को अवसर में बदला। युवाओं व मध्यम वर्ग के मतदाताओं का व्यापक समर्थन उन्हें मिला, जिसने उनकी उम्मीदवारी को एक आंदोलन का रूप दे दिया और वह काठमांडू के मेयर के बने।

> पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं।

मेयर बनने के बाद बालेन शाह ने प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और शहरी विकास पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने काठमांडू में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की पहल की और डिजिटल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया। उनकी कार्यशैली ने यह संदेश दिया कि अगर इच्छा शक्ति हो तो सीमित संसाधनों में भी बदलाव संभव है। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उनकी यात्रा यहीं नहीं रुकी। परिस्थितियों ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति की ओर धकेला, जहां उन्होंने स्थापित नेताओं को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि पराजित भी किया और सत्ता के खिलाफ़ अपनी आवाज़ को और बुलंद किया।

युवाओं, मध्यम वर्ग और बदलाव की चाह रखने वाले मतदाताओं ने उन्हें खुलकर समर्थन दिया। उनकी उम्मीदवारी एक जन आंदोलन का रूप लेती गई और अंततः नेपाल झापा-5 से चुनाव जीतकर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जैसे दिग्गज नेता को हराया। पार्टी को बहुमत दिलाते हुए प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। यह जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं थी, बल्कि पारंपरिक राजनीति के प्रति जनता की नाराज़गी और नए विकल्प की तलाश का प्रतीक भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों का भविष्य

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कंधों पर टिका हुआ है, लेकिन फिर भी यही वर्ग सबसे अधिक उपेक्षित और असुरक्षित बना हुआ है। अस्थिरता, असमानता और काम के लिए रोज का संघर्ष इनके जीवन की वास्तविकता है। प्रतिदिन काम का न मिलना, मिल भी जाए तो कम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने उनके जीवन को लगातार संकट में डाल रखा है। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह उनके अस्तित्व, सम्मान और पारिवारिक संरचना को भी प्रभावित करती है। कोरोना महामारी के बाद से असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक हो गई है।

इसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं पुरुषों की तुलना में न केवल कम मजदूरी पाती हैं, बल्कि कई बार उनसे पुरुषों के बराबर काम लेकर भी कम भुगतान किया जाता है। इसके साथ ही उन्हें घर की जिम्मेदारियों का भी पूरा बोझ उठाना पड़ता है। यह दोहरी जिम्मेदारी उनके जीवन को और कठिन बना देती है। महिलाओं के श्रम को अक्सर 'सहायक' या 'पूरक' माना जाता है, जबकि वास्तव में वे परिवार की आर्थिक रीढ़ होती हैं, जबकि इस नजरिए को पूरी तरह से बदलने की आवश्यकता है, ताकि उनके योगदान को भी सही पहचान और सम्मान मिल सके।



संगीता कुमारी
एक्टिविस्ट

कई आंकड़े और रिपोर्ट बताते हैं कि अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड और बिहार से सबसे अधिक लोग मजदूरी के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। बिहार में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और मुजफ्फरपुर जिले में भी लाखों लोग इसी वर्ग में आते हैं। न्यूनतम मजदूरी की बात करें, तो सरकार द्वारा तय मजदूरी अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती है। वास्तविकता में मजदूरों को इससे काफी कम भुगतान किया जाता है, जो उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं है। उनसे न्यूनतम मजदूरी में अधिकतम काम कराया जाता है।

गरीबी और बेरोजगारी की यह स्थिति उन्हें अपने घर-परिवार से दूर जाने के लिए मजबूर करती है। बेहतर रोजगार की तलाश में वे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में पलायन करते हैं। यह पलायन केवल आर्थिक मजबूरी नहीं, बल्कि पारिवारिक संकट भी है। अपने परिवार, बच्चों और गांव को छोड़कर अनजान शहरों में रहना, असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना और कई बार शोषण का शिकार होना उनके जीवन का हिस्सा बन जाता है। पीछे छूटे परिवार, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, असुरक्षा और अभाव में जीवन जीते हैं।

केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक मजदूरों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे जीरामजी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना। इन योजनाओं का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार, पेंशन और अन्य सुविधाएं प्रदान करना है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ ज्यादातर असंगठित क्षेत्रों के इन मजदूरों तक नहीं पहुंच पाता है।


(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# पीएनजी के साथ हरित भविष्य की ओर

पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न संकट के बीच निकट भविष्य में ईंधन की किल्लत को लेकर लोग आशंकित हैं। हाल ही में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम एशिया संकट को गंभीर बताते हुए कोरोना जैसी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की अपील की। सच तो यह है कि सरकार हो या विपक्षी दल सभी एकमत से इस संभावित खतरे को स्वीकार रहे हैं। ऐसे में कोरोना काल का कड़वा अनुभव झेल चुके नागरिकों का जीवनयापन के वैकल्पिक संसाधनों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है।

> बढ़ती पर्यावरण संबंधी चुनौतियों और ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग के चलते, आने वाले वक्त में भारत में पीएनजी की लोकप्रियता बढ़ेगी। भारत में शहरीकरण और औद्योगीकरण के बढ़ते विस्तार के साथ, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

इससे पहले काफी दिनों से चल रहे एलपीजी गैस मिलने की समस्या से हम जूझ ही रहे हैं। हालात बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल को लेकर भी ऐसी समस्या संभावित है। ऐसे में वैकल्पिक उपायों पर चर्चा की जानी चाहिए। जैसा कि बीते दिनों राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर सरकार की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि सरकार ईंधन के किसी एक स्रोत पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रही है और घरेलू गैस सप्लाई में एलपीजी के साथ-साथ पीएनजी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास हर क्षेत्र में विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में है, क्योंकि मौजूदा समय में देश का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार विदेशी जहाजों पर निर्भर है, जो किसी वैश्विक संकट में चुनौती बन सकता है, फिलवक्त युद्ध के बीच हम देख रहे हैं। इन सभी के बीच अब हमारे मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि अगर एलपीजी का विकल्प पीएनजी बनती है तो यह गैस हमारे लिए क्या किफायती और उपयोगी साबित होगी?



अजय दयाल
हल्द्वानी

इस सवाल के साथ एक परंपरागत मूलमंत्र को याद कीजिए- आवश्यकता अविष्कार की जननी है, परंतु हम अगर पीएनजी की बात कर रहे हैं तो यहां मामला थोड़ा उल्टा है। अविष्कार हो चुका है, जिसे अब आवश्यकता बनाना है। वास्तव में परिवार, व्यवसाय और उद्योग सभी को पारंपरिक ईंधनों के विकल्प की तलाश है, जो न केवल उनकी आवश्यकताओं को पूरा करें, बल्कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण अनुकूल भी हों। इसी तलाश में, पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) एक प्रमुख विकल्प के रूप में सामने है, जो पूरे देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। पीएनजी को सुविधा, सामर्थ्य और पर्यावरणीय लाभों का एक आकर्षक पैकेज सरीखा मान सकते हैं, जो भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक विशेष विकल्प बनने भी लगी है।

पीएनजी को समझें तो यह जीवाष्म से उत्पन्न नेचुरल गैस का परिष्कृत रूप है, जिसे भूमिगत पाइपलाइनों के बिछाये जाल से सीधे घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाया जाता है। यह एक स्वच्छ रूप से जलने वाला जीवाश्म ईंधन है, जो मुख्य रूप से मीथेन और अन्य हाइड्रोकार्बन के मिश्रण से बना होता है। यह गैस अपेक्षाकृत स्वच्छ रूप से जलने वाला ईंधन है, जो कोयला या तेल जैसे अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में कम हानिकारक साबित होगी। यह कम कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कण पदार्थ उत्सर्जित करती है, जिसे पर्यावरण अनुकूल ही कहेंगे। खास बात यह है कि पीएनजी का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इनमें आवासीय परिवेश में खाना पकाना, हीटिंग करना और उपकरणों को बिजली देना, साथ ही औद्योगिक प्रक्रियाओं और वाणिज्यिक कार्यों के लिए ऊर्जा प्रदान करना शामिल हैं। पीएनजी एक स्वाभाविक रूप से सुरक्षित ईंधन है, क्योंकि यह हवा से हल्का होता है और रिसाव होने पर जल्दी से फैल जाता है, जिससे आग या विस्फोट का खतरा कम हो जाता है। जहां तक किफायत की बात है, तो यह गैस एलपीजी या बिजली जैसे अन्य पारंपरिक ईंधनों की तुलना में घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपयोगों के लिए एक किफायती विकल्प है। इसकी कीमत आमतौर पर अधिक स्थिर होती है और बाजार के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होती है, जिससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक लागत बचत होती है। इस सुविधा में सिलेंडरों को फिर से भरने या बदलने की झंझट खत्म हो जाती है, जिससे पीएनजी आधुनिक जीवन के लिए एक परेशानी मुक्त विकल्प बनता है।

# बाह्य आकर्षणों में डूबे व्यक्ति का मन सदैव रहता है अशांत

मूर्खता के मामले में कालिदास का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में किया गया है। दरअसल उज्जैन राज्य की राजकुमारी से विद्वता के मामले में पराजित कथित विद्वानों ने विद्योत्तमा का विवाह किसी मूर्ख व्यक्ति से कराने का निश्चय किया। जब उन सबने, जिस डाल पर बैठकर उसी डाल को काट रहे कालिदास को देखा तो उन सबको लगा कि इससे ज्यादा मूर्ख तो कोई हो ही नहीं सकता है, क्योंकि वो जो डाल काट रहा है, जब वह नीचे गिरेगी तो काटने वाला खुद भी गिर जाएगा। इतनी भी समझ उसे नहीं है। ठीक भी सोचा उन कथित विद्वानों ने, जो शास्त्रार्थ में विद्योत्तमा से पराजित हो गए थे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

अब सवाल उठता है कि क्या कालिदास ही मूर्ख थे? अगर देखा जाए तो हर वह व्यक्ति मूर्ख है जो काम, क्रोध, मद और लोभ के चक्कर में बुद्धि-विवेक की डाल को खुद ही काटता है। बुद्धि-विवेक से जब व्यक्ति रहित हो जाता है तब उसका हर कदम गलत उठता है। बाह्य आकर्षणों में डूब गए व्यक्ति का मन सदैव अशांत रहता है। इसी प्रकार क्रोध करने पर शरीर की तंत्रिका प्रणाली अव्यवस्थित होती है। शरीर का रसायन तंत्र बिगड़ता है।


हिंदी के विद्वान समालोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने क्रोध को पिशाच की संज्ञा देते हुए लिखा कि पिशाच ऐसा राक्षस है, जो सिर्फ ऋषियों का यज्ञ-विध्वंस नहीं करता, बल्कि खून पीता है। ऐसे पिशाचों में 'आतापि-वातापि' नामक दो भाइयों का जिक्र वाल्मीकि रामायण में किया गया है। इन दोनों भाइयों ने मिलकर अगस्त्य ऋषि को निगल लिया था, लेकिन अपने योगबल से वे आतापि का पेट फाड़कर बाहर निकल आए थे।

इस दृष्टांत का मतलब यही है कि स्वार्थ साधने के पीछे सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि अपना स्वास्थ्य खराब करना मूर्खता ही है। जो भी मनुष्य अपने मन से सत्य के विपरीत कदम उठाता है, वह मूर्ख ही है, क्योंकि एक ओर मन यदि कह रहा है कि स्वार्थ-सिद्धि का कदम गलत है, इसके बावजूद गलत कामों के प्रति चाहत रखने पर मन में द्वंद्व होता है। यानी मन में संघर्ष होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गंगा नदी का घड़ियाल से हैं सांस्कृति और आध्यात्मिक संबंध

गंगा नदी और घड़ियाल का संबंध सनातन संस्कृति में केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक भी है। गंगा को वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में पापहरिणी, मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी कहा गया है। गंगा का वाहन परंपरागत रूप से मकर माना गया है, जिसे अनेक विद्वान घड़ियाल के रूप में भी देखते हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि घड़ियाल केवल एक जलीय जीव नहीं, बल्कि गंगा की दिव्य शक्ति और जल तत्व की गहराई का प्रतीक है।



घड़ियाल का स्वभाव शांत और मनुष्य के प्रति अहिंसक होता है। वह मुख्यतः मछलियों का आहार करता है और नदी के जलीय जीवन को संतुलित रखता है। सनातन दृष्टि में प्रत्येक जीव का अस्तित्व सृष्टि-चक्र का अनिवार्य अंग है। घड़ियाल गंगा के निर्मल और गहरे प्रवाह का संकेतक माना जा सकता है, क्योंकि वह स्वच्छ जल में ही पनपता है। इस प्रकार उसकी उपस्थिति गंगा की पवित्रता और जीवन शक्ति का द्योतक है। धार्मिक आस्थाओं में गंगा स्नान आत्मशुद्धि का माध्यम है, तो प्राकृतिक दृष्टि से घड़ियाल नदी की जैविक शुद्धता का रक्षक है। अतः सनातन संस्कृति में गंगा और घड़ियाल का संबंध प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है, जो मानव को सृष्टि के प्रति कर्तव्य और संरक्षण का संदेश देता है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्यजीव विशेषज्ञ

गंगा की धारा भारतीय जीवन की अनवरत स्पंदनशीलता का प्रतीक है। यह नदी केवल जल का प्रवाह नहीं, बल्कि सभ्यता, कृषि, आस्था, अर्थव्यवस्था और जैव-विविधता की जीवनरेखा है। इसी धारा में एक ऐसा प्राचीन जलीय जीव भी निवास करता है, जो करोड़ों वर्षों की विकास यात्रा का साक्षी रहा है- घड़ियाल। लंबी और पतली थूथन, तीक्ष्ण दंत-पंक्तियां, जल में तीव्र गति से तैरने की क्षमता और विशिष्ट शारीरिक संरचना से युक्त यह जीव गंगा तंत्र का शीर्ष जलीय शिकारी है। बीते शताब्दी में जब यह प्रजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई थी, तब यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ था कि क्या गंगा अपने इस प्राचीन प्रहरी को सदा के लिए खो देगी। आज वर्ष 2026 में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा गंगा और उसकी ग्यारह सहायक नदियों में किए गए व्यापक सर्वेक्षण में 3037 घड़ियालों की उपस्थिति दर्ज होना उस आशंका का सशक्त प्रत्युत्तर है। यह उपलब्धि संघर्ष, संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टि और दीर्घकालीन नीतिगत प्रतिबद्धता की संयुक्त सफलता का परिणाम है। घड़ियाल, जिसका वैज्ञानिक नाम गवियलिस गैंगेटिकस है, भारतीय उपमहाद्वीप की विशिष्ट प्रजाति है। कभी यह गंगा, यमुना, घाघरा, गंडक, सोन, ब्रह्मपुत्र और सिंधु की धाराओं में व्यापक रूप से पाया जाता था। घड़ियाल का शारीरिक रूप अत्यंत विशिष्ट है। उनके शरीर का आकार लंबा और दुबला-पतला होता है। थूथन संकरा और लंबा होता है, जो मछली पकड़ने की उत्कृष्ट क्षमता प्रदान करता है। दंत पंक्तियां तीक्ष्ण और संगठित होती हैं, जिससे वे तैरते जल में ही अपने शिकार को पकड़ने में सक्षम रहते हैं। उनका शरीर भारी और चिकना होता है, जिससे जल में गति कम होते हुए भी सहजता से नियंत्रण संभव होता है। नर घड़ियाल की थूथन पर एक उभार होता है, जिसे वैज्ञानिक 'घड़ा' कहते हैं। यह उभार प्रजनन काल में ध्वनि उत्पन्न करने और मादा को आकर्षित करने में सहायक होता है।

घड़ियाल मुख्यतः मछली भक्षी होते हैं। एक वयस्क घड़ियाल प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो किलोग्राम मछली का सेवन करता है। यह संख्या नदी के सांख्यिकीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नदी तंत्र में यदि शीर्ष शिकारी अनुपस्थित हो जाएं, तो कुछ मछली समूह अत्यधिक वृद्धि कर सकते हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला असंतुलित हो जाती है और विशेष प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ता है। घड़ियाल इस असंतुलन को रोकते हैं और विभिन्न मछली प्रजातियों की संतुलित संख्या को सुनिश्चित करते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।


नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व अन्य।



नोएडा में नवनिर्मित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोस्टर पकड़े हुए और मोबाइल फोन की टॉर्च जलाते हुए।

# कनेक्टिविटी का रिकॉर्ड बनाएगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

## दिल्ली पर निर्भरता होगी कम, उत्तर भारत के यात्रियों के लिए बड़ी राहत, एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ा गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन हब के रूप में विकसित होने के साथ अब कनेक्टिविटी के मामले में भी नया रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ रहा है। सड़क, रेल, मेट्रो और हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जुड़कर यह एयरपोर्ट उत्तर भारत के यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा।

एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ा गया है, जबकि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के लिंक से दक्षिण हरियाणा और पश्चिमी भारत से तेज कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। आगे गंगा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भी पहुंच और मजबूत होगी।

### रेल और रैपिड रेल कनेक्टिविटी



रेल और रैपिड रेल कनेक्टिविटी को लेकर भी बड़ा काम हो रहा है। दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना का डीपीआर केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। साथ ही, चोला-रुंधी रेल लाइन से कनेक्टिविटी के लिए भी योजना तैयार की जा रही है। भविष्य की दिल्ली-वाराणसी हाई-स्पीड रेल लाइन में जेवर टर्मिनल पर स्टेशन का प्रावधान इस एयरपोर्ट को और खास बनाएगा।

### अंतरराज्यीय बस सेवाएं होंगी शुरू



यात्रियों के लिए कैब और कार रेंटल सेवाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे सफर और आसान बनेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटी) के साथ समझौता किया गया है। उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान से अंतरराज्यीय बस सेवाएं शुरू की जाएंगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश (यीडा) मिलकर 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाएंगे, जो एयरपोर्ट तक पर्यावरण अनुकूल अंतिम माइल कनेक्टिविटी देंगी।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर घटेगा दबाव

बेहतर कनेक्टिविटी के चलते अब इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए केवल दिल्ली पर निर्भरता नहीं रहेगी। उत्तर भारत के यात्रियों को जेवर से सीधी सुविधा मिलने से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर दबाव भी कम होगा। क्योंकि इससे पहले इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़ने के लिए लोगों को दिल्ली जाना पड़ता था। अब यह सुविधा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिलने के बाद कई राज्यों के लोगों की सहूलियत बढ़ जाएगी।




## सारस की उड़ान बनी एयरपोर्ट की पहचान

- राजकीय पक्षी से सजा प्रतीक चिन्ह, विकास के साथ विरासत का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी ब्रांड पहचान को खास बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस को अपने लोगो के रूप में अपनाया है। यह कदम राज्य की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में अहम माना जा रहा है।

एयरपोर्ट के लोगो में उड़ते हुए सारस को दर्शाया गया है, जो प्रगति, आत्मविश्वास और नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश का प्रतीक है। यह पहल योगी आदित्यनाथ के "विकास के साथ विरासत" विजन को भी दर्शाती है, जिसमें आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरण संतुलन पर जोर दिया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का यह नया प्रतीक न केवल इसकी ब्रांडिंग को मजबूत करेगा, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान भी दिलाएगा।

**डिजाइन में तकनीक और इको-फ्रेंडली सोच का मेल:** लोगो का डिजाइन पतली और एकीकृत रेखाओं से तैयार किया गया है, जो गति, तकनीक और बेहतर कनेक्टिविटी का संकेत देता है। वहीं नीले-हरे रंग का ग्रेडिएंट आधुनिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को दर्शाता है। जो योगी आदित्यनाथ की ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट नीति के अनुरूप है।

## आठ वर्षों में सपना साकार

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) आठ वर्षों के सतत प्रयास, समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन के बाद अब हकीकत बन चुका है। मार्च 2026 में एयरोड्रम लाइसेंस मिलने और फेज-1 के लोकार्पण के साथ यह एयरपोर्ट संचालन के लिए तैयार है, जो उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव वर्ष 2017 में पड़ी, जब साइट क्लीयरेंस और आवश्यक एनओसी प्राप्त हुईं। वर्ष 2018 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड का गठन हुआ और 2020 में ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी को कंसेशनायर चुना गया। अगस्त 2021 में फाइनेंशियल क्लोजर और मास्टर प्लान की मंजूरी के बाद अक्टूबर 2021 में 'अपॉइंटेड डेट (तिथिवार कार्ययोजना)' घोषित हुई, जिसके बाद मार्च 2022 से निर्माण कार्य शुरू हुआ और टाटा प्रोजेक्ट्स को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोकरमेंट एंड कन्स्ट्रक्शन) कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किया गया। जिसे तय समयसीमा 2022 से 2024 के बीच पूरा किया गया। अक्टूबर 2025 में कैलिब्रेशन फ्लाइट सफल रही और मार्च 2026 में एयरपोर्ट संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हो गया।

## प्रदेश के पर्यटन शहरों तक पहुंच हो जाएगी आसान

- जेवर से सीधे यूपी हार्टलैंड में प्रवेश कर सकेंगे विदेशी पर्यटक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने से उत्तर प्रदेश में पर्यटन, निवेश और व्यापार के नए अवसर खुलने जा रहे हैं। यमुना एक्सप्रेसवे किनारे स्थित यह एयरपोर्ट अब विदेशी पर्यटकों के लिए यूपी के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों तक सीधे पहुंच का नया विकल्प बनेगा। साथ ही उप्र. को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा।

अब तक विदेशी पर्यटकों को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन जेवर एयरपोर्ट के संचालन से आगरा, मथुरा-वृंदावन, फतेहपुर सीकरी, अयोध्या और वाराणसी जैसे प्रमुख स्थलों तक पहुंच आसान होगी। यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए आगरा और फतेहपुर सीकरी तक 1.5 से 2 घंटे तथा मथुरा-वृंदावन तक करीब 90 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। इन धार्मिक स्थलों पर बीते नौ वर्षों में विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यूपी, जिसे 'लैंडलॉक्ड' माना जाता है, अब हवाई मार्ग से दुनिया से जुड़कर विदेशी पर्यटन के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छू सकता है।

यह एयरपोर्ट न केवल धार्मिक पर्यटन, बल्कि इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा देगा। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्राकृतिक स्थलों तक भी पहुंच सुगम होगी। इसके साथ ही मेडिकल, बिजनेस और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को भी गति मिलेगी। होटल, रेस्टोरेंट, गाइड सेवा और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा।

## उद्योग, निर्यात और रोजगार का मेगा हब बनेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

- मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए 'गेमचेंजर' बताया

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/जेवर

**अमृत विचार :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास के नए युग की शुरुआत का संकेत दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए "गेमचेंजर" बताते हुए कहा कि यह परियोजना निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

एयरपोर्ट के निर्माण के साथ यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र तेजी से औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में उभर रहा है। यहां देश-विदेश की कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई है। आसपास मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, डेटा सेंटर, एमएसएमई पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल और टॉय पार्क जैसे बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखे जाने से इस क्षेत्र को हाईटेक इंडस्ट्री का भी बढ़ावा मिला है। जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के लिए निवेश, उद्योग, निर्यात और रोजगार का समग्र विकास मॉडल बनकर उभर रहा है, जो राज्य को आर्थिक रूप से नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का मल्टी-मोडल कार्गो हब उत्तर प्रदेश को वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ेगा। इससे प्रदेश के उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय पहुंच आसान होगी और निर्यात में तेजी आएगी।


**पहली उड़ान :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यूपी सरकार के राजकीय वायुयान ने जेवर रनवे से पहली उड़ान भरी। इस विशेष उड़ान में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा से लखनऊ तक का सफर तय किया।

## खेल प्रशिक्षकों की भर्ती को 10 तक मांगे आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. खेल विभाग ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए तैयारी शुरू कर दी है। चयनित प्रशिक्षकों को 1.5 लाख प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा के अनुसार, राज्य के 15 खेल छात्रावासों में योग्य प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। इन पदों के लिए वही खिलाड़ी पात्र होंगे, जिन्होंने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो। आवेदक का स्नातक होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन कार्य दिवसों में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित क्षेत्रीय खेल कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जेवर एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 स्थापित करेगा नये मानक

**अमृत विचार, लखनऊ /नोएडा :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 अत्याधुनिक तकनीक और इको-फ्रेंडली निर्माण के चलते देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट टर्मिनलों में शामिल होने जा रहा है। करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर में फैला यह टर्मिनल क्षमता, गति और यात्री सुविधाओं के मामले में नया मानक स्थापित करेगा। एयरपोर्ट का निर्माण एलसी 3 (लो-कार्बन) तकनीक से किया गया है, जिससे पारंपरिक सीमेंट की तुलना में पर्यावरण पर कम प्रभाव पड़ेगा। इसे ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रमुख उदाहरण माना जा रहा है। टर्मिनल में 48 चेक-इन काउंटर, 20 सेल्फ बैगेज ड्रॉप और 9 सिक्योरिटी चेक लेन की व्यवस्था होगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुगम सेवाएं मिलेंगी। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए फास्ट-ट्रैक सुविधा के साथ अलग इमिग्रेशन काउंटर भी बनाए गए हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग एयरोब्रिज और बोर्डिंग गेट की व्यवस्था संचालन को और सुचारु बनाएगी। एयरपोर्ट प्रति घंटे करीब 30 उड़ानों के संचालन और सालाना 2.5 लाख मीट्रिक टन कार्गो हैंडलिंग क्षमता के साथ तैयार है। यह टर्मिनल न केवल यात्री सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि जेवर एयरपोर्ट को देश के प्रमुख एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगा।

### जेवर एयरपोर्ट देगा 'भारत दर्शन' का अनुभव

**अमृत विचार,लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट केवल एक आधुनिक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक बनकर उभर रहा है। इसके वास्तु और इंटीरियर डिजाइन में उत्तर प्रदेश की विरासत को प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिससे यात्रियों को 'भारत दर्शन' जैसा अनुभव मिलेगा। एयरपोर्ट के डिजाइन में पारंपरिक हवेली शैली की झलक दिखाई देगी। मेहराब, आंगन और पारंपरिक स्थापत्य तत्व यात्रियों को प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ेंगे और आधुनिक ढांचे के बीच एक अलग पहचान बनाएंगे। टर्मिनल को गंगा घाट की थीम पर मल्टी-लेवल संरचना में विकसित किया जा रहा है, जिससे वाराणसी घाट और हरिद्वार घाट जैसा आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। सीढ़ीनुमा डिजाइन, खुले स्थान और विशेष प्रकाश व्यवस्था शांत और सुकून भरा माहौल तैयार करेंगे। एयरपोर्ट के सौंदर्यीकरण में देशभर के पारंपरिक हैंडीक्राफ्ट्स का उपयोग किया जा रहा है, जो भारतीय कला और कारीगरी को वैश्विक मंच देगा। आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक पहचान के इस अनूठे संगम से जेवर एयरपोर्ट देश के अन्य एयरपोर्ट्स से अलग और विशिष्ट पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

# अयोध्या में यज्ञशाला और गोशाला में लगी भीषण आग

- रामनगरी के राजघाट में हो रहा था श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के थाना कैंट अंतर्गत सरयू तट स्थित राजघाट इलाके में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराए जा रहे श्रीलक्ष्मी नारायन महायज्ञ के समापन के दिन शनिवार दोपहर यज्ञशाला में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि आग लगने से कुछ ही मिनट पहले करीब 4500 लोग आहुति देकर बाहर निकल गए थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आग बुझाने का प्रयास हो ही रहा था कि इतने में मुख्य पांडाल के पूर्वी ओर स्थित गोशाला में भी आग लग गई। दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

परिवहन मंत्री के नेतृत्व व बक्सर बिहार के श्रीजीयर स्वामी जी महाराज की मौजूदगी में रामनवमी पर्व पर इस महायज्ञ का आयोजन 20 मार्च को शुरू हुआ था। इसके लिए बने यज्ञशाला में बने 1251 कुंड में प्रतिदिन करीब पांच हजार श्रद्धालुओं द्वारा हवन-पूजन किया जा रहा था। समापन के अवसर पर शनिवार को करीब 4500 लोगों द्वारा हवन कुंड में पूर्णाहुति डाली गई। करीब 12 बजे यज्ञ समाप्त होने के बाद जैसे ही लोग बाहर निकले, इतने में एक कुंड में पड़ा नारियल अचानक फट गया व उसमें से निकली चिंगारी से घास-फूंस व बांस-बल्लियों के बने यज्ञशाला में आग लग गई।



खुला मैदान व तेज हवा के चलते लपटों ने कुछ ही मिनटों में भीषण रूप धारण कर लिया। करीब 10 मिनट में ही पूरी यज्ञशाला जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे दमकल के 10 छोटे-बड़े वाहन आग पर काबू करने का प्रयास कर ही रहे थे कि मुख्य पांडाल के पूर्वी छोर पर बनी गोशाला में भी अचानक आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह गोवंशों को बाहर निकाल उनकी जान बचाई। इस दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत कई विधायक व अन्य वीआईपी भी घटनास्थल के बगल बने मुख्य पांडाल में मौजूद थे। सूचना पर मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मौके पर पहले से ही एक-एक दमकल वाहन व एंबुलेंस तैनात थी। दमकल के अन्य वाहनों को बुलाकर आग बुझाया गया। आग लगने से पूर्व ही यज्ञ समाप्त हो चुका था।यज्ञशाला में कोई मौजूद नहीं था, इससे कोई जनहानि नहीं हुई। यहां लगी आग की चिंगारी से गोशाला के छप्पर में भी आग लग गई थी, आग तेज होने से पहले वहां से सभी गोवंशों को बाहर निकाल लिया गया था।

## बच्ची की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

**आगरा, एजेंसी:** जिले के बमरोली कटारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने आठ वर्षीय बच्ची की हत्या के आरोपी 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को शनिवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार, बच्ची की हत्या का आरोपी सुनील (29) फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

शहर क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त अली अब्बास ने बताया, कि सुनील की तलाश में सिटी जोन की 12 पुलिस टीम के अलावा अन्य पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया था। वह फिरोजाबाद भागने की फिराक में था। रास्ते में उसे रोकने की कोशिश की गई तो उसने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें एक गोली उपनिरीक्षक विश्वजीत को लगी और वह घायल हो गए।

# फसलों के नुकसान पर मिली आर्थिक सहायता

- बारिश से प्रभावित 9992 किसानों को मिली 4.47 करोड़ से अधिक की राहत
- ओलावृष्टि से प्रभावित 286 किसानों को दी 13.34 लाख रुपये की सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में हालिया ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को हुए नुकसान के बाद सरकार ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

असमय ओलावृष्टि से 21 जिलों में 244.23 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई, जिसमें 286 किसानों को 13.34 लाख रुपये से अधिक की राहत दी गई है। वहीं अतिवृष्टि से 17 जिलों में 4053.11 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा, जिसमें 9992 किसानों को 4.47 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई। सहारनपुर के पांच गांवों में 11 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज हुई है, जबकि ललितपुर की 3 तहसीलों में 1650.75 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ, जहां 3142 किसान प्रभावित हैं। राज्य सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शेष किसानों को भी शीघ्र राहत दी जाए, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति संभाल सकें और आगामी फसल की तैयारी कर सकें।

अमृत विचार
बरेली, रविवार ,29 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित: जुबिलेंट फूडवर्क्स

**नयी दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लि. ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उसके कुछ रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हुई है। डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स सहित फास्ट-फूड श्रृंखला संचालित करने वाली कंपनी ने कहा कि वह बिजली तथा पीएनजी जैसे वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रही है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**- तुलसी 2625, राज श्री 1990, फ़ॉर्चून कि. 2645, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13kg 2320, जय जवान 2170, सचिन 2290, सूरज 2170, अवसर 2100, उजाला 2170, गृहणी 13 kg 2145, क्लासिक (kg) 2485, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2565

**किराना**- निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 12000-13000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 900-1050

**चावल**- (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**- मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**- पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**- सोना पक्के आभूषण 150000, सोना गिन्नी जेवर 146000, चांदी पक्की 2310 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### फोर्टिस को 117 करोड़ का आयकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** फोर्टिस हेल्थकेयर लि. की इकाई फोर्टिस हॉस्पिटल्स लि. को आयकर विभाग से 117.04 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल्स लिमिटेड को 27 मार्च 2026 का आयकर आदेश प्राप्त हुआ है, जो आकलन वर्ष 2024-25 से संबंधित है। इसके तहत 117.04 करोड़ रुपये की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील समेत सभी विकल्पों पर विचार कर रही है।

# बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय

## बदलते हालात में सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना महत्वपूर्ण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




देश में निकट भविष्य का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। बाहरी झटके विशेष रूप से पश्चिम एशिया संकट, कच्चे माल की उच्च लागत और संभावित आपूर्ति बाधाएं वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और ठोस घरेलू मांग प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मार्च माह की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार वैश्विक घटनाओं ने भारत के लिए जटिल और बहुस्तरीय जोखिम पैदा कर दिए हैं। इसका कारण देश एक प्रमुख ऊर्जा आयातक होने के साथ-साथ पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ मजबूत व्यापार, निवेश और धन प्रेषण का जुड़ाव है।

इसमें कहा गया- हालांकि भारत के अपेक्षाकृत मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और निरंतर नीतिगत प्रयास मजबूती प्रदान करते हैं, लेकिन बदलती स्थिति के लिए गहन निगरानी और सुविचारित नीतिगत प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा विविधीकरण, कृषि क्षेत्र में तैयारी, मुद्रास्फीति की स्थिति, बाह्य क्षेत्र की मजबूती और नीतिगत उपायों के जरिये सरकार के हस्तक्षेप आर्थिक प्रणाली की क्षमता को मजबूत करता है ताकि वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को सहन किया जा सके।

इसके साथ ही, बदलती परिस्थितियों को देखते हुए सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन उपायों और मौजूदा आर्थिक सुरक्षा पहल के साथ कुछ सहारा मिलने के बावजूद, जोखिमों का संतुलन नकारात्मक दिशा में बना हुआ है। ऐसे हालात में, लगातार सतर्कता बनाए रखना और सक्रिय नीतिगत कदम उठाना आवश्यक होगा ताकि बदलती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम किया जा सके। हाल में तेल की कीमतों में उछाल मध्यम अवधि में महंगाई के लिए जोखिम पैदा करता है, क्योंकि ऊंची ऊर्जा लागत विशेष रूप से ईंधन-निर्भर क्षेत्रों में धीरे-धीरे घरेलू कीमतों में तेजी के रूप में बदलती है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ती रही, तो इससे विभिन्न क्षेत्रों में लागत बढ़ने के और प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके बावजूद, सरकार सतर्क है और घरेलू ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित महंगाई दबाव को कम करने के उपाय कर रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी वस्तु व्यापार संतुलन के लिए जोखिम पैदा करती हैं, जबकि बाहर से भेजा जाने वाला पैसा (धन प्रेषण) को लेकर दृष्टिकोण भी संवेदनशील बना हुआ है क्योंकि खाड़ी सहयोग परिषद की अर्थव्यवस्थाओं का वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल धन प्रेषण में लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा था। इसमें कहा गया कि तेजी से अनिश्चित होते वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती ठोस घरेलू बुनियाद पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक वृद्धि को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान देना जरूरी होगा, ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े, कार्यकुशलता बढ़े और निवेश को बढ़ावा मिले।

# बीआईयू और बीएफआई के बीच नवाचार इकोसिस्टम को लेकर साझा रोडमैप तय

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



बीएफआई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मौजूद बीआईयू कुलपति डॉ. लता अग्रवाल। साथ में डॉ. वरुण अग्रवाल एवं डॉ. अर्जुन अग्रवाल। ● अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल यूनीवर्सिटी (बीआईयू) में शनिवार को ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में हुई प्रगति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में बीएफआई की ओर से प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. श्वेता जिंदल और प्रोग्राम मैनेजर डॉ. सोनालिका सिंह शामिल रहीं। इस दौरान बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल और इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ क्लॉडियस लाजरुस भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अर्जुन अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद इन्क्यूबेशन टीम ने प्रस्तुति के माध्यम से विश्वविद्यालय में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। इसमें छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान छात्र नवाचार प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से परिसर में विकसित हो रही उद्यमिता और समस्या-समाधान की संस्कृति को दर्शाया गया। साथ ही विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों और फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता बढ़ाने और अंतर-विषयी सहयोग को मजबूत करने पर विचार रखे। बीएफआई प्रतिनिधियों ने बीआईयू के संरचित और गुणवत्ता-आधारित दृष्टिकोण की सराहना की। डॉ. श्वेता जिंदल ने विश्वविद्यालय को नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति बनाए रखने और इन्क्यूबेशन प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने की सलाह दी।

बैठक का समापन नवाचार इकोसिस्टम को और प्रभावी बनाने तथा विश्वविद्यालय को विकास के अगले चरण तक ले जाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# व्यापार में बदले की कार्रवाई के तहत शुल्क लगाने को उचित नहीं ठहराएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● **भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों को 'पारदर्शिता' के दुरुपयोग को लेकर चेताया**

भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के पारदर्शिता प्रावधान का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा कि 'पारदर्शिता'' को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें। डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है।

उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है।

# केंद्र सरकार का शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेज विस्तार पर जोर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी प्रणाली, शहरी नियोजन में गैस पाइपलाइन का एकीकरण और अंतिम-छोर तक कनेक्टिविटी में सुधार सहित प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया।

उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 50 लाख नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उल्लेख किया। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने देश में पीएनजी विस्तार को धीमा करने वाली प्रमुख बाधाओं को जिक्र किया, जिनमें नगरपालिका अनुमतियों में देरी, मार्ग अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमोदन और उच्च बहाली यानी मरम्मत शुल्क शामिल हैं।

राज्यों ने ऐसे शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने या माफ करने तथा समयबद्ध मंजूरी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बतायी। शहरी क्षेत्रों में मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से पीएनजी में चरणबद्ध परिवर्तन पर व्यापक सहमति है।

### पीएम ई-ड्राइव योजना में संशोधन, समय सीमा तय

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने ई-स्कूटर और ई-रिक्शा के लिए नई समय सीमा और अधिकतम वाहनों की संख्या तय करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पीएम ई-ड्राइव में संशोधन किया है। केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट) दिशानिर्देश संशोधित किए हैं। इसके अनुसार, 31 जुलाई, 2026 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 31 मार्च, 2028 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक तीनपहिया वाहन (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) योजना के तहत प्रोत्साहन पाने के पात्र होंगे। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने के लिए अधिकतम शोरूम कीमत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 1.5 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) के लिए 2.5 लाख रुपये तक सीमित है।

**सुरक्षा विशेषज्ञ की बात** — भारत की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था 'इंडिया स्टैक' अब दुनिया के लिए एक उदाहरण

# साइबर हमले अब डेटा ही नहीं, जीवन को भी खतरा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




● **करीब 24 देशों को भारत जैसी ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है डेलॉयट**

बढ़ते साइबर हमलों के बीच अब खतरा सिर्फ आंकड़ों की चोरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सीधे लोगों की जान के लिए भी जोखिम बन गया है। एक वरिष्ठ साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ ने यह बात कही। डेलॉयट के दक्षिणगण एशिया में भागीदार और साइबर मामलों के प्रमुख गौरव शुक्ला ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और संचालन प्रणालियों के आपस में जुड़ने से हमलों का दायरा बढ़ गया है। इससे विमानन, परिवहन और सार्वजनिक सेवाओं जैसे क्षेत्र ज्यादा खतरे में आ गए हैं।

उन्होंने कहा-पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल बदलाव तेजी से हुआ है, जिससे हमले की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। जितनी ज्यादा प्रणालियां जुड़ती हैं, उतने ही अधिक मौके हमलावरों को मिलते हैं।

शुक्ला ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर आप राजमार्ग पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कार चला रहे हों और अचानक उसका स्टीयरिंग आपके नियंत्रण में न रहे, तो आप अपने बैंक खाते की नहीं, बल्कि अपनी जान की चिंता करेंगे।

उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि अब साइबर सुरक्षा केवल डेटा की सुरक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सीधे मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ गई है। शुक्ला ने बताया कि अगर किसी चिकित्सा उपकरण में साइबर हमला कर मरीज के बारे में जानकारी बदल दिए जाएं, तो यह जानलेवा हो सकता है। वहीं, बिजली उत्पादन या आपूर्ति व्यवस्था पर हमला होने से पूरे देश में अंधेरा छा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की करीब आठ अरब आबादी के बीच 30 अरब से ज्यादा सेंसर वाले उपकरण मौजूद हैं, यानी हर व्यक्ति के आसपास औसतन तीन से अधिक ऐसे उपकरण होते हैं। भारत की डिजिटल प्रगति पर उन्होंने कहा कि देश की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था, जिसे आम तौर पर 'इंडिया स्टैक' कहा जाता है, अब दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुकी है। डेलॉयट करीब 24 देशों को ऐसी ही व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है।

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे-जैसे यह व्यवस्था पहचान और भुगतान से आगे बढ़कर शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंचेगी, वैसे-वैसे नए खतरे भी पैदा होंगे। जनवरी में भारत के लगभग 80 प्रतिशत डिजिटल भुगतान इसी व्यवस्था के माध्यम से हुए, इसलिए इसकी सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।




## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव — महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम: अमित शाह

## गृहमंत्री ने तृणमूल सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

**कोलकाता, एजेंसी**


चुनाव रैली में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख गलियारा' बन गया है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने हमेशा 'विक्टिम कार्ड' की राजनीति खेली है। कभी वह अपनी चोट की बात करती हैं, तो कभी निर्वाचन आयोग को भला-बुरा कहती हैं। जनता अब ममता दीदी की 'विक्टिम कार्ड' वाली राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।

निर्वाचन आयोग की एसआईआर कवायद का विरोध करने पर शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यक वोट बैंक को बचाने को ऐसी चीजें कर रही हैं।

शाह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अन्य राज्यों में भी हुआ है, लेकिन कहीं भी इसे इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनाया गया। बंगाल में इसे मुद्दा सिर्फ इसलिए बनाया गया है, क्योंकि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक को बचाना चाहती हैं। निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक निकायों का अपमान करना बंगाली संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह दावा करते हुए कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहाँ से घुसपैठ लगभग खत्म हो गई है।

शाह ने आरोप लगाया कि अब पश्चिम बंगाल आखिरी बचा हुआ रास्ता बनकर उभरा है, जिसके ज़रिए घुसपैठिए भारत में प्रवेश करते हैं और अलग-अलग राज्यों में फैल जाते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव न केवल बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीमाओं से होने वाला अवैध प्रवासन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गया है।

शाह ने अपने सबसे तीखे हमलों में से एक में कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा तृणमूल सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण खतरे में पड़ गई है। संकरी पट्टी वाला सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ममता बनर्जी सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन उपलब्ध नहीं कराई है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रानीगंज में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी। कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

### भाजपा उपद्रवियों की पार्टी : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उपद्रवियों की पार्टी करार दिया और उसपर राज्य में रामनवमी रैलियों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया। पार्टी के दो नंबर के नेता बनर्जी ने बीरभूम जिले के लाभपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोग पारंपरिक रूप से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाते आए हैं। कहा कि क्या आपने दुर्गा पूजा, काली पूजा, जगद्धात्रि पूजा, ईद, छठ पूजा, क्रिसमस या जैन समुदाय द्वारा निकाली जाने वाली यात्राओं के दौरान किसी उपद्रव या झड़प की कोई घटना सुनी है? तो फिर रामनवमी जैसे पवित्र अवसर का उपयोग वे (भाजपा) हिंसा और अराजकता पैदा करने के लिए क्यों कर रहे हैं? चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस वक्त तनाव फैल गया, जब रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। कई स्थानों से पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएँ रिपोर्ट हुईं। डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद ने बिना किसी घटना का उल्लेख किए आरोप लगाया कि भाजपा का मतलब उपद्रवी होना है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और इसके सहयोगी संगठन रामनवमी के जुलूसों में गुंडों को लाते हैं, जो तलवारें लहराते हैं और सार्वजनिक रूप से शराब पीते हैं। डायमंड हार्बर के सांसद ने लाभपुर रैली में कहा कि केवल रामनवमी के दौरान ही हिंसा की रिपोर्ट क्यों होती है?

### तमिलनाडु: द्रमुक ने 164 सीटों पर घोषित किये उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शनिवार को 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 164 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। पार्टी ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि को उनकी मौजूदा सीटों से फिर से नामांकित किया है। ज्यादातर मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को टिकट दिया गया है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि वह कोलाथुर से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। उदयनिधि भी इसी शहर के चेपॉक-ट्रिप्लिकेन से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

# असम: कांग्रेस में अपमानित कर अवांछित महसूस कराया गया: प्रद्युत बोरदोलोई

**गुवाहाटी, एजेंसी**

हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए असम से दो बार के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा है कि कांग्रेस में उन्हें उपेक्षित, अलग-थलग और अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया। पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस में रहे बोरदोलोई दिसपुर से भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बोरदोलोई ने एक साक्षात्कार में कहा कि एक के बाद एक कई ऐसी बातें हुईं, जिन्होंने उन्हें आहत किया और शायद इसकी शुरुआत 2022 में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में उन्हें अपमान का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया और पार्टी अध्यक्ष पद के लिए उनके द्वारा शशि थरूर की उम्मीदवारी का समर्थन किए जाने के बाद उन्हें किनारे कर दिया गया।

मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव जीतकर कांग्रेस अध्यक्ष बने। बोरदोलोई ने कहा कि उसके बाद मुझे लगा कि मेरे खिलाफ व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई हो रही है, हालांकि खरगे हमेशा उदार रहे और उन्होंने मुझे स्वीकार किया... सोनिया गांधी, जो मेरे लिए मां जैसी रही हैं, उन्होंने भी कभी मेरे साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में दूसरे पायदान के नेतृत्व ने उन्हें व्यवस्थित ढंग से किनारे कर दिया और यह बहुत साफ दिखाई देता था।

# केरल: कांग्रेस आलाकमान की सुधाकरन से भेंट, राहुल बोले- यूडीएफ एकजुट

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस आलाकमान ने केरल के कन्नूर से लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन की नाराजगी की खबरों के बीच शनिवार को उनसे मुलाकात की और कहा कि राज्य में पूरा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एकजुट है तथा इस विधानसभा चुनाव में 100 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुधाकरन से मुलाकात के दौरान सांसद का परिवार तथा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी और वेणुगोपाल जी के साथ सुधाकरन जी और उनके परिवार से मुलाकात की। के. सुधाकरन जी ने अपना पूरा जीवन केरल के लोगों के लिए लड़ते हुए बिताया है। वह हर तूफान, हर चुनौती, हर परीक्षा से गुजरे हैं। उनमें एक सच्चे कांग्रेसी सिपाही की ताकत और निष्ठा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डोनबास पर शर्त का जेलेंस्की का दावा झूठा

**पेरिस।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस दावे को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन किसी युद्धविराम योजना के तहत अमेरिकी सुरक्षा गारंटी के बदले यूक्रेन से उसके पूर्वी डोनबास क्षेत्र को रूस को सौंपने की मांग कर रहा है। फ्रांस में जी-7 की बैठक के बाद रुबियो ने जेलेंस्की की हालिया टिप्पणी का खंडन करते हुए कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन के साथ बातचीत में ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है। रुबियो ने कहा, यह झूठ है।

### मिसाइल के मलबे से पांच भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है।

### सीआरपीएफ जवान की शोपियां में मृत्यु

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल ज्ञान चंद शनिवार सुबह शोपियां स्थित जिला पुलिस लाइन्स (डीपीएल) शिविर में बेहोश पाए गए। उन्होंने बताया कि जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जवान की मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए बीएनएसएस के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### ओडिशा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**पुरी।** ओडिशा के मयूरभंज और पुरी जिलों में नॉरवेस्टर तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे मयूरभंज जिला मुख्यालय बारीपदा में तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ीं। उन्होंने कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# सेना को मिली देश में बनी लाइट मशीन गन प्रहार की पहली खेप

ग्वालियर, एजेंसी

● अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने ग्वालियर फैक्ट्री में किया निर्मित

देश की एक रक्षा कंपनी ने शनिवार को मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित 2,000 प्रहार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप भारतीय सेना को सौंप दी। प्रहार नामक यह एलएमजी 7.62 एमएम कैलिबर की है जिसे अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा ग्वालियर के बाहरी क्षेत्र स्थित इसके लघु अस्त्र परिसर में निर्मित किया गया है।

सेना को एलएमजी सौंपने के लिए शनिवार को संबंधित परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक (खरीद) ए. अंबरासु तथा अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष राजवंशी और निजी कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बाद में, अंबरासु ने सेना के लिए बनी एलएमजी की पहली खेप ले जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। झंडी दिखाए जाने के बाद राजवंशी ने कहा कि आज जिस यात्रा की शुरुआत हुई है, उसे पूरा करने में हमें छह साल लगे। हमने इसे तय समय से 11 महीने पहले ही सौंप दिया है। कहा कि ग्राहक ने हमें जो मूल समयसीमा दी थी, वह सात साल से ज्यादा की थी, लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूँ कि अगले तीन साल में पूरा ऑर्डर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## क्या होगा युद्ध का अंतिम परिणाम

अमेरिका और इजराइल ने जब 28 फरवरी 2026 को संयुक्त रूप से ईरान पर ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत मिसाइल हमले शुरू किए, तो दुनिया एक ऐसे संघर्ष की गवाह बनी जिसकी आशंका लंबे समय से जताई जा रही थी। वर्तमान में युद्ध अपने चरम पर है, दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। ईरान ने न केवल अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर पलटवार किया है, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता का दावा करते हुए वैश्विक तेल आपूर्ति को ठप करने की धमकी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे महाविनाशकारी करार देते हुए चेतावनी दी है कि यह युद्ध पूरी दुनिया को एक ऐसे अनियंत्रित भंवर में धकेल सकता है जिससे बाहर निकलना असंभव होगा। भारत की भी ऊर्जा सुरक्षा और लाखों प्रवासियों का भविष्य दांव पर लगा है।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष



### क्यों आन पड़ी युद्ध की जरूरत

● परमाणु कार्यक्रम और निरीक्षण : ईरान द्वारा अपने क्षतिग्रस्त परमाणु केंद्रों पर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को अनुमति देने से इनकार करना तनाव का मुख्य बिंदु बना।

● इजरायली दबाव : इजरायल ने दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब है। 28 फरवरी 2026 को सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की एक सैन्य अभियान में मौत ने आग में घी का काम किया।

● वार्ता की विफलता : अमेरिका ने 15-सूत्रीय युद्धविराम योजना पेश की थी, जिसे ईरान ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वह हर्जाने और संप्रभुता की गारंटी के बिना पीछे नहीं हटेगा।

● रणनीतिक महत्वाकांक्षा : ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि केवल सत्ता परिवर्तन के माध्यम से ही ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है।

### नाटो और यूरोपीय देशों की चुप्पी के पीछे का सच

● कानूनी बाध्यता का अभाव : नाटो का अनुच्छेद 5 केवल तभी लागू होता है जब किसी सदस्य देश पर हमला हो। चूंकि यह युद्ध अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किया गया है, इसलिए यूरोपीय देश इसे रक्षात्मक नहीं मानते। ● ऊर्जा संकट का डर : यूरोप अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों के तेल पर निर्भर है। उन्हें डर है कि युद्ध में शामिल होने से ईरान तेल सप्लाई काट देगा, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी।

● सार्वजनिक विरोध : जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन की जनता युद्ध के खिलाफ सड़कों पर है। नेता अपनी घरेलू राजनीति को खतरे में नहीं डालना चाहते।

● ट्रम्प की नीतियों पर अविश्वास : यूरोपीय सहयोगियों को लगता है कि ट्रम्प ने उन्हें विश्वास में लिए बिना यह हमला किया, इसलिए वे अब इसकी जिम्मेदारी साझा नहीं करना चाहते।

### भारत के परिप्रेक्ष्य में परिणाम

● ऊर्जा संकट : भारत अपनी जरूरत का 80% तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से तेल की कीमतें $150 प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। ● प्रवासियों की सुरक्षा : खाड़ी देशों में रहने वाले करीब 80 लाख भारतीय नागरिक सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। उन्हें वापस लाना भारत सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

● कूटनीतिक संतुलन : भारत का अमेरिका और ईरान दोनों के साथ रणनीतिक रिश्ता है। चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं का भविष्य अब अधर में लटक गया है। ● आर्थिक मंदी : बढ़ती महंगाई और शेयर बाजार की उथल-पुथल भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर सकती है।

# इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला

## एटमी ठिकानों को बनाया निशाना, ईरान ने सऊदी अरब पर दागीं छह बैलिस्टिक मिसाइलें, ड्रोन से किया हमला

● पश्चिम एशिया युद्ध में पहली बार यमन ने इजराइल की ओर दागीं मिसाइलें

दुबई, एजेंसी



इज़राइल के तेल अवीव में मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हुई एक इमारत से अपना सामान लेकर बाहर निकलते लोग।

इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान ने सऊदी अरब पर छह बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। वहीं यमन ने पहली बार इजराइल पर मिसाइलें दागीं।

सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी। इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

वहीं, यमन ने शनिवार तड़के इजराइल की ओर एक मिसाइल दागी और यह पहली बार है जब इजराइल पर यमन ने हमला किया है। इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी। इस बीच, ईरान और हिजबुल्ला ने शुक्रवार रात से शनिवार तक इजराइल पर हमले जारी रखे तथा बीर शेबा एवं इजराइल के मुख्य परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास के इलाके में रात के दौरान तीसरी बार सायरन बजे। यमन की राजधानी सना पर तेहरान समर्थित हूती विद्रोही समूह का 2014 से कब्जा है। समूह ने इजराइल के खिलाफ हमला किए जाने की तत्काल पुष्टि नहीं की। हूती विद्रोही इस युद्ध से अब तक दूर रहे हैं। दरअसल 2015 में यमन की निर्वासित सरकार की ओर से इस समूह के खिलाफ युद्ध करने वाले सऊदी अरब एवं विद्रोहियों के बीच वर्षों से एक असहज संघर्षविराम की स्थिति है। इस बीच, इजराइल ने ईरान के खिलाफ हमले तेज करने और उनका दायरा बढ़ाने की धमकी देने के कुछ घंटे बाद उसके परमाणु केंद्रों पर हमला किया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया और सऊदी अरब में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया। ईरान ने कहा कि अपने आधारभूत ढांचे पर हमले का कड़ा जवाव देगा।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले का देंगे कड़ा जवाब : ईरान

### ईरानी हमले में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल

**दुबई।** सऊदी अरब के एक हवाई अड्डे पर पिछले सप्ताह ईरानी हमलों में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए हैं। इस बारे में जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने यह खुलासा किया है। दोनों व्यक्तियों ने यह जानकारी अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी क्योंकि वे टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं थे। ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर छह बैलिस्टिक मिसाइल और 29 ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 15 सैनिक घायल हो गए, जिनमें से पांच गंभीर रूप से घायल हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शुरू में बताया था कि कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्तियों के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में भी इस अड्डे पर दो बार हमले हुए थे, जिनमें से एक घटना में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे।

### सऊदी, मिस्र और तुर्किये के विदेशमंत्री जाएंगे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ जारी युद्ध की वजह से पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान ने सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों का आमंत्रित किया है। विदेश विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के निमंत्रण पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी रविवार और सोमवार को इस्लामाबाद का दौरा करेंगे। बयान के मुताबिक इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयासों सहित कई मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। विदेश कार्यालय ने बताया कि तीनों देशों के विदेशमंत्री अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। बयान के मुताबिक पाकिस्तान सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र जैसे मित्र देशों के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, और यह यात्रा इन देशों के साथ पाकिस्तान के सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब के युवराज से की चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर चर्चा की और इस दौरान जहाजरानी परिवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। सऊदी अरब के युवराज के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों की भारत की ओर से फिर से निंदा की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री, महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और जहाजरानी मार्गों को खुला और सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए।

## मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में दर्ज होगी तो मुझे अच्छा लगेगा : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल भारत एवं पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का एक बार फिर दावा करते हुए कहा है कि वह चाहेंगे कि उनकी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने। ट्रंप ने मियामी में सऊदी समर्थित 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) प्रायोरिटी समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता करने की एक शर्त होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेल आपूर्ति के लिए समुद्र में पहुंच बहाल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हम अभी बातचीत कर रहे हैं और अगर हम कुछ कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा लेकिन उन्हें इसे खोलना होगा।

● अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का फिर किया दावा

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने आर्मेनिया और अजरबैजान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा, कंबोडिया और थाईलैंड, मिस्र और इथियोपिया, सर्बिया और कोसोवो तथा इजराइल और हमास के बीच युद्ध समेत आठ युद्ध रुकवाने में मदद की। ट्रंप ने कहा कि मैं चाहूंगा कि मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने क्योंकि मैं सचमुच मानता हूं कि मैं शांतिदूत हूं। अभी ऐसा नहीं लगता लेकिन मेरा मानना है कि मैं शांति स्थापित करने वाला हूं। उन्होंने कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाया। वे एक हफ्ते से लड़ रहे थे।

# ओडिशा में बस पलटने से पांच की मौत, 30 घायल

भुवनेश्वर, एजेंसी



● नयागढ़ जिले में पर्यटक बस हुई हादसे का शिकार, बस पर सवार थे कुल 55 यात्री

ओडिशा के नयागढ़ जिले में शुक्रवार देर रात एक पर्यटक बस के पलटने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना कल देर रात करीब दो बजे हुई, जब 55 यात्रियों को ले जा रही बस दासपल्ला के हनुमान घाटी रोड पर पलट गई।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना का कारण वाहन की गति तेज होने का संदेह है। पुलिस ने बताया कि बस हनुमान घाटी रोड पर मोड़ लेते समय पलट गई। मृतकों की पहचान हरि पात्रा, उनकी पत्नी लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, उनकी बेटी सुमति और चालक प्रबीन कुमार साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी ब्रह्मपुर के निवासी थे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है।

### जेसीबी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शकूरपुर इलाके में शनिवार सुबह 27 वर्षीय एक व्यक्ति की जेसीबी मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शकूरपुर में एक कब्रिस्तान के पास सुबह करीब 10 बजे हुई, जिसमें शकूरपुर निवासी मोहम्मद हुसैन की मौत हो गई। जेसीबी चालक आशीष (23) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले का रहने वाला है। स्थानीय लोगों ने उसे मौके पर पकड़ लिया।

## जयशंकर ने वैश्विक मुद्दों पर की फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बात

पेरिस, एजेंसी



● जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस पहुंचे हैं विदेश मंत्री

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने यहां जी7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर तात्कालिक वैश्विक मुद्दों पर वार्ता की। कहा कि वह चर्चा तथा उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देते हैं।

जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बीती रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मैक्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि चर्चा और उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देता हूं। वह बृहस्पतिवार को फ्रांस के अब्बे डे वॉक्स-डे-सर्ने में, साझेदार देशों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। हालांकि, भारत जी7 का सदस्य नहीं है, फिर भी इस शक्तिशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे एक भागीदार देश के तौर पर आमंत्रित किया है। बृहस्पतिवार को फ्रांस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने ग्लोबल साउथ के देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को उठाया, और वैश्विक शासन सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं की पृष्ठभूमि में व्यापार गलियारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर भी बात की।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। मन में कई सारे विचार आने के कारण अस्थिरता का भाव रहेगा।

**वृष** — आज नई जिम्मेदारियां आयेंगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर काम करने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — आज परिजनों के रूखे व्यवहार से मन दुखी हो सकता है। दांतों के रोग परेशान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**कर्क** — आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। आय के नवीन साधन विकसित होंगे। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज जीवनसाथी को अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए। बजट का ध्यान रखते हुये ही काम करें। आपको अस्पताल भी जाना पड़ सकता है।

**कन्या** — आज इंजीनियरिंग के छात्रों की जॉब मिल सकती है। लेखन कार्य से जुड़े लोगों की रचनात्मकता में वृद्धि होगी।

**तुला** — आज रुके हुए अधिकतम कार्य गति में आ जायेंगे। अपने काम पर ध्यान केन्द्रित रखें। मित्रों की सहायता से पीछे न हटें।

**वृश्चिक** — आज आपका स्वभाव लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। व्यापार में बड़ा रिस्क लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध कमजोर हो सकते हैं।


**मकर** — आज घर में महत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में आप बड़ी उपलब्धि अर्जित कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। जटिल समस्याओं का व्यवहारिक समाधान ढूंढ लेंगे। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में सभी काम बिना किसी रुकावट के पूर्ण होंगे। नए कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 07.46 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्लेषा 14.38 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

### सुडोकू -103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |

## भारत के साथ रिश्तों को नई गति देगा नेपाल

● पीएम बालेंद्र शाह बोले-भारत संग घनिष्ठता से काम करने को उत्सुक

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने भारत के साथ रिश्तों को नई गति देने की इच्छा जाहिर करते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत संग घनिष्ठता के साथ काम करने को उत्सुक हैं।

शपथ ग्रहण के बाद शुभकामनाएं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को बधाई देते हुए कहा था कि वह नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मिलकर भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करने के उत्सुक हैं। मोदी के संदेश के जवाब में नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारे दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने और हमारी जनता की साझा समृद्धि के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। क्षेत्रीय रणनीतिक दृष्टि से नेपाल, भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण देश माना जाता है, और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को इस परिप्रेक्ष्य में खास अहमियत दी जाती है।

## आईआईटी खरगपुर शुरू करेगा एमडी कोर्स, मांगी मंजूरी

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खरगपुर ने स्नातकोत्तर डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के पास आवेदन किया है। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने शनिवार को कहा कि यदि प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी मिल जाती है तो यह पहला आईआईटी होगा जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू करेगा। चक्रवर्ती ने कहा कि आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है और हमने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब संबंधित मंत्रालय के जवाब का इंतजार है।

प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रम 20 सीटों के साथ शुरू किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन अंतिम निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास है क्योंकि यह एक अंतर-मंत्रालयी निर्णय है। उन्होंने कहा, हमने एमडी कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पहले ही 20 चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। चक्रवर्ती ने कोई निश्चित समय-सीमा बताने से इनकार किया।

रिपोर्ट

साल 1990 से 2023 की अवधि के लिए किए गए वैश्विक विश्लेषण में दावा

# देश में मातृ मृत्यु दर में लगभग 80 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

### मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की प्रगति को मिली वैश्विक मान्यता

सूत्र ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी प्रगति को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है और संयुक्त राष्ट्र मातृ मृत्यु अनुमान अंतर-एजेंसी समूह (यूएन-एमएमईआईजी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 1990 के बाद से एमएमआर में 86 प्रतिशत की कमी हासिल की है, जो वैश्विक औसत 48 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह उपलब्धि 2030 तक एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्यों के मानक को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, 2023 में पूरी दुनिया में कुल 2.4 लाख मातृ मृत्यु हुई, जिसका मतलब है कि हर एक लाख जीवित जन्मों पर 190.5 माताओं की मौत हुई। यह 1990 में प्रति एक लाख जन्मों पर 321 मातृ मृत्यु से एक तिहाई से ज्यादा कम है।

भारत में मातृ मृत्यु दर 1990 के मुकाबले 2023 में लगभग 80 प्रतिशत कम हो गई। इस दौरान यह दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 508 से घटकर 116 हो गई। एक नई रिपोर्ट में यह बात आई है।

द लांसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी एंड वीमेन्स हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नई वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2023 में कुल 24,700 मातृ मृत्यु के मामले दर्ज किए गए, जिससे मातृ मृत्यु अनुपात प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 116 रहा। अनुमानों के अनुसार, इसी वर्ष पाकिस्तान में कुल 10,300 मातृ मृत्यु के मामले सामने आए, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में क्रमशः 11,900 और 32,900 मातृ मृत्यु दर्ज की गईं। वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्युएशन (आईएचएमई) के शोधकर्ताओं और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु में कमी आई है, लेकिन हाल के वर्षों में प्रगति की रफ्तार धीमी पड़ी है और यह विभिन्न देशों में असमान बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) अध्ययन 2023 तक 204 देशों और क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे अद्यतन वैश्विक आकलन प्रस्तुत करता है। नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली 2021-23 के अनुसार, देश में मातृ मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 88 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि यह आंकड़ा सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में हुई प्रगति को दर्शाता है।



> मैं दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मैं लगातार टीम के संपर्क में हूं और उन्हें अपनी स्थिति के बारे में बता रहा हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करता रहूंगा।
> –मिचेल स्टार्क


# स्टेडियम

बरेली, रविवार, 29 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


IPL 2026

## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट

## स्टार्क ने आलोचकों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 में अपने देरी से पहुंचने को लेकर चल रही बातों पर आलोचकों पर निशाना साधा और स्पष्ट किया कि सत्र की शुरुआत में उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स के प्रति प्रतिबद्धता की कमी वजह से नहीं बल्कि चोट प्रबंधन के कारण है। बायें हाथ का यह तेज गेंदबाज अभी तक भारत नहीं पहुंचा है। इससे वह दिल्ली कैपिटल्स के शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। इससे विदेशी खिलाड़ियों की अपनी फ्रेंचाइजी के लिये प्रतिबद्धता को लेकर बहस छिड़ गई है। इस बढ़ती आलोचना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्टार्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, भारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा अपने-अपने मंचों के जरिए दी गई राय और विचारों के बावजूद, बताना चाहता हूं कि मैं फिलहाल अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और प्रबंधन की प्रक्रिया में हूं जिसकी गंभीरता का मुझे गर्मियों के सत्र के दौरान अंदाजा नहीं था।

## निकिता ने छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्ण पदक जीता

**रायपुर।** भारोत्तोलक निकिता ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' (केआईटीजी) 2026 में मेजबान छत्तीसगढ़ का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने शनिवार को यहां चौथे दिन तैराकी में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए। निकिता ने महिलाओं की 77 किग्रा स्पर्धा में अपना दबदबा बनाते हुए दिन की आखिरी स्पर्धा में आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं ओडिशा ने रितिका मिंज (100 मीटर फ्रीस्टाइल), अंजली मुंडा (50 मीटर बैकस्ट्रोक) और चार गुणा 100 मेडले रिले टीम के स्वर्ण पदक जीते। अंजली ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें से चार उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हासिल किए। तालिका में कर्नाटक 15 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ओडिशा सात स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। मेजबान छत्तीसगढ़ आठ पदक के साथ सातवें स्थान पर है।

## जर्मनी ने स्विस टीम को हराया

**लंदन।** फ्लोरियन विट्र्ज़ ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्ज़रलैंड को 4-3 से हराया जबकि मिकेल ओयार्ज़ाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया लेकिन फिर स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल का व्हाइट का चयन करना चौंकाने वाला था, क्योंकि चार साल पहले वह विश्व कप के बीच में ही अपने साथियों को छोड़कर चले गए थे। जब मैच में 21 मिनट बचे हुए थे तब आर्सेनल के डिफेंडर फिकायो टोमोरी की जगह उन्हें मैदान पर उतारा गया।

# विराट की पारी से आरसीबी ने जीत से की शुरुआत

### आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया



**बेंगलुरु, एजेंसी**

देवदत्त पडिक्कल के 26 गेंद में 61 रन और विराट कोहली के नाबाद अर्धशतक की मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2026 सत्र की शुरूआत शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर छह विकेट से जीत के साथ की। पडिक्कल और कोहली (38 गेंद में नाबाद 69) के बीच दूसरे विकेट के लिये सिर्फ 45 गेंद में 101 रन की साझेदारी की मदद से आरसीबी ने जीत के लिये 202 रन के लक्ष्य के जवाब में 15.4 ओवर में चार विकेट पर 203 रन बनाये। फिल साल्ट के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और पडिक्कल ने शानदार बल्लेबाजी से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पडिक्कल ने तेज गेंदबाज डेविड पेन के एक ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया जबकि स्पिनर हर्ष दुबे को लगातार चौका छक्का जड़ा। उन्होंने हर्षल पटेल को चौका लगाकर सिर्फ 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर कोहली ने तेज गेंदबाजों जयदेव उनादकट और ऐशान मलिंगा को नसीहत दी। पावरप्ले में आरसीबी ने 76 रन बना लिये थे और सौ रन 8.1 ओवर में बन गए। पडिक्कल को हेनरिच क्लासेन ने पवेलियन भेजा जिन्होंने हर्षल की गेंद पर पहले लांग आन में कोहली का कैच टपकाया था जब वह 28 रन पर थे। कोहली ने 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वहीं आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने 12 गेंद में 31 रन बनाये। कोहली ने आखिर में 16वें ओवर में हर्षल की चार गेंदों पर छक्का और तीन चौके लगाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन के 38 गेंद में 80 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने नौ विकेट पर 201 रन बनाये। ईशान ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिये हेनरिच क्लासेन (31) के साथ 97 रन की साझेदारी की। आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर करीब दस महीने बाद क्रिकेट की वापसी हुई है। पिछले साल आरसीबी के पहली बार खिताब जीतने के बाद जश्न में मची भगदड़ के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत होने से इस मैदान पर क्रिकेट नहीं हो रहा था। आरसीबी के लिये जैकब डफी ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने अपने कद का पूरा इस्तेमाल करते हुए बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अभिषेक शर्मा (सात) खुलकर खेल नहीं सके हालांकि उन्होंने डफी को बैकवर्ड प्वाइंट पर छक्का लगाया था। शॉर्ट गेंद के सामने हमेशा असहज होने वाले अभिषेक ने डफी की गेंद पर विकेट के पीछे जितेश शर्मा को कैच थमाया। इससे पहले शुरूआती ओवर में ही अभिषेक को डफी की ही गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने की अपील पर आरसीबी ने एक डीआरएस रिव्यू गंवा दिया था।



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जैकब डफी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**201/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का साल्ट बो डफी | 11 |
| अभिषेक शर्मा का शर्मा बो डफी | 07 |
| ईशान का साल्ट बो अभिनंदन | 80 |
| नीतिश रेड्डी का अभिनंदन बो डफी | 01 |
| क्लासेन का साल्ट बो शेफर्ड | 31 |
| सलिल का पडिक्कल बो सुयश | 09 |
| अनिकेत का कोहली बो शेफर्ड | 43 |
| हर्ष दुबे का पडिक्कल बो शेफर्ड | 03 |
| हर्षल का पडिक्कल बो कुमार | 00 |
| डेविड पेन नाबाद | 06 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी :** डफी 4-0-22-3, भुवनेश्वर 4-0-31-1, अभिनंदन 3-0-38-1, शेफर्ड 4-0-54-3, सुयश 3-0-28-1, कृणाल 2-0-26-0

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**203/4** (15.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का क्लासेन बो उनादकट | 08 |
| विराट कोहली नाबाद | 69 |
| पडिक्कल का क्लासेन बो दुबे | 61 |
| रजत पाटीदार का दुबे बो पेन | 31 |
| जितेश शर्मा का उनादकट बो पेन | 00 |
| टिम डेविड नाबाद | 16 |

**गेंदबाजी :** रेड्डी 2-0-19-0, उनादकट 3-0-29-1, पेन 3-0-35-2, दुबे 3-0-35-1, मलिंगा 2-0-35-0, पटेल 2.4-0-39-0

**80** रनों की तूफानी पारी ईशान किशन ने 38 गेंदों में खेली जिसमें आठ चौके और पांच छक्के शामिल हैं



मैच से पहले 2025 में हुई भगदड़ के मृतकों को श्रद्धांजलि देते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी व सदस्य। एजेंसी

## मैच से पहले खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले मैच से पहले खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर उन 11 प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी जिनकी पिछले साल हुई भगदड़ में जान चली गई थी। पिछले साल जून में आरसीबी के पहले आईपीएल खिताब की जीत के जश्न के दौरान शहर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में यह अप्रिय घटना हुई थी। जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी और गेट पर बहुत ज्यादा भीड़ हो गई जिससे भगदड़ मच गई जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हुए और 11 लोगों की मौत हो गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 का उद्घाटन समारोह को पहले ही रद्द कर दिया था। श्रद्धांजलि के तौर पर स्टेडियम की 11 सीटों को हमेशा के लिए खाली रखने का फैसला किया गया है। ये सीटें इस



स्टेडियम में होने वाले भविष्य के सभी आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान हमेशा खाली रहेंगी। पहले मैच के दिन राज्य के गृह मंत्री और केएससीए के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने स्टेडियम के अंदरूनी प्रवेश द्वार के पास एक स्मारक पट्टिका का अनावरण किया। मैच से पहले वार्म-अप के दौरान आरसीबी के सभी खिलाड़ियों ने 11 नंबर वाली जर्सी पहनी थी। इस दुखद घटना के बाद भीड़ प्रबंधन के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए लगभग सात करोड़ रुपये का निवेश किया गया।

## सुझाव लेने के प्रति पंत की खुली सोच से बनता है सकारात्मक माहौल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है। वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं।

# जीत के साथ आगाज करने उतरेगा मुंबई

**मुंबई, एजेंसी**

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है।

मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था।

इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती को निभानी पड़ेगी जो टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। केकेआर की टीम में सीएसके के दो पूर्व खिलाड़ी रचिन रविंद्र और मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। टिम सीफर्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एकमात्र शुरुआती विकल्प हैं, जबकि उनके पास कैमरन ग्रीन और सुनील नारायण के रूप में दो बेहतरीन ऑलराउंडर भी मौजूद हैं।



वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा, क्विंटन डी कॉक (बाएं) और अन्य खिलाड़ी। एजेंसी

- कमजोर दिख रही केकेआर के खिलाफ मुकाबला आज

### टीम

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इजहार, रघु शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, मथीशा पथिराना, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती।

## चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो



जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी।

**मियामी ओपन** | तीन वर्षों में टूर्नामेंट का अपना दूसरा खिताब जीतने के लिए आज करेंगे मुकाबला, पिछले साल नहीं कर पाए थे प्रतिभाग

# सिनर दूसरी बार फाइनल में, अब मुकाबला लेहेका से

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी**

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एक साल पहले मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब इटली का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने और 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' जीतने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के करीब है।

सिनर ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव पर 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल करके मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने कहा यहां आकर अच्छा टेनिस खेलना मेरा मुख्य लक्ष्य था। मेरे लिए दोबारा फाइनल में पहुंचना बहुत मायने रखता है। यह शानदार सफर रहा है और मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने ज्वेरेव को लगातार सात बार हराया है और एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 32 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।

हार्डकोर्ट पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सिनर ने 15 मार्च को इंडियन वेल्स में दानिल मेदवेदेव को हराकर सनशाइन डबल का पहला चरण जीता था। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला 21वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा और वह इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे। सिनर ने 2024 से मियामी में लगातार 11 मैच जीते हैं। सिनर का लेहेका के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 3-0 का है, उन्होंने आखिरी बार 2025 में फ्रेंच ओपन में उन्हें हराया था।

लेहेका ने सेमीफाइनल में 28वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। लेहेका के चेक गणराज्य के साथी जैकब मेनसिक ने पिछले साल मियामी ओपन जीता था।



## नोवाक जोकोविच ने मोंटेकार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**मोनाको।** नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे। जोकोविच के कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, पर दो सप्ताह पहले बीएनपी पारिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।